### हम नहीं चाहते एआई न्यायिक प्रक्रिया पर हावी हो: सीजेआई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि जज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग का इस्तेमाल बहुत सावधानी से करते हैं। शीर्ष अदालत ने उन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया, जिसमें अदालतों में एआई और मशीन लर्निंग के अनियमित इस्तेमाल के आरोप लगाए गए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने न्यायपालिका में एआई और मशीन लर्निंग के अनियमित इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए टिप्पणी की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वह न्यायपालिका में एआई और मशीन लर्निंग के दुष्प्रभावों से अवगत हैं, लेकिन इन मुद्दों का समाधान न्यायिक निर्देशों के बजाय प्रशासनिक स्तर पर अधिक उपयुक्त रूप से किया जा सकता है।

### रेलवे ट्रैक पर किसानों की पुलिस से झड़प

**पंजाब।** पंजाब में किसानों ने अपनी मांगों को लेकर कई जिलों में रेलवे ट्रैक जाम किए। अमृतसर, जालंधर, फिरोजपुर और लुधियाना समेत कई जगह किसानों ने ट्रैक पर बैठकर धरना दिया। फिरोजपुर में ट्रैक पर बैठे किसानों की पुलिस से हल्की झड़प भी हुई। जालंधर में पुलिस ने कई किसानों को डिटेन किया, जबकि लुधियाना में भारी पुलिस तैनाती के चलते ट्रैक बाधित नहीं होने दिया गया। अमृतसर के देवीदास पुरी में किसान बड़ी संख्या में जुटे और ट्रैक जाम कर दिया।

### दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला आजम को 7 साल की सजा

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के खिलाफ दो पासपोर्ट मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया। 332 पेज के फैसले में एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) के न्यायाधीश शोभित बंसल ने अब्दुल्ला को दोषी मानते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई और 50 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला है। इस दौरान अब्दुल्ला आजम जिला कारागार से वीडियो कांफ्रेंस के जरिए न्यायालय में पेश हुए। इससे पहले दो जन्म प्रमाण पत्र और दो पैन कार्ड मामले में भी अब्दुल्ला को सात साल की सजा हो चुकी है। वर्तमान में वह दो पैन कार्ड मामले में हुई सजा में रामपुर जेल में बंद हैं। अब्दुल्ला पर भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने सिविल लाइंस कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्मतिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप है।


### भारत-चीन बॉर्डर से अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा गिरफ्तार

**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय बाघ तस्कर यांगचेन लाचुंगपा को 2 दिसंबर को भारत-चीन की अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गिरफ्तार किया है। सिक्किम प्रांत के लाचांग, मंगन, जिला उत्तर सिक्किम से गिरफ्तार लाचुंगपा की दस साल से तलाश थी। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो, नई दिल्ली ने यह कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ट्वीट कर इस सफलता पर बधाई दी है। यांगचेन के खिलाफ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम में बाघ एवं पेंगोलिन के अवैध शिकार और बाघ की हड्डियों व पेंगोलिन के स्केल की नेपाल के रास्ते चीन में अवैध तस्करी करने का केस दर्ज था। इस अंतर्राष्ट्रीय आरोपी के गिरोह के विरुद्ध जुलाई 2015 में प्रकरण दर्ज किया गया था। तब से यांगचेन लाचुंगपा की तलाश थी। वन मुख्यालय ने यह केस मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स को जांच के लिए सौंपा था।

# दोस्ती-व्यापार और दुनिया को बड़ा संदेश

नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन और प्रधानमंत्री मोदी ने करीब 24 घंटे में 3 बार मुलाकात की है। दोनों नेताओं ने साथ में प्राइवेट डिनर, द्विपक्षीय बातचीत, जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस और इंडिया-रूस बिजनेस फोरम की बैठक को संबोधित किया। हालांकि इस दौरान दोनों देशों के बीच भी किसी बड़े डिफेंस डील का ऐलान नहीं किया गया। इससे पहले कई रिपोर्ट्स में भारत-रूस के बीच किसी लड़ाकू विमान या बड़े रक्षा सौदा होने की बात कही जा रही थी। भारत-रूस के बीच 19 समझौतों पर मुहर लगी हैं। इनका मकसद भारत-रूस व्यापार बढ़ाना है। भारत-रूस के बीच शिप बिल्डिंग, भारतीय नाविकों को बर्फीले (पोलर) समुद्री इलाकों में जहाज चलाने की ट्रेनिंग, नई शिपिंग लेन पर निवेश, सिविल न्यूक्लियर ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों (क्रिटिकल मिनरल्स) पर समझौते और रूस साइन किए गए। पीएम मोदी ने रूस को सबसे करीबी सहयोगियों में से एक बताया है। उन्होंने कहा कि भारत और रूस के बीच दोस्ती को ध्रुव तारे की तरह स्थिर और अटल है। वहीं, पुतिन ने कहा कि उनकी टीम सिर्फ तेल और गैस पर बात करने या सौदे करने के लिए भारत नहीं आई है। वे भारत के साथ हर क्षेत्र में रिश्ते और व्यापार बढ़ाना चाहते हैं।




### एक संभावित शांतिपूर्ण समझौते पर कर रहे है विचार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अपनी बैठक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा सबसे पहले, मुझे आमंत्रित करने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं यूक्रेन में हो रही घटनाओं के बारे में काफी जानकारी साझा कर सकता हूं। हम अमेरिका सहित कुछ साझेदारों के साथ मिलकर एक संभावित शांतिपूर्ण समझौते पर विचार कर रहे हैं।

### पीएम मोदी ने कि कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

प्रेस ब्रीफिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत-रूस संबंधों को नए आयाम तक ले जाने की बात कही। उन्होंने कई अहम क्षेत्रों पर व्यापक बात की और कई प्रमुख घोषणाएं कीं। पीएम मोदी ने कहा कि ऊर्जा और सुरक्षा को लेकर भारत-रूस संबंध हमेशा महत्वपूर्ण रहे हैं और आगे भी मजबूत बने रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि दोनों देशों के रिश्तों में संस्कृति का गहरा संबंध रहा है। अब भारत में रूस के दो नए कांउसलेट खुलने से लोगों के बीच संपर्क और आदान-प्रदान और बढ़ेगा।

### समझौते द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई गति देंगे: पुतिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत-रूस संबंधों, वैश्विक मुद्दों, ऊर्जा सहयोग और आने वाले दशक की दिशा पर कई अहम बातें कहीं। राष्ट्रपति पुतिन ने कहा- 'मेरे मित्र पीएम मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और सभी भारतीयों का धन्यवाद। आपके घर का भोजन बहुत अच्छा था।' पुतिन ने कहा कि बातचीत में सुरक्षा, व्यापार, संस्कृति और आर्थिक सहयोग जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई।

### पीएम मोदी ने पुतिन के साथ शेयर की कई तस्वीरें

शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस मीटिंग के बाद पीएम मोदी ने अपने ट्विटर हैंडल पर कई तस्वीरों वाली एक पोस्ट शेयर की। पीएम मोदी ने एक्स परपोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति पुतिन के औपचारिक स्वागत की कुछ झलकियां। राष्ट्रपति पुतिन भारत-रूस के मजबूत रिश्तों के लिए अपने कमिटमेंट में पक्के रहे हैं और इस रिश्ते को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में उनका बहुत बड़ा योगदान रहा है।

### आतंकवाद के खिलाफ कधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा भारत और रूस लंबे समय से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। चाहे पहलगाम में हुआ आतंकवादी हमला हो या क्रोकस सिटी हॉल पर कायरतापूर्ण हमला, इन सभी घटनाओं की जड़ एक ही है। भारत का दृढ़ विश्वास है कि आतंकवाद मानवता के मूल्यों पर सीधा हमला है और इसके खिलाफ वैश्विक एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। भारत और रूस संयुक्त राष्ट्र, जी-20, ब्रिक्स, एससीओ और अन्य मंचों पर घनिष्ठ सहयोग कर रहे हैं। हम इन सभी मंचों पर अपनी बातचीत और सहयोग जारी रखेंगे।

## यशोदा मैया ने भगवान श्रीकृष्ण को जैसी शिक्षा और संस्कार दिए, वैसे ही शिक्षा और संस्कार आंगनवाड़ी से दिए जाएं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं से कहा कि आपकी जिम्मेदारी यशोदा मैया की तरह है, जिस प्रकार उन्होंने गोपाल कृष्ण का पालन-पोषण कर उन्हें संस्कार प्रदान किए, उसी तरह आप भी आंगनवाड़ी में आने वाले हर बच्चे की देखभाल श्रीकृष्ण की तरह करें। नवनियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति पत्र के रूप में बच्चों की मुस्कुराहट, पोषण और माताओं के स्वास्थ्य व सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाने का वचन पत्र सौंपा जा रहा है। हमें विश्वास है कि हमारी बहनें अपना दायित्व पूर्ण समर्पण और प्रतिबद्धता से निभाएंगी और प्रदेश को कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में विजय दिलवाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया से नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को विधानसभा के समिति कक्ष में हुए कार्यक्रम में नियुक्ति-पत्र प्रदान कर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में महिला बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया, विधायक तथा पूर्व मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनीस, अपर मुख्य सचिव श्री नीरज मंडलोई और विभाग की सचिव सुश्री जी.वी. रश्मि विशेष रूप से उपस्थित थीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रतीक स्वरूप तीन नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को अपने कार्य दायित्व का निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करने, विकसित मध्यप्रदेश 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में हर संभव योगदान देने और सुपोषित मध्यप्रदेश के निर्माण में अपने दायित्व का पूर्णत: पालन करने की शपथ दिलाई।

# लोकसभा से पास हुआ सेस बिल

### अब हेल्थ और डिफेंस दोनों को मिलेगा अतिरिक्त फंड

नई दिल्ली

सिगरेट-पान मसाला जैसे प्रोडक्ट पर सरकार अब एक्स्ट्रा टैक्स लगाएगी। एक्स्ट्रा टैक्स से आने वाले पैसे को नेशनल सिक्योरिटी के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। यह जानकारी शुक्रवार को लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दी। लोकसभा में शुक्रवार को हेल्थ सिक्योरिटी से नेशनल सिक्योरिटी सेस बिल पास हो गया। इस बिल के पास होने के बाद पान मसाला जैसी चीजें महंगी हो जाएंगी। बिल पर चर्चा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि कारगिल लड़ाई तैयारी की कमी की वजह से हुई। आर्मी जनरलों ने बताया था कि 1990 के दशक की शुरुआत से बजट की कमी की वजह से आर्मी के पास सिर्फ 70-80% ऑथराइज्ड हथियार, गोला-बारूद और इक्विपमेंट थे। हम नहीं चाहते कि भारत में वह स्टेज फिर कभी वापस आए।वित्त मंत्री ने बिल पेश करते हुए कहा कि सेस किसी भी आवश्यक वस्तु पर नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली हानिकारक वस्तुओं पर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा विधेयक का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों पर बोझ डाले बिना राष्ट्र की सुरक्षा के लिए जरूरी चीजों के लिए फंड मिले। वित्त मंत्री ने कहा कि इस बिल से प्राप्त राजस्व को विशिष्ट स्वास्थ्य योजनाओं के लिए राज्यों के साथ साझा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 40 प्रतिशत जीएसटी के अलावा पान मसाला इकाइयों पर स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उपकर भी लगाया जाएगा। हनुमान बेनीवाल सहित अन्य विपक्षी सांसदों ने इसका विरोध किया और इसे वापस लेने की मांग की। बेनीवाल ने सरकार से पूछा कि आप पान मसाला महंगा करने जा रहे हैं, गुटखा और पान मसाले का सेलेब्रिटी विज्ञापन कर रहे हैं। इसके खिलाफ सरकार क्या कर रही है। कांग्रेस के सांसद शशिकांत सेंथिल ने कहा कि इसे समझना मुश्किल है। ऐसे क्लॉज पीएमएलए में देखने को मिले थे। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसपर कहा कि मैं इसकी इम्पॉर्टेंस पर नहीं जाउंगी लेकिन देश की सुरक्षा की जरूरतों को पूरा करने के लिए हमें रिसोर्सेस की जरूरत है। लाल किले से पीएम ने मिशन सुदर्शन चक्र की जानकारी दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के समय तीनों सेनाओं ने शानदार काम किया जिसमें टेक्निकल इंस्ट्रूमेंट्स की जरूरत पड़ी। यही मॉडर्न वॉरफेयर है और इसी के लिए हमें सेस लगाने की जरूरत है। ये पूरा फंड देश के लोगों की सुरक्षा में ही खर्च होगा। हम ये सेस केवल डीमेरिट गुड्स पर ही लगा रहे हैं। वित्त मंत्री ने प्रोडक्ट महंगे करने को लेकर कहा कि हमारी सरकार ने इनकम टैक्स में छूट दी। जीएसटी काउंसिल का भी धन्यवाद करती हूं कि उन्होंने हमारी सिफारिशों का माना। हमारी सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि ऐसे प्रोडक्ट्स सस्ते न हों। उन्होंने कहा कि एक वित्त मंत्री के रूप में उनका दायित्व धन जुटाना है, यह बात उन्होंने कुछ सदस्यों द्वारा यह पूछे जाने पर कही कि रक्षा बजट के लिए पान मसाले पर कर क्यों लगाया जाए।



# आरबीआई ने 25 बेसिस पॉइंट घटाकर 5.25 फीसदी की ब्याज दर

### होम लोन और ऑटो लोन की ईएमआई पर नहीं पड़ेगा कोई असर

नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में शुक्रवार को रेपो रेट में 25 बेसिस पॉइंट की कटौती करते हुए इसे 5.25 फीसदी कर दिया। यह लगातार तीसरी बार है जब आरबीआई ने एमपीसी बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया। इस साल पहले ही रेपो रेट में 1 प्रतिशत की कटौती की गई थी, जिससे लोन धारकों को राहत मिली थी। इस बार महंगाई नियंत्रण में होने के बावजूद ब्याज दरों में कोई कटौती नहीं हुई, जिससे लोन लेने वालों की उम्मीदें अधूरी रहीं। गवर्नर ने बताया कि देश इस समय एक गोल्डीलॉक्स पीरियड से गुजर रहा है, जहां महंगाई घट रही है और आर्थिक विकास तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में महंगाई 2.2 फीसदी के निचले स्तर पर है, जबकि अर्थव्यवस्था 8 फीसदी की मजबूत वृद्धि दर्ज कर रही है। मल्होत्रा ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में आर्थिक गतिविधियाँ तेज हुई हैं और बैंकिंग सिस्टम और भी सुदृढ़ हुआ है। उन्होंने बताया कि वित्तीय प्रणाली को बेहतर बनाने, कारोबार में आसानी और उपभोक्ता संरक्षण को मजबूत करने के लिए कई नियमों में सुधार किए गए हैं। तरलता की मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए आरबीआई ने 1 लाख करोड़ रुपये के सरकारी बॉन्ड खरीद (ओएमओ परचेस) की घोषणा की है। इसके साथ ही 5 अरब डॉलर का तीन साल का डॉलर-रुपया स्वैप भी किया जाएगा, जिससे वित्तीय प्रणाली में स्थिरता बढ़ेगी। गवर्नर ने बताया कि हेडलाइन महंगाई में उल्लेखनीय गिरावट आई है और आगामी महीनों में यह 4 फीसदी के आसपास रहने की उम्मीद है। कोर महंगाई भी स्थिर हो रही है और खाद्य कीमतों के सामान्य स्तर पर आने से दबाव कम हुआ है।



## लंदन से भी महंगा हुआ पटना कोलकाता का प्लेन का टिकट

### इंडिगो संकट से टूटे किराए के रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारत में पिछले चार दिन से हवाई यात्रा करने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। इंडिगो एयरलाइंस की 1000 से ज्यादा फ्लाइट्स रद्द होने का असर हवाई यात्रियों पर पड़ा है। कई घंटों के लंबे इंतजार के बाद भी लोगों के लिए उड़ान भरना मुमकिन नहीं हो पा रहा है। हालांकि, अब इस संकट का असर लोगों की जेब पर पड़ता दिखाई दे रहा है। भारत में घरेलू उड़ानों के दाम अचानक से आसमान छूने लगे हैं। वहीं, विदेश के टिकटों पर इसका कुछ खास असर नहीं हुआ है। इंडिगो की फ्लाइट्स कैंसिल होने के बाद अन्य एयरलाइन कंपनियों ने टिकट का किराया दोगुना और तीन गुना तक बढ़ा दिया है। अब आलम यह है कि देश की व्यस्त शहरों की तुलना में विदेश का टिकट सस्ता लगने लगा है। दिल्ली से कई बड़े शहरों में इकोनॉमी क्लास का किराया 60 हजार रुपये के लगभग पहुंच गया है। आमतौर पर इन शहरों के बीच का टिकट 20,000 रुपये में बुक हो जाता था। दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद, जयपुर और लखनऊ की फ्लाइट्स नहीं हैं। वहीं, दिल्ली से हैदराबाद की जो टिकट महज 7,000 रुपये में आती थी, उसके दाम बढ़कर 48,000 हो गए हैं। मुंबई से श्रीनगर की फ्लाइट 10,000 रुपये में बुक होती थी, उसका किराया बढ़कर अब 62,000 रुपये हो गया है। ताज्जुब की बात तो यह है कि घरेलू फ्लाइट्स की तुलना में विदेश घूमना ज्यादा सस्ता हो गया है। भारत के बड़े शहरों की बजाए यूरोप जाना काफी सस्ता हो गया है। दिल्ली से लंदन का फ्लाइट टिकट 25,000 रुपये है और दिल्ली से पैरिस की फ्लाइट का टिकट भी लगभग इतना ही है।

# 7 करोड़ की आबादी पर 12.84 करोड़ जांच, साइंस हाउस का फर्जीवाड़ा खुद आंकड़ों से बेनकाब: जयवर्धन सिंह

### कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप, जांच कराकर दोषियों पर कार्यवाही की मांग

भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह, विधायक ऋषि अग्रवाल, विधायक देवेंद्र पटेल, मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, और एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव उपस्थित रहे। विधायक जयवर्धन सिंह ने स्वास्थ्य विभाग में 943 करोड़ रुपये के कथित महाघोटाले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विभाग ने विधानसभा में 68 हजार पन्नों का रिकॉर्ड प्रस्तुत किया, जिनके प्रारंभिक अध्ययन में यह सामने आया कि 7 करोड़ की आबादी पर 12.84 करोड़ जाँचों दिखाकर फर्जी बिल बनाए गए। एक ही व्यक्ति की दो कंपनियों को अलग-अलग नाम से टेंडर दिया गया। एक ही टेस्ट के अलग-अलग रेट लगाकर भारी लूट हुई। 0 प्रतिशत जीएसटी वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूला गया। ब्लॉक अस्पतालों, सीएचसी और पीएचसी में जमीन पर जाँच किए बिना फर्जी रिपोर्टें बनाई गईं। जयवर्धन सिंह ने कहा यह वही कंपनी है जिस पर ईडी और इनकम टैक्स की कार्रवाई हो चुकी है और मालिक जेल जा चुका है, फिर भी भाजपा सरकार ने जुलाई 2025 में इसे एक वर्ष का एक्सटेंशन दे दिया। स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सेवा को निजी कंपनियों के हवाले कर जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया गया है। उन्होंने मांग कि के पूरे प्रकरण की सीबीआई जांच कर जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाए। यह भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लोगों की सेहत के साथ किया गया अपराध है। विधायक देवेंद्र पटेल ने रायसेन जिले के सरकारी स्कूलों में बच्चों के अधिकारों के गंभीर उल्लंघन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों से झाड़ू लगवाना, साफ-सफाई कराना बाल श्रम का उदाहरण है। कई स्कूलों में हफ्ते में 3-4 दिन ताले लगे रहना, जिससे पढ़ाई बाधित। शिक्षक नियमित रूप से स्कूल नहीं आ रहे। आरटीई एक्ट 2009 और स्कूल शिक्षा विभाग, मिड-डे मील योजना के नियमों का उल्लंघन। देवेंद्र पटेल ने बताया कि उन्होंने पूरे प्रकरण को एनसीपीसीआर, एनएचआरसी, मुख्यमंत्री, स्कूल शिक्षा मंत्री और विभागीय अधिकारियों तक लिखित शिकायत के माध्यम से पहुंचाया है। उन्होंने मांग की कि संबंधित शिक्षकों और अधिकारियों पर तत्काल निलंबन, सभी स्कूलों की जांच कमेटी गठित और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाए।



### फर्जी तरीके से ट्रांसफर करदी राशि

विधायक ऋषि अग्रवाल ने सरकार की मुफ्त लेपटॉप योजना में बड़े घोटाले का खुलासा किया। गुना जिले के फतेहगढ़ संदीपनी विद्यालय में 34 छात्रों के नाम से फर्जी खाते बनाए गए और राशि अन्य खातों में ट्रांसफर कर दी गई। उदाहरण के तौर पर शिवपुरी की कक्षा 12 की छात्रा मुस्कान कुशवाह की राशि बिहार राज्य में पहुँच गई। उन्होंने सवाल उठाया कि यह पैसा किसके खाते में गया और बच्चों की प्रोफ़ाइल किसने अपडेट की। एनएसयूआई के राष्ट्रीय प्रवक्ता विराज यादव ने कहा हमने राज्य और राष्ट्रीय अधिकारियों को औपचारिक शिकायत भेजी है। यदि अगले 30 दिनों में उचित कार्रवाई नहीं हुई, तो एनएसयूआई उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। बच्चों के भविष्य और अधिकारों की रक्षा हमारा सर्वोच्च दायित्व है। एनएसयूआई और कांग्रेस इस मामले की निगरानी करेंगे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

# निर्माण व विकास कार्यों में हुए फर्जीवाड़े का पर्दाफाश, ग्रामीणों की शिकायत पर हुई जांच

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

ग्राम पंचायत कंचनपुर-माल और ग्राम डुण्डीसरई में कराए गए निर्माण व विकास कार्यों में व्यापक अनियमितताओं का पर्दाफाश हुआ है। ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत पर कलेक्टर डिंडौरी ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच दल का गठन किया था। यह दल मौके पर पहुंचा और विभिन्न निर्माण कार्यों का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया। दल ने विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर कलेक्टर को सौंप दिया है, जिसमें कई गंभीर कमियाँ, लापरवाहियाँ और दस्तावेजी गड़बड़ियाँ सामने आई हैं।



जांच रिपोर्ट के अनुसार ज्वाप नाला निर्माण से जुड़े अभिलेख, माप-पुस्तिका और भुगतान संबंधी दस्तावेज पंचायत द्वारा प्रस्तुत ही नहीं किए गए, जिसके कारण इस कार्य की गुणवत्ता और भुगतान का सत्यापन नहीं हो सका। स्टॉप-डैम निर्माण में भी भारी अनियमितताएँ मिलीं। स्वीकृत ड्राइंग उपलब्ध नहीं कराई गई थी और निर्माण में तकनीकी मानकों का पालन नहीं हुआ। निरीक्षण में पाया गया कि बंध पर मिट्टी भरकर सीधे कंक्रीट की छपाई कर दी गई थी, जो किसी भी इंजीनियरिंग मानक के अनुरूप नहीं है। निर्माण पूरा दिखाकर केवल मजदूरी भुगतान कर दिया गया, जबकि संरचना कई जगहों से पहले ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है। गैबियन संरचना में भी फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। मानक गैबियन जहाँ इस्पात तार के बॉक्स और मजबूत बोल्डर से बनाए जाते हैं, वहीं यहां सिर्फ जाली डालकर और पीसीसी के छोटे-छोटे कंपार्टमेंट बनाकर कार्य पूरा दिखा दिया गया। रिपोर्ट में इसे सीधे-सीधे शासकीय धन का अपव्यय बताया गया है। इसी प्रकार ग्राम डुण्डीसरई में बनी पुलिया के बारे में भी पंचायत कोई ड्राइंग-डिजाइन, माप-तौल और भुगतान अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सकी, जिससे निर्माण की गुणवत्ता की पुष्टि ही संभव नहीं हो सकी। एक गंभीर मामला मेट राजेंद्र आर्मी का भी सामने आया है। पंचायत ने पूर्व में फर्जी हाजिरी भरने पर उसे कार्य से पृथक कर दिया था, लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि हटाए जाने के बाद भी उसे मजदूरी भुगतान होता रहा। तालाब निर्माण में भी बड़े स्तर की गड़बड़ी दर्ज की गई है। जल-गंगा अभियान के तहत बनाए गए तालाब का चयन बिना ग्राम सभा की सही स्वीकृति के किया गया। तालाब का डूब क्षेत्र निजी भूमि पर पाया गया, जिससे शमशान घाट का शेड भी पानी में आ गया। पास ही उपलब्ध कम ऊंचाई वाले वैकल्पिक स्थल को नजरअंदाज कर दिया गया, जबकि वहाँ एक पुराना स्टॉप-डैम पहले से मौजूद था।

ग्राम डुण्डीसरई के तालाब में बंध-वाल से पानी रिसते हुआ पाया गया, जिसके कारण संभावना जताई गई है कि गर्मी तक तालाब पूरी तरह खाली हो सकता है। निर्माण से संबंधित स्वीकृत ड्राइंग यहाँ भी उपलब्ध नहीं कराई गई। वहीं सरपंच-सचिव द्वारा स्वयं के खाते में राशि जमा कराने के आरोप की जांच में स्पष्ट हुआ कि केवल 3,660 रुपये की प्रतिपूर्ति राशि उनके खाते में गई थी, जबकि शेष देय राशि अभी लंबित है। अतः यह आरोप निराधार पाया गया। ग्राम सभा के नियमित आयोजन न होने की शिकायत भी सही पाई गई। पंचायत की कार्यवाही पंजी में दर्ज अंतिम ग्राम सभा 14 अप्रैल 2025 को आयोजित हुई थी। जांच दल ने सभी तथ्यों सहित विस्तृत प्रतिवेदन कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। अब जिला प्रशासन द्वारा आगे की कार्रवाई की प्रतीक्षा है।

# जिले की ऑनलाइन उपस्थिति घटी अब छठवें पायदान पर पहुँचा

## मात्र 77% कर्मचारी दर्ज कर रहे उपस्थिति

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)




आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जारी नवीनतम ऑनलाइन उपस्थिति रिपोर्ट में डिंडौरी जिले की स्थिति पहले की तुलना में कमजोर पाई गई है। विगत महीनों में जहां डिंडौरी तीसरे और चौथे स्थान पर था, वहीं अब यह फिसलकर छठवें पायदान पर पहुँच गया है। नवीन रिपोर्ट के अनुसार जिले की उपस्थिति मात्र 77 प्रतिशत दर्ज हुई है, जो विभाग की निगरानी और कर्मचारियों की रुचि में लगातार कमी को दर्शाता है।रिपोर्ट में यह स्पष्ट उल्लेख है कि जिले में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली को लेकर अधिकारियों की अनदेखी सबसे बड़ी वजह बन रही है। विकासखंड शिक्षा अधिकारियों और संकुल प्राचार्यों के प्रोफाइल तक पूरी तरह अपडेट नहीं हैं और कई अधिकारी स्वयं भी नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज नहीं कर रहे। उच्च स्तर की इस लापरवाही का सीधा प्रभाव शिक्षकों पर पड़ा है। पहले वेतन कटौती को लेकर जो अनुशासन था, वह कमजोर होता दिख रहा है और शिक्षकों की उपस्थिति लगातार कम होती जा रही है। डिंडौरी जिले में उपलब्ध 4382 शिक्षकों में से केवल 3363 ने ही 1 दिसंबर को उपस्थिति दर्ज की। वहीं प्रदेश की रिपोर्ट पर नजर डालें तो नरसिंहपुर और भिंड 83 प्रतिशत उपस्थिति के साथ शीर्ष पर हैं। सिंगरौली 80, मंडला 79, सागर 78 और डिंडौरी 77 प्रतिशत के साथ छठे स्थान पर है। इसके नीचे आने वाले अधिकांश जिलों की उपस्थिति 70 प्रतिशत से भी कम पाई गई है। कुछ जिलों में तो स्थिति और भी खराब है और उपस्थिति 50 प्रतिशत से नीचे चली गई है। राज्य की कुल औसत उपस्थिति 56 प्रतिशत दर्ज हुई, जो पूरी व्यवस्था के कमजोर होते अनुशासन की ओर संकेत करती है। वहीं शैक्षिक जानकारों का कहना है कि जब शीर्ष स्तर के अधिकारी ही ऑनलाइन उपस्थिति को गंभीरता से नहीं ले रहे, तो निचले स्तर पर कर्मचारियों और शिक्षकों से बेहतर अनुशासन की उम्मीद करना कठिन है।

# संभाग स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में शहडोल विजेता अनूपपुर रहा उपविजेता

जयसिंहनगर

मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग अकादमिक कैलेंडर 2025-26 के अनुसार संचालित खेल श्रृंखला के क्रम में पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय जयसिंहनगर में 03 नवम्बर 2025 को संभाग स्तरीय खो खो (पु.) का आयोजन सफ़ल रूप से संपन्न हुआ।आयोजन में अतिथि रूप में सातिका तिवारी पूर्व जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी (मुख्य अतिथि) राजेश गुप्ता संचालक हीरो होंडा एजेंसी, रामनारायण पांडेय पूर्व मंडल अध्यक्ष, डॉ.धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी, अतिथियों में डॉ आर एस बाटी शासकीय महाविद्यालय जैतहरी, डॉ नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय पुष्पराज गढ़, राजेन्द्र सिंह टीम मैनेजर उमरिया, अजय सिंह अग्रणी महाविद्यालय शहडोल, राज कुमार गुप्ता शासकीय महाविद्यालय गोहपारू, नृपेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय बुढार, अमित निगम शासकीय महाविद्यालय कोतमा, आनंद मिश्रा शासकीय महाविद्यालय राजनगर, रामायण वर्मा अग्रणी महाविद्यालय



अनूपपुर, शिब्बू यादव क्रीड़ा अधिकारी सीएम राइज जयसिंहनगर उपस्थित रहे।सम्माननीय मंच ने हनुमान जी की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर एवं पुष्प अर्पित कर के कार्यक्रम का शुभारंभ किया ,अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में आयोजन के अध्यक्ष एवं महाविद्यालय के ऊर्जावान प्राचार्य डॉ धर्मेंद्र कुमार द्विवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए पूरे अनुशासन के साथ खेलने की प्रेरणा दी, अतिथि जनों में सातिका तिवारी, राजेश गुप्ता एवं राम नारायण पांडेय ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित किया। मंचीय औपचारिकता उपरांत आदरणीय अतिथियों ने खेल मैदान में खिलाड़ियों से भेट करते हुए परिचय प्राप्त किया एवं खेल प्रारंभ करने की अनुमति प्रदान किया । आयोजन में अनूपपुर ,उमरिया एवं शहडोल जिले की टीम ने भाग लिया जिसमें शहडोल विजेता ,अनूपपुर उप विजेता एवं अमरिया ने सांत्वना पुरस्कार स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया ।मैच रेफरी का दायित्व शिब्बू यादव एवं जीतेंद्र पटेल जी ने निभाया आयोजन में आभार डॉक्टर प्रमिला वास्केल ने ज्ञापित किया ।

# वॉश ऑन व्हील योजना के तहत जिले के 34 क्लस्टरों में स्वच्छता साथी देंगे सेवाएं

**शहडोल।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान को गति देने तथा स्वच्छता साथियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से स्वच्छता साथी- वॉश ऑन व्हील योजना का लोकार्पण किया गया था। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शिवम प्रजापति ने बताया है कि प्रदेश सरकार द्वारा मोबाइल सेवा वाश ऑन व्हील प्रारंभ की गई है। जिसके माध्यम से स्वच्छता साथी घर-घर या आवश्यकता अनुसार स्थल पर पहुँचकर घरेलू शौचालय की सफाई, स्कूल/आंगनवाड़ी शौचालय सफाई, नाली सफाई, स्पॉट क्लीनिंग, सार्वजनिक स्थानों की सफ़ाई इत्यादि सेवा प्रदान करेंगे। उन्होंने बताया कि घरेलू शौचालय सफाई 50 प्रति शौचालय, संस्थागत एवं सामुदायिक सफाई 200 रूपये प्रति स्थान निर्धारित किया गया है।

# विदेशी प्रवासी पक्षियों से गुलजार हुई बनास नदी

**शहडोल।** ठंड के दिनो में नवम्बर माह से विदेशी प्रवासी पक्षियों का आगमन जिले में होने लगता है। जिले के व्यौहारी जनपद मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर बनास नदी का प्राकृतिक एवं पर्यावरणीय सौंदर्य विदेशी मेहमानों को खूब भाता है। हर साल की तरह इस वर्ष भी बनास नदी के तटों पर उत्तरी गोलार्द्ध और मध्य एशिया से हजारों किलोमीटर का सफर



तय करके प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है। नदी के किनारे इन विदेशी मेहमानों के कलरव से एक बार फिर रौनक लौट आई है। स्थानीय लोगों एवं प्रकृति तथा पर्यावरण प्रेमियों में इन मेहमानों के आने से उत्साह का माहौल है। विदेशों के आने वाले प्रवासी पक्षियों में कोमारेन्ट, और चक्रवाक पक्षी प्रमुख हैं। इन पक्षियों को स्थानीय भाषा में ब्राम्हणी बतख भी कहा जाता है। इन प्रवासी पक्षियों विशेषकर चक्रवाक का उल्लेख हमारे प्राचीन भारतीय साहित्य और संस्कृति मे भी मिलता है। महाकवि कालिदास ने अपनी अमर रचनाओ में चक्रवाक (चकई-चकवा) के प्रेम और वियोग का वर्णन किया है। आदि संकराचार्य द्वारा रचित नर्मदा अष्ठक में भी इन पक्षियों को चक्रवाक पक्षी के रूप में याद किया गया है। प्रवासी पक्षियों का विशेष जमावड़ा बनास नदी के विभिन्न क्षेत्रों विशेषकर कारी गोरी घाट और हथवार गांव के आस-पास रहता है। पर्यावरण विद रामकेश पटेल ने इन विदेशी मेहमानों के आगमन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन पक्षियों के आने से बनास नदी का तट समोहिक हो गया है। उन्होंने बताया कि ये प्रवासी पक्षी अक्टूबर से नवम्बर के बीच मध्य एसिया के ठंडे मौसम से बचने के लिए यहां आते हैं। मार्च से अप्रैल तक बनास नदी को अपना अस्थायी घर बनाकर रहते हैं। स्थानीय पर्यावरण एवं प्रकृति प्रेमी कार्यकर्ताओं ने प्रवासी पक्षियों को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाए बिना इनके प्राकृतिक आवास को संरक्षित रखने में सहयोग की अपील की है।

# क्रिकेटर बनने के लिए जयसिंहनगर की 15 वर्षीय आशी सोनी रोज तय करती है 100 किमी. का सफर

शहडोल

## क्रिकेटर बनने ट्रक ड्राइवर की बेटी का संघर्ष




आशी सोनी क्रिकेटर बनने का सपना पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम कर रही है। उसका परिश्रम बताता है कि क्रिकेटर की क्रिकेट के प्रति दीवानगी क्या होती है। मध्य प्रदेश में शहडोल को महिला क्रिकेट का नर्सरी माना जाता है। यहां कई ऐसी लड़कियां हैं जो क्रिकेटर बनने का सपना पूरा करने के लिए कठिन परिश्रम एवं संघर्ष कर रहीं है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम द्वारा विश्वकप जीतने पर पूरी टीम की जमकर तारीफ हुई। शहडोल जिले की पूजा वस्त्रकार ने क्रिकेट की शुरूआत गांधी स्टेडियम शहडोल से करके भारतीय टीम में शामिल हो चुकी हैं। उनकी सफलता से सबक लेकर जिले की कई लड़कियां क्रिकेट को अपना लक्ष्य मानकर कठिन परिश्रम के साथ अभ्यास करती हैं। 15 वर्षीय आशी सोनी शहडोल जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर जयसिंह नगर से प्रतिदिन आने-जाने का सफर विगत ढाई वर्ष से क्रिकेट सीखने के लिए कर रही हैं। उन्होने बताया कि सुबह के प्रैक्टिस सेशन में भाग लेने के लिए प्रातः 07 बजे घर से निकलना पड़ता है। सेशन खत्म होने के बाद 3-4 बजे शाम तक घर पहुंच पाती हैं। दोपहन के सेशन में उन्हें 01 बजे मध्यान्ह घर से निकलना पड़ता है और रात 09 बजे घर पहुंचती हैं। उन्होंने बताया कि आने-जाने में 200 रूपए का हर दिन खर्च आता है। आशी सोनी बताती हैं कि, वे पहले क्रिकेट के बारे में बहुत कुछ नहीं जानती थी, लेकिन उनके जयसिंहनगर कॉलेज ग्राउंड पर स्पोर्ट टीचर दिलीप शुक्ला के अंडर में क्रिकेट की प्रैक्टिस होती थी, वहां क्रिकेट कोच प्रेमशंकर माली क्रिकेट की ट्रेनिंग देते हैं. जब वहां पहुंची तो वहां पर उन्हें क्रिकेट के बारे में बताया गया। तभी से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू कर दिया। जब वह क्रिकेट खेलने लगीं और उनके स्किल को वहां के कोच ने देखा तो उन्हें ट्रायल के लिए शहडोल भेजा। जब शहडोल में ट्रायल देने आई तो उन्हें कोच सोनू रॉबिंसन ने शहडोल एकेडमी ज्वाइन करने को कहा। उन्होंने बिना कुछ सोचे समझे ही शहडोल क्रिकेट एकेडमी ज्वाइन कर ली। आशी सोनी ने बताया कि जब से शहडोल में क्रिकेट की ट्रेनिंग शुरू की है लगातार वह इंप्रूवमेंट हो रहा है और सफलता भी मिल रही है। वर्तमान में वे अंडर 15 के डिवीजन टीम में खेल रही हैं और अंडर 15 में ही एमपी बोर्ड को भी रिप्रेजेंट कर चुकी हैं। आशी सोनी राइट हैंड बैट्समैन हैं, और पार्ट टाइम बोलिंग भी करती हैं। स्पिन बोलिंग करती हैं और वह अपने खेल को निखारने के लिए दिनों-दिन लगातार मेहनत कर रही हैं। आशी सोनी ने बताया कि उन्हें क्रिकेट के सपने को साकार करने के लिए अपने परिवार का पूरा समर्थन मिल रहा है। आप कक्षा 11वीं में आर्ट सब्जेक्ट लेकर पढ़ रही हैं। उनके पापा ट्रक ड्राइवर हैं, मां हाउसवाइफ हैं. तीन बहन और एक भाई हैं। वह घर में सबसे छोटी हैं। बड़ी बहन पार्ट टाइम नौकरी भी करती है। आशी सोनी की बड़ी बहन खुशी सोनी बताती हैं कि, आशी ने एक दिन बोला कि उसे क्रिकेट खेलना है। हमनें कहा ठीक है प्रैक्टिस पर जाओ। आशी प्रैक्टिस पर जाने लगी। उसके कोच ने हमें बताया कि, उसका क्रिकेट के प्रति रूचि है। इसके बाद हमने उसे एकेडमी ज्वाइन करने को कहा. फैमिली ने उसके गेम के बीच पैसे की रुकावट नहीं आने दी और न आने देंगे। हम पूरी कोशिश कर रहे हैं कि आशी अपने सपने को जिए और हमें उम्मीद है कि आशी कड़ी मेहनत करके एक दिन भारतीय महिला क्रिकेट टीम में स्थान बनाएंगी। शहडोल क्रिकेट अकादमी के कोच सोनू रॉबिंसन कहते हैं, आशी उनके पास अपनी बहन के साथ आई थी और उसने बोला कि उसे यहां ज्वाइन करना है, तो मैंने पूछा कि जयसिंहनगर से आना-जाना कैसे करोगी तो बोली कि हम मैनेज कर लेंगे. धीरे-धीरे प्रैक्टिस पर आने लगी, उसे अच्छा लगने लगा। उसका भविष्य अच्छा है, 2 साल के अभ्यास में ही उसका तीसरे साल में मध्य प्रदेश अंडर 16 वुमेन ट्रायल में सिलेक्शन हो गया। उसका गेम काफी अच्छा है। उसमें बैटिंग को लेकर एक अलग ही टैलेंट है, वह एक दिन बड़ी क्रिकेटर बनेगी। आशी का रोल मॉडल पूजा वस्त्रकर और पूनम जैसी क्रिकेटर हैं। पूनम सोनी भी अपने समय में शहडोल में क्रिकेट सीखने के लिए 60 से 70 किलोमीटर दूर चचाई से आती थीं। आशी ने भी स्कूल गेम से खेलना शुरू किया था। यहां रहकर अभ्यास करने में उनको दिक्कत आ रही थी तो अपने घर से आना जाना शुरू कर दिया। वो नियमित रूप से जयसिंहनगर से यहां आती हैं। अपने आप को इस स्तर पर तैयार करने में लगी हैं कि आने वाले एक-दो वर्षों में उनका खेल उच्च स्तर पर पहुंच जाए।

# कलेक्टर ने मां की बगिया, नर्सरी एवं आवास योजनाओं का किया औचक निरीक्षण

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने ग्राम पंचायत धौरई, औरई एवं उदरी में मनरेगा योजना के तहत संचालित विकास कार्यों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने हितग्राहियों से सीधा संवाद कर कार्यों की वास्तविक स्थिति जानी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मां की बगिया का निरीक्षण- ग्राम पंचायत धौरई में मनरेगा योजना से निर्मित मां की बगिया का कलेक्टर ने स्थल निरीक्षण किया। लगभग 1.91 लाख रुपये की लागत से तैयार इस बगिया में हितग्राही श्रीमती सीताबाई द्वारा एक एकड़ भूमि में आम और कटहल के 50 पौधे लगाए गए हैं। कलेक्टर ने पौधों की स्थिति का जायजा लेते हुए सीताबाई को सुरक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र में बांस की बाड़ (फेंसिंग) लगाने के निर्देश दिए, ताकि पौधे सुरक्षित रूप से विकसित हो सकें। रोशनी आजीविका स्व-सहायता समूह की नर्सरी का निरीक्षण - ग्राम धौरई रैयत में रोशनी आजीविका स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित नर्सरी का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर भदौरिया ने आम, कटहल, बांस, अर्जुन, मुनगा, खमेर, शहतूत, नीम एवं सब्जियों के उत्पादन की सराहना



की। उन्होंने स्वयं नर्सरी से तीन पौधे भी खरीदे। कलेक्टर ने सीईओ जनपद डिंडौरी एवं मनरेगा परियोजना अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में होने वाले वृक्षारोपण के लिए पौधों की खरीदी इन्हीं स्थानीय नर्सरियों से प्राथमिकता के आधार पर की जाए, जिससे स्व-सहायता समूहों की आय में वृद्धि हो सके।ग्राम उदरी में पौधरोपण एवं आवास योजनाओं का निरीक्षण- ग्राम पंचायत उदरी में मनरेगा योजना से लगभग 4.39 लाख रुपये की लागत से आम, बरगद, कटहल, गुलमोहर, मुनगा, अर्जुन आदि पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। कलेक्टर ने पौधरोपण क्षेत्र का निरीक्षण कर स्वयं अर्जुन का पौधा लगाया और ग्रामीणों से पौधों की सुरक्षा को अपना दायित्व मानने की अपील की। इसी दौरान कलेक्टर ने पीएम आवास एवं जन-मन आवास हितग्राही योजनाओं का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हितग्राही गंगाराम मरावी और शिवकुमार मरावी से चर्चा की। कलेक्टर ने उनके पिता श्री झनकुलाल मरावी की कच्चे मकान में रहने की जानकारी मिलने पर दोनों पुत्रों को बुलाकर कहा कि जिस पिता ने आपको सक्षम बनाया है, उन्हें सर्वप्रथम पक्के मकान में रहने की सुविधा मिलनी चाहिए। इस संवेदनशील पहल पर झनकुलाल ने मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के दौरान गांव की कलकतिया बाई और भंवर सिंह ने बताया कि उन्हें शासकीय कार्यों में मजदूरी उपलब्ध नहीं कराई जाती। कलेक्टर ने इस पर तत्काल संबंधित सचिव को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जल उपलब्धता पर निर्देश- ग्रामीणों द्वारा पानी की समस्या रखे जाने पर कलेक्टर ने पीएचई विभाग को तीन दिनों के भीतर पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ग्रामीण यंत्रिकी आरईएस ई ललित कुमार, सीइओ जनपद डिंडौरी प्रदीप ओझा, तहसीलदार शशांक शेंडे, मनरेगा प्रभारी प्रदीप शुक्ला सहित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# विद्यालयीन वाहनों पर यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**शहडोल।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं परिवहन विभाग द्वारा विद्यालयीन बच्चों के सुरक्षित आवागमन हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से आज शहडोल यातायात पुलिस द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्कूल वाहनों की चेकिंग की गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ वाहनों में अनिवार्य सुरक्षा मानकों जैसे- वाहन पर आगे एवं पीछे स्कूल बस/वैन अंकन, सी.सी.टी.व्ही कैमरा, फर्स्ट एड बॉक्स, फायर एक्सटिंग्यूशर, निर्धारित क्षमता के अनुसार बच्चों का परिवहन, वाहन दस्तावेजों की वैधता तथा चालक द्वारा मान्य ड्राइविंग लाइसेंस धारण किए जाने जैसे प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था। इस दौरान 10 वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर उनके विरुद्ध नियमानुसार 14,300 रूपये/- का चालान किया गया है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद् धनपुरी, जिला-शहडोल (म.प्र.)

(कार्यालय दूरभाष न. एवं फैक्स नं.- 07052-250318 e-mail id-cmodhanpuri@mpurban.gov.in)

क्रमांक/न.पा./स्था./2025-26/1675 धनपुरी दिनांक-04/12/2025

## जाहिर सूचना

**नगर पालिका परिषद् धनुपरी क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त शासकीय एवं निजी चिकित्सालय/नर्सिंग होम, स्कूल, कालेज, मॉल होटल लॉज, बारात घर एवं बैंक के संचालन/प्रबंधकों को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा राष्ट्रीय भवन संहिता 2016 के खण्ड 4 की कंडिका क्रमांक-1.2 में यथा उल्लेखित सभी भवनों में फायर सेफ्टी प्लान एवं फायर सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त करना अनिवार्य है।**

**मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग भोपाल के पत्र क्रमांक-1549/895002/2022/18-03 दिनांक 02.05.2025 एवं विभागीय परिपत्र दिनांक-16.12. 2022 की कंडिका 5 की उप कंडिका 52 के अनुसार ''कंडिका क्रमांक- 5.1 में निर्धारित 02 माह की समयावधि के भीतर यदि भवन स्वामी / संचालक द्वारा फायर प्लान तैयार कर अग्निशमन प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत नहीं किया जाता है. तो विलंबित समय हेतु प्रतिदिन रूपये-500/- की दर से दण्ड भवन स्वामी पर (लेव्ही) किया जायेगा, जो कि एक वर्ष पश्चात् रूपये 1000/- प्रतिदिन की दर से देय होगा।**

**अतः 03 दिवस के अन्दर फायर एन.ओ.सी. हेतु एमपी ई- नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से दर्ज कराते हुये निकाय को सूचित करें, अन्यथा की स्थिति में होने वाली किसी दुर्घटना एवं अप्रिय स्थिति हेतु आप व्यक्तिगत रूप से स्वयं जिम्मेदार होगें। सूचित हो।**

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् धनपुरी**
**जिला-शहडोल (म.प्र.)**

# सड़क दुर्घटनाओं में इस वर्ष 523 लोगों की हुई मृत्यु, इनमें 246 लोगों ने सिर में गंभीर चोट लगने से गंवाई अपनी जान





## कलेक्टर, पुलिस कप्तान ने बताया हेलमेट का महत्व, बैठक में दिए निर्देश

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

जिले में इस वर्ष लगभग 523 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गवां चुकें हैं। इनमें 246 लोग वे है, जिनके सिर पर गंभीर चोटे आई थी। उक्त जानकारी देते हुए एवं हेलमेट के महत्व को बताते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने सड़क सुरक्षा और यातायात जागरूकता को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। इस दौरान शहर के सभी प्रमुख कॉलेज, स्कूल, कोचिंग संस्थाबन व पेट्रोल पम्प संचालक मौजूद थे। बैठक में सड़क सुरक्षा की आवश्यकता व महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए कहा गया कि सबसे महत्वपूर्ण बात जीवन की सुरक्षा है, अत: जीवन बचाने के लिए वाहन चलाते समय सीट बेल्ट व हेलमेट लगाने के साथ सुरक्षा मानकों का पालन करना आवश्यतक है। बैठक में उपस्थित सभी लोगों से कहा गया कि वे अपने.अपने संस्था नों में सड़क सुरक्षा को लेकर सीट बेल्ट व हेलमेट की आवश्यकता के बारे में अवश्य बतायें, सकरात्मकक जागरूकता लायें और सड़क सुरक्षा के इस अभियान के लिए प्रेरित भी करें।

कॉलेज, स्कूल, कोचिंग संस्थानों में अध्यनरत विद्यार्थियों को इस विषय में बतायें। साथ ही उनके अविभावकों तक यह संदेश पहुंचाये और वाहनों के फिटनेस के संबंध में भी सहमति पत्र भरवायें। बैठक में बताया गया कि पूरे प्रदेश में जबलपुर सड़क दुर्घटनाओं में उच्च स्थान पर है, यहां लगभग 4 हजार दुर्घटनाएं प्रतिवर्ष होती हैं, जो अधिकांशत: यातायात में निर्धारित सुरक्षा साधनों के नहीं अपनाने के कारण होती है। जबलपुर में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं से 523 लोगों की असामयिक मृत्यु हुई, जिनमें 246 सिर में गंभीर चोट लगने के कारण हैं।

### पेट्रोल पंप संचालकों को भी दिए निर्देश

हर माह लगभग 25 व्यक्ति सड़क दुर्घटना में दुनिया छोड़कर जा रहे हैं, अत: स्कूल कॉलेजों में इस संबंध में जागरूकता लायें कि विद्यार्थी बिना सीट बेल्ट व हेलमेट के वाहन न चलायें। साथ ही वाहन की फिटनेस भी सही हो। इस दौरान पेट्रोल पम्पू संचालकों से कहा गया कि वे भी बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल न दें, यदि इस प्रकार के तथ्य सामने आते हैं कि वे सड़क सुरक्षा अभियान में सहभागी नहीं हो रहे हैं तो उनके पेट्रोल पम्प को सील कर दिया जायेगा। सड़क सुरक्षा अभियान सिर्फ प्रशासनिक ही नहीं एक सामाजिक कार्य भी हैए क्योंगकि हर परिस्थिति में जीवन को बचाना पहला कर्तव्य है। बैठक में अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# आदिकुमार के राज्य अभिषेक के क्षण को देखकर भक्तिमय हुआ माहौल

### पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में 5वें दिन हुए विविध आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं गजरथ महोत्सव में पांचवे दिन सुबह पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन, शांति हवन किया गया। युवावस्था में आदिकुमार की बारात निकाली गई तथा विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें उपस्थिति दी। गजरथ स्थल पर इन सभी विधानों को देखकर लग रहा था कि साक्षात् अयोध्या नगरी में आदिकुमार का दरबार लगा है और उपस्थितजन खुशी से झूम रहे है। आदिकुमार के राज्य अभिषेक के क्षण देखकर समूचा माहौल भक्तिमय था और सभी इस अद्भुत और अलौकिक क्षण को देखने की बार-बार कल्पना कर रहे थे। दुनिया से विरक्त होकर सुख वैभव का त्याग कर आदिकुमार का वन की ओर गमन हो गया। इसके साथ ही परम सत्य की खोज में उनकी यह महायात्रा दीक्षा के उपरांत प्रारंभ ओर चले गए। उक्त वैराग्य का मंचन सम्पन्न हुआ। दोपहर 3 बजे आचार्य समयसागर महाराज ने दीक्षा मंत्रों का उच्चारण करते हुए आदिकुमार को मुनि 108 ऋषभ सागर महाराज के रूप में दीक्षित किया। राजा आदिकुमार को दिगंबर अवस्था की दीक्षा देते हुए जैन मुनि के उपकरण पिच्छी, कमण्डल दिया गया।

नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

महोत्सव के दौरान जैन डॉक्टर एसोसिएशन द्वारा स्वास्थय शिविर की नि:शुल्क आयोजन किया





श्रद्धालू खुशी से झूमते रहे। आदिकुमार के विवाह का यह बड़ी ही मनोहारी चित्रण था। जिसके उपरांत आदि कुमार का चक्रवर्ती अभिषेक, दीक्षा अभिषेक की प्रक्रिया की गई । जिसके उपरांत महाराज नाभिराय ने अपना मुकुट युवराज आदिकुमार को पहनाया और अपना आसन परिवर्तित कर लिया। इसके उपरांत गजरथ के सभी पात्रों ने भगवान के दरबार में हुई। तप कल्याणक वैराग्य के दिन युवा आदिकुमार के मन में नीलांजना के नृत्य को देखकर वैराग्य का भाव होने लगा। इस हेतु उन्होंने अपने राजपाठ को अपने दोनों पुत्रों को सौंप कर वन की ओर प्रस्थान करने तैयार हो गए। लोक किवदंतियों में देवों द्वारा वैराग्य की अनुकंपा एवं वैराग्य की स्तुति की गई है जिसमें आदिकुमार पालकी में बैठकर दीक्षा वन की गया। अध्यक्ष डॉ. संजय जैन, सचिव डॉ. पियूष जैन, डॉ. अशोक जैन, डॉ. चन्देश जैन, डॉ. साक्षी जैन, डॉ. स्वपनिल जैन, डॉ. शिल्पी जैन का सहयोग रहा। डॉ. चन्द्रेश जैन ने बताया कि यह नि:शुल्क स्वास्थ शिविर 7 तारीख तक जारी रहेगा। इस दौरान मेडिकल कालेज डीन डॉ. नवनीत सक्सेना एवं अधीक्षक डॉ. अरविंद शर्मा का भी सहयोग प्राप्त हुआ।

### रिकॉइल 11 पर भारी पड़ी टेक किंग की टीम




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीसीएफ कर्मचारी संगठन के मीडिया प्रमुख उत्तम विश्वास ने बताया कि मजदूर संघ हथौड़ा के कार्य समिति के तत्वाधान में चल रहे जीसीएफ इंटरसेक्शन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें लीग मैच में आज मुकाबला टेक किंग और रिकॉइल 11 के बीच था टेक किंग के कप्तान रविकांत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय किया टेक किंग ने अपने निर्धारित 10 ओवर में छह विकेट खोकर 96 रन का लक्ष्य दिया इस मुकाबले में दर्शकों द्वारा अच्छे खेल के कारण काफी नगद राशि पुरस्कार स्वरूप दिया गया दर्शक दीर्घा से रवि शाह सुब्रत सारंगी एवं राकेश जैन द्वारा नगद राशि पुरस्कार स्वरूप टेक किंग के कप्तान रविकांत और इस मैच से डेब्यू कर रहे सागर कनौजिया को दिया गया 97 रन के लक्ष्य के पीछा करते हुए रिकॉइल 11कि टीम निर्धारित 10 ओवर में 69 रन ही बना सकें रिकॉइल 11 के पिछले लीग मैच में रनों के बौछार करने वाले स्टार बल्लेबाज मिथुन बिना खाता खोलें आउट हो गए स्टार बल्लेबाजों से भारी रिकॉइल 11 की टीम गुरूवार काफी संघर्ष करते देखी गई । वही टेक किंग के शीतला प्रसाद निलेश खंपरिया एवं सागर कनौजिया विकेटों की झड़ी लगाते हुए रनों पर अंकुश लगाने में कामयाब रहे मैन ऑफ द मैच का अवार्ड मजदूर संघ हथौड़ा के अध्यक्ष श्री विनय गुप्ता एवं महामंत्री रोहित यादव द्वारा निलेश खमरिया को दिया गया। हथौड़ा यूनियन के सुब्रत सारंगी, अविनाश, टीटू बराड, अर्पित, बाबूलाल मरकाम, भिमराज मीणा, अजय पांडे आदि कार्य समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

### जनरल परेड का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस कप्तान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पुलिस विभाग में अनुशासन बनाये रखने के लिये परेड का महत्वपूर्ण योगदान है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस लाईन्स स्थित परेड ग्राउंड जनरल परेड का निरीक्षण किया गया। जनरल परेड के बाद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा परेड पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का निरीक्षण करते हुये अच्छे टर्नाउट वाले कर्मचारियों को पुरूस्कृत किया गया। तत्पश्चात आपके द्वारा प्लाटूनों द्वारा की गयी अलग-अलग ड्रिल तथा आर्म्स ड्रिल एवं यातायात प्लाटून द्वारा की गयी मैनुअल यातायात संकेत ड्रिल को देखा गया, साथ ही अधिकारी/कर्मचारियों से करवाई गयी। इसके साथ ही परेड ग्राउंड पर उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों से इन्सास राईफल, पिस्टल खोलने एवं जोड़ने का अभ्यास कराया गया।

### डिफेंस क्लस्टर की स्थापना के लिये जबलपुर पूरी तरह अनुकूल : आशीष दुबे



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर स्थापित करने की बात तथ्यात्मक रूप से सरकार के समक्ष रखी है। शुक्रवार को लोकसभा में पदेन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी के समक्ष शीतकालीन सत्र में दिए गये उद्बोधन के दौरान सांसद आशीष दुबे ने इस आशय की बात कही। सांसद श्री दुबे ने कहा कि जबलपुर में रक्षा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठान कार्यरत हैं जिनमें व्हीकल फैक्ट्री, ऑर्डेनेंस फैक्ट्री, गन कैरिज फैक्ट्री शामिल हैं, जिस कारण जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर बनाया जाना सर्वाधिक उपयुक्त होगा। उन्होंने कहा कि जबलपुर मप्र का प्रमुख शहर है जिसका समृद्धशाली इतिहास है एवं नगर डिफेंस क्लस्टर स्थापित किये जाने के लिये पूरी तरह अनुकूल है। उन्होंने कहा कि जबलपुर में 5 विश्वविद्यालय भी हैं और पर्यटन की दृष्टि से भी जबलपुर अत्यंत महत्वपूर्ण नगर है। सांसद श्री दुबे ने आगे कहा कि डिफेंस क्लस्टर की स्थापना से जबलपुर में विकास की गति बढ़ने के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभाशाली युवाओं के लिये रोजगार के अवसर बढ़ेंगे वहीं नगर में हर विधा के पारंगत युवाओं को डिफेंस क्लस्टर के माध्यम से भविष्य की नई दिशा मिल सकेगी। सांसद श्री दुबे ने बताया कि डिफेंस क्लस्टर स्थापित होने से रक्षा उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को भी गति मिलेगी जिससे उन्नत रक्षा उत्पादों का विकास हो सकेगा। गौरतलब है कि भारत में अभी कई डिफेंस क्लस्टर काम कर रहे हैं और अगर जबलपुर में डिफेंस क्लस्टर की स्थापना होती है तो निश्चित तौर पर इससे जबलपुर के विकास की गति और बढ़ेगी।

### सड़क दुर्घटना में किशोर की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार थाने में भूरा भूमिया उम्र 44 साल निवासी कटिया घाट स्कूल मोहल्ला थाना बरेला ने सूचना दी कि मजदूरी करता है। उसका दूसरा नम्बर का पुत्र कृष्णा भूमिया को को सडक दुर्घटना में बिलहरी छोटे हनुमान मंदिर के सामने घायल होने मेडिकल अस्पताल में भर्ती किये थे। जहां पर इलाज के दौरान बालक कृष्णा भूमिया उम्र 14 वर्ष की मृत्यु हो गई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है ।

# जेडीए की योजनाओं में चल रहे विकास कार्यों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर विकास प्राधिकरण द्वारा लगभग 500 एकड़ में विकसित की जा रही योजना क्रमांक 64 एवं 65 तथा योजना क्रमांक 11 द्वि.च. शताब्दीपुरम एवं यो.क. 5/14 गजरथ में निर्मित किये जा रहे बहुमंजिलीय भवनों का निरीक्षण शुक्रवार को कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया।



निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान जेडीए के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीपक कुमार वैद्य ने यो.क.-64 एवं 65 के विस्तृत प्लान एवं विकास कार्यों की भविष्य की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी से अवगत् कराते हुये बताया कि इन योजनाओं में मास्टर प्लान की 48मीटर चौड़ी एवं लगभग 2.50 किमी लम्बी एसआर-3 सड़क है, जिसका निर्माण कार्य पूर्णता की ओर है, जिसे फरवरी-2026 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। इस सड़क का निर्माण पूर्ण होने से मुख्य मार्ग एआरपी-4 एवं एसआर-3 की कनेक्टिविटी सीधे नागपुर कटनी बाईपास से हो जायेगी, जिससे 8 किलोमीटर की दूरी से बचत होगी एवं ईंधन की बचत के साथ ही यातायात सुदृढ़ीकरण को नई दिशा मिलेगी, इसके साथ ही पाटन बायपास के यातायात दबाव से भी काफी हद तक निजात मिल सकेगी।

उक्त दोनों योजनाओं के निरीक्षण के साथ ही कलेक्टर एवं निगमायुक्त द्वारा अन्य योजनाओं में जेडीए के चल रहे वृहद् आवासीय व्यवसायिक प्रोजेक्ट का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा सिविल कार्यों के साथ ही विद्युतीकरण कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता का अवलोकन करते हुये मौके पर स्थापित टेस्ट लैब, टेस्ट रिपोर्ट आदि का बारीकी से अवलोकन किया गया तथा विकास/निर्माण कार्यों में गुणवत्ता के साथ-साथ समानुपातिक प्रगति बनाये रखने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर जबलपुर द्वारा बताया गया कि जेडीए की यो.क-64 एवं 65 निश्चित ही अत्यंत महत्वाकांक्षी योजनायें है एवं 500 एकड़ के क्षेत्र में महानगरों की तर्ज पर योजनायें विकसित होने से निश्चित रूप से नये शहर की परिकल्पना साकार होगी। निरीक्षण के दौरान जेडीए के अधीक्षण यंत्री पंकज श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री संजय खरे, शैलेन्द्र चौबे एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. प्रशांत मिश्रा का हुआ सम्मान

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



घंटाघर काफी हाउस मित्र मंडल एवं रानी दुर्गावती पूर्व छात्र संघ के संयुक्त तत्वाधान में पूर्व विधायक नन्हेलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता जनजागरण मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मथुरा प्रसाद दुबे के आतिथ्य में महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ प्रशांत मिश्रा को कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बनाए जाने पर समस्त खेल संघों एवं पूर्व छात्र नेताओं की उपस्थिति में घंटाघर काफी हाउस में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पूर्व विधायक छात्र नेता संजय यादव, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा को भी सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में पूर्व विधायक नन्हेंलाल धुर्वे, पूर्व छात्र नेता मथुरा प्रसाद दुबे, मधु चौधरी, की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर घंटाघर मित्र मंडल के अध्यक्ष राज सोनकर एवं विश्वविद्यालय पूर्व छात्र (शिक्षण विभाग) के संयोजक दीना ठाकुर, संजय साहू, अशोक तोमर द्वारा माला पहनाकर शॉल श्रीफल और मूमेंटो से सम्मानित किया गया। वहीं वॉलीबॉल संघ की ओर से भी वॉलीबॉल संघ की जिला सचिव नीलम चंसोरिया अशोक नामदेव, गजराज वैद्य द्वारा भी शॉल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मास्टर एथलेटिक्स में संस्कारधानी को गौरवित करने वाली विनीता शर्मा को एवं पाटन विधानसभा से युवक कांग्रेस के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ललित सोनी को भी अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हॉकी के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे सुनील यादव, कुश्ती संघ के तजिदर टीटू, सुनील पटेल, मास्टर एथलेटिक्स संघ से सुमित्रा पिल्लई आदि उपस्थित रहे।

## रोजाना लग रहा घंटों का जाम, तत्काल मिले फ्लाईओवर बनाने की स्वीकृति

### पूर्व विधानसभा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था पर विधायक लखन घनघोरिया ने विधानसभा में उठाया मुद्दा



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** विधानसभा में द्वितीय अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक लखन घनघोरिया ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रस्तुत अनुपूरक बजट विकास का दस्तावेज नहीं, बल्कि कर्ज का बोझ है, जिसे प्रदेश के प्रत्येक नागरिक के माथे पर लादा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आम बजट से लेकर अनुपूरक अनुमानों तक सरकार अधोसंरचना के नाम पर भारी निवेश का दावा करती है, लेकिन इस निवेश का वास्तविक लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। उन्होंने विशेष रूप से जबलपुर के अधोसंरचना कार्यों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि 465 कार्यों की सूची में भी जबलपुर की उपेक्षा साफ दिखाई देती है।

### शहर के साथ बंद हो पक्षपातपूर्ण रवैया

उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष के विधायकों के क्षेत्रों के फ्लाईओवर कार्य भी लंबित हैं, तो विपक्ष के क्षेत्र की उपेक्षा स्वाभाविक है। उन्होंने मांग कर कहा कि अतिदीर्घकाल से लंबित मप्र हाई कोर्ट अब्दुल हमीद चौक बिरसा मुंडा चौराहा फ्लाईओवर को तत्काल स्वीकृति एवं बजट प्रदान किया जाए।

### शासकीय महाविद्यालय में कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में दिनांक 5 दिसंबर को हिंदी विभाग के द्वारा मनीषा साहित्य परिषद के अंतर्गत सस्वर कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । मनीषा साहित्य परिषद विद्यार्थियों की साहित्यिक प्रतिभा को उजागर करने का अवसर प्रदान करता है। यह प्रतियोगिता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा सक्सेना के संरक्षण और हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ मनोज कुमार विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित हुई। कविता का विषय प्रकृति चित्रण था । जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अत्यधिक सुंदर प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ शिखा सक्सेना ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और शुभकामनाएं प्रदान की। डॉ मनोज कुमार विश्वकर्मा ने मप्र के साहित्यकारों के विषय में और प्रतियोगिता के विषय की प्रासंगिकता के बारे में विस्तार से चर्चा की।

# पहले चुराया पिकअप वाहन फिर उसी से लूटने पहुंचे 2 एटीएम

### ग्रामीणों की सजकता से असफल हुए चोर आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।



शहर से लगभग 35 किलोमीटर दूर विगत रात बदमाशों ने एक घंटे के भीतर एक किलोमीटर के दायरे में एसबीआई के दो एटीएम तोड़ने का प्रयास किए। चोरी की पिकअप वाहन में पहुंचकर आरोपी पहले मशीनों की स्क्रीन और सीसीटीवी तोड़ते रहे। एक एटीएम को तो बदमाश घसीटकर बाहर तक ले आए, लेकिन भारी होने के कारण पिकअप में नहीं रख पाए। इसी दौरान ग्रामीणों की आहट से घबराए आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल यह घटना गोसलपुर और उसके आसपास के इलाके की है। देर रात करीब दो बजे चारङ्कपांच बदमाश एक कार में सवार होकर गांधीग्राम क्षेत्र पहुंचे और सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वाहन चोरी कर ली। इसके बाद आरोपी पिकअप लेकर गोसलपुर पहुंचे, जहां उन्होंने एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित एसबीआई के 2 एटीएम को निशाना बनाया।

**तलाश में जुटी 3 थानों की पुलिस** -बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पहले एटीएम में घुसकर सीसीटीवी कैमरा तोड़ा, फिर मशीन से पैसे निकालने की कोशिश की। काफी देर माथापच्ची के बावजूद जब कैश नहीं निकला तो उन्होंने स्क्रीन तोड़कर वहां से निकल गए। इसी प्रकार कटनी रोड पर आगे बढ़ते हुए बदमाश दूसरे एटीएम में घुसे। यहां उन्होंने लोहे की सब्बल और अन्य औजारों से मशीन तोड़ी और पूरी मशीन को घसीटकर बाहर ले आए। लगभग दो क्विंटल वजनी एटीएम मशीन को पिकअप में रखने की कोशिश की, लेकिन भारी होने के कारण आरोपी सफल नहीं हो सके। इसी बीच आवाज सुनकर ग्रामीण घरों से बाहर निकल आए, जिन्हें देखकर बदमाश मौके से भाग खड़े हुए। इस मामले में एएसपी अंजना तिवारी ने बताया कि बदमाशों ने एक किलोमीटर के अंतराल में दो एटीएम मशीनें तोड़ी हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी बात यह है कि दोनों मशीनों का कैश सुरक्षित है, हालांकि मशीनें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं। गोसलपुर, सिहोरा और पनागर थाना पुलिस आरोपियों की तलाश में लगातार सीसीटीवी खंगाल रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।

### पमरे ने की 36 मिलियन टन से अधिक ओरजिनेटिंग लोडिंग

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल पर ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में ओरजिनेटिंग फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने चालू वित्तीय वर्ष के नवम्बर 2025 माह में 04.62 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 04.29 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया था, जो कि 07.73 प्रतिशत अधिक है। इस प्रकार पश्चिम मध्य रेल ओरजिनेटिंग गुड्स लोडिंग में चालू वित्तीय वर्ष 2025 के अप्रैल से नवम्बर तक कुल 36.08 मिलियन टन प्रारम्भिक माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष में 33.77 प्रारम्भिक मिलियन टन माल लदान किया था।



# मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी ने किया पोषण पुर्नवास केंद्र का निरीक्षण

**उमरिया।** विकासखंड पाली स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र का मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ पी एल सागर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक दशन पंद्राम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान साफ सफाई एवं डाइट चार्ट के आधार पर भोजन वितरण के संबंध में चर्चा की। डेमोंस्ट्रेटर गुलनाज परवीन ने बताया कि बच्चों के वजन के आधार पर एस एफ, एफ 100 और एफ 75 डाइट देकर बच्चों को डाइट दिया जा रहा है जिसमे 14 दिनों के लिए भर्ती रहते है एवं फॉलो अप लिया जाता है । 10 बेड फुल होगी। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्टीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा एडमिट हितग्राही सीनू वनवासी ग्राम गौरैया वर्षा सिंह ग्राम चांदपुर से वास्तविक स्थिति की जानकारी ली गई जिसमें हितग्राहियों द्वारा समुचित व्यवस्थाओं को उत्साह पूर्वक बताते हुए कहां की बच्चों का वजन दिन–ब–दिन बढ़ता जा रहा है जो एक सही परिणाम दिखता है। ड्रॉक्टर पी एल सागर द्वारा जन समुदाय से अपील की गई है कि ग्राम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा से जानकारी प्राप्त कर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराए जाने हेतु पहल करें जिससे कि बच्चों का विकास उम्रानुसार सही समय पर हो सकें।

# मेमू ट्रेन से टकराए युवक की जिला अस्पताल में मौत



**उमरिया ।** करकेली नौरोजाबाद के बीच रेल लाइन पर अज्ञात युवक जिला अस्पताल उमरिया में मौत हो गई। विदित हो कि बिलासपुर- कटनी मेमू ट्रेन चालक ने बताया कि मैं मेमू ट्रेन लेकर उमरिया आ रहा था तभी युवक रेल लाइन में चलते हुए दिखाई दिया । ट्रेन कि गति तेज होने पर हार्न तथा इमरजेंसी ब्रेक भी लगाया गया लेकिन तब तक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। चालक ने त्वरित घायल को उठाकर मेमू रेल गाडी में रखकर उमरिया लाये । जहां से एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया था। अस्पताल के डयूटी डॉक्टर ने बताया कि मेमू ट्रेन से रन ओभर हुआ युवक कि इलाज के दौरान मौत हो गई है जिसे चउ पहचान के लिए मोर्चूरी में रखा गया है। इस दौरान जिला अस्पताल के डियूटी डॉक्टर एवं पुलिस सहायता केंद्र ने बताया कि मृतक युवक कि पहचान नहीं हो पायी है । पहचान के मीडिया में फोटू हुलिया वायरल किया गया है वहीं कोतवाली थाने प्रभारी को मामले कि जानकारी दी गई है।मृतक युवक कि पहचान के लिए प्रयास किया जा रहा है।

# कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईव्हीएम गोदाम का किया निरीक्षण



**उमरिया ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ कलेक्टर परिसर स्थित ईव्हीएम गोदाम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने सीयू कक्ष, बीयू कक्ष का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी रीता डेहरिया, मान्यता प्राप्त दलों से धनुषधारी सिंह, इंजी विजय कोल,प्रदीप रजक,राजीव सिंह बघेल,नीरज चंदानी उपस्थित रहे।

# चंदिया उशंकर चौरिटेबल ट्रस्ट एवं एजुकेशन ट्रस्ट सागर मध्यप्रदेश द्वारा सामग्री की गई वितरित



उमरिया।

चंदिया उशंकर चौरिटेबल ट्रस्ट एवं एजुकेशन ट्रस्ट सागर मध्यप्रदेश द्वारा शूटर,पेन, कॉपी, पानी बाटल , बैग, वितरण किया गया। ट्रस्ट के मुख्य सदस्य भूपेश शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा संस्था का परिचय कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नागेन्द्र सिंह , विशिष्ट अतिथि टी आई चंदिया थाना, अमित विश्वकर्मा साहब कंट्रोल रूम प्रभारी महोदय, सरपंच प्राचार्य पुष्पेंद्र उपाध्याय , राधे महराज, सचिव संजू भैया, सहित शिक्षक एवं ग्रामीण जनों की उपस्थिति रहे। बच्चों से सभी अधिकारियों द्वारा कुछ जनरल सवाल किया गया जिसमें बच्चे बढ़चढ़ चढ़ कर हिस्सा लियां । टी आई व्दारा बच्चों को शरीर की कुछ महत्वपूर्ण अंगों के विषय में जानकारी दी गई उन्होंने कहा कि कभी कोई परेशानी हो तो माता पिता शिक्षक या पुलिस अपने दोस्तों को भी जानकारी दिया गया सवाल सभी अधिकारियों ने किया और पुरस्कार वितरण भी किया गया । सामाजिक कार्यकर्ता भूपेश शर्मा ने बताया कि हमारे ट्रस्ट के द्वारा लगातार जनहित में गरीब परिवार जनों ,स्कूल के बच्चे, ओर ग्रामीणों को समय समय पर सहयोग किया जाता है। एसडीओपी नागेंद्र सिंह द्वारा पथरेई हाई स्कूल के बच्चों के साथ बातचीत करते हुए अपने आप को सौभाग्यशाली माना । उन्होंने कहा कि जो भी उपहार इस संस्था के माध्यम से आप तक लेकर आए हैं उसे स्वीकार करें । बच्चों से कुछ जवाब सवाल किया और पुरस्कार वितरित किया।

## कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर को

उमरिया।

प्राचर्य जवाहर नवोदय विद्यालय ने बताया कि सत्र 2026-27 में जवाहर नवोदय विद्यालय की कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को आयोजित होगी। उन्होने कहा है कि परीक्षा केंद्र पर प्रवेश-पत्र के साथ-साथ अपनी पहचान / निवास सुनिश्चित करने के लिए आधार कार्ड की मूल प्रति या आधार कार्ड न होने की दशा में कोई सरकारी पहचान पत्र आवश्यक रूप से अपने पास रखें तथा प्रवेशपत्र पर अंकित जन्मतिथि को प्रमाणित करने वाला कोई सरकारी दस्तावेज भी अपने साथ रखें।

## सशस्त्र सेना झंडा दिवस 8 दिसंबर को मनाया जाएगा

उमरिया । सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि 7 दिसंबर को अवकाश होने की स्थिति में सशस्त्र सेना झंडा दिवस पर कार्यक्रम 8 दिसंबर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जावेगा ।



## दर्राहार पनपथा बफर की बीट खितौली में रेत का परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त

**उमरिया।** बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया अन्तर्गत क्षेत्र संचालक एवं उप संचालक, बाँधवगढ़ टाइगर रिजर्व उमरिया द्वारा दिये गये निर्देशानुसार उप वनमण्डल अधिकारी पनपथा द्वारा वन परिक्षेत्र पनपथा बफर की बीट खितौली बफर के कक्ष क्रमांक आरएफ-500 स्थान दर्राहार में आरोपी वकील भुमिया वल्द संतराम भुमिया साकिन बम्हौरी तहसील बरही जिला कटनी (म.प्र.) द्वारा ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 54 एए-0415 से अबैध रेत परिवहन करते हुये मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को जप्त कर आरोपी को हिरासत में लिया गया।जब्त ट्रैक्टर रेत से भरी ट्राली को बीटगार्ड खितौली की सुपुर्दगी में रखा गया। कार्यवाही के दौरान वन परिक्षेत्र पनपथा बफर का स्टाफ उपस्थित रहा। नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।इस प्रकार की कार्यवाही सतत रूप से जारी रहेगी।

## राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग का भ्रमण कार्यक्रम

**उमरिया।** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग दिलीप जायसवाल एक दिवसीय भ्रमण पर 6 दिसंबर को उमरिया आयेगे । श्री जायसवाल 6 दिसंबर को प्रात: 10 बजे बिजुरी से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 उमरिया पहुंचेगे । दोपहर 1.30 बजे अमर शहीद स्टेडियम, उमरिया में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबाल प्रतियोगिता बालक 14 वर्ष के समापन समारोह कार्यक्रम में शामिल होगे । दोपहर 3.30 बजे उमरिया से बिजुरी के लिए प्रस्थान करेंगे।



## जिले में 238 किसानों से 12842 क्विंटल धान की गई खरीदी

**उमरिया।** सहायक आपूर्ति अधिकारी रोहित सिंह ने बताया कि जिले में धान खरीदी के लिए 44 केंद्र बनाए गए है। जिले में 238 किसानों से 12842 किसानों से धान खरीदी कि जा चुकी है।

# यूसीमास 13वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न

**उमरिया।** जिले की प्रतिष्ठित आईपीएस इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा संचालित यूसीमास 13वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। इस प्रतियोगिता में जिले के 150 प्रतिभागी हिस्सा लिए। प्रतिभागियों से गणित के जटिलतम प्रश्न गुणा भाग जोड़ घटाना तथा दशमलव जटिल प्रश्न का टारगेट मात्र 8 मिनट में 200 प्रश्न सॉल्व करने के लिए दिया गया। जिसमें सभी प्रतिभागी ने अपना प्रश्न पत्र मात्र 8 मिनट में हल कर दियास सभी दर्शकों के सामने बच्चों से कही का भी पहाडा जैसे 82, 786, तथा 343 पूछा गया, जिसमें बच्चों ने कुछ ही सेकंड में यह पहाडा पढ़ कर सुना दियास यूसीमास




जिलास्तरीय प्रतियोगिता उत्साह, अनुशासन और प्रतिभा के अद्भुत समागम के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने अपनी उत्कृष्ट गणनात्मक क्षमता, तेज़ मानसिक कौशल और आत्मविश्वास का शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएस स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर तथा यू सी मास उमरिया के डायरेक्टर इंजीनियर वसीम अकरम ने अपने उद्बोधन में बताया की यूसीमास 13वीं जिला स्तरीय प्रतियोगिता हर साल आईपीएस प्रांगण में कराई जाती हैस इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का ब्रेन का संपूर्ण विकास तथा गणित का डर भगाना है। इतनी छोटी सी उम्र में बच्चों में ऐसी प्रतिभा का होना किसी चमत्कार से कम नहीं है। अंत में पुरस्कार वितरण किया गया, पुरस्कार वितरण का स्वरूप फिफ्थ रनर अप, फोर्थ रनर अप, थर्ड रनर अप, सेकंड रनर अप, फर्स्ट रनर अप, चौंपियंस, चौंपियंस ऑफ़ द चौंपियन, तथा मॉड्यूल चौंपियन थास जिसमें सभी विद्यार्थियों को उनके रैंक के आधार पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। तथा चौंपियंस ऑफ द चौंपियंस विजेताओं को ट्रॉफी तथा नगर पुरस्कार 1000 रुपये देकर सम्मानित किया गयास इसके साथ ही मॉडल चौंपियन को 1100 नगर और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



# तीसरी आंखों से धान खरीदी केंद्रों की निगरानी

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिले के धान खरीदी केंद्रों में उपार्जन कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते 05 दिसंबर सायं तक 6508 कृषकों से 2 लाख 69 हजार 694 क्विंटल धान खरीदी की गई है। इस वर्ष सभी खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक बालाघाट पी. जोशी के निर्देशन में 05 दिसंबर को धान खरीदी केंद्र कुम्हारी और समनापुर का औचक निरीक्षण एम.एल.यादव बैंक विपणन अधिकारी, राजेश नगपुरे फील्ड अधिकारी, अमरेश परिहार इन्वेंटरी मैनेजर द्वारा किया गया। इस दौरान किसानों से चर्चा की गई तथा पेयजल, बैठने की व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की स्थिति का जायजा लिया गया। दोनों ही केंद्रों में कैमरे चालू पाए गए साथ किसानों की बैठने की समुचित व्यवस्था पाई गई। बैंक अधिकारियों ने धान केंद्र प्रभारी और धान खरीदी में लगे अन्य कर्मचारियों को धान उपार्जन नीति अनुसार खरीदी किए जाने के निर्देश दिए गए।

# पीएमश्री योजना अंतर्गत एक दिवसीय विशेष कार्यशाला

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

पीएमश्री योजना के अंतर्गत किशोर-अवस्था जागरूकता: जागृति, सुरक्षा, कौशल, आत्मविश्वास एवं सम्मान विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय बालाघाट में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मानसिक, शारीरिक एवं सामाजिक जागरूकता बढ़ाकर उन्हें चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती फिरोजा खान एवं बाल रोग विशेषज्ञ एवं विद्यालय के पूर्व छात्र डॉ. स्मरण ठाकुर द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार तुमसरे, कार्यक्रम संयोजक श्रीमती ममता बावनकर (पीजीटी रसायन) तथा संजय कुमार डोंगरे



(पीजीटी जीवविज्ञान) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

कार्यशाला में किशोर छात्राओं के लिए विशेष सत्र बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमती फिरोजा खान ने कक्षा 6 से 8 और कक्षा 9 एवं 11 की छात्राओं को अलग-अलग समूहों में व्यक्तिगत सुरक्षा, आत्मसम्मान, शिकायत निवारण प्रक्रिया, ऑनलाइन सुरक्षा तथा किशोरावस्था से जुड़े मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया। श्रीमती फिरोजा खान ने कहा कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों को सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा जागरूकता से जुड़ी सही जानकारी प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे अपने जीवन में आने वाले परिवर्तनों को समझकर आगे बढ़ सकें।

इसी प्रकार कक्षा 6 से 8 और 9 एवं 11 के छात्र समूहों के लिए जीवविज्ञान प्रयोगशाला में डॉ. स्मरण ठाकुर द्वारा शारीरिक परिवर्तन, हार्मोनल बदलाव, मानसिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और अनुशासन जैसे विषयों पर वैज्ञानिक एवं संवेदनशील मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञ ने सरल भाषा में समाधान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्रीमती वीना बागड़े, श्रीमती गरिमा चौहान, सतेंद्र लांजेवार, सचिन कुमार, प्रदीप कुमार कौशल, अमरनारायण शुक्ल तथा डॉ. श्रीमती सुनीता गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा। अंत में कक्षा 11वीं की छात्रा कुमारी गुंजन बोपचे ने सभी अतिथियों, विशेषज्ञों एवं शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए जागरूकता, प्रेरणा एवं आत्मविश्वास का महत्वपूर्ण अनुभव सिद्ध हुई।



# खैरलांजी में समाधान योजना के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता रैली

बालाघाट (स्वतंत्र मत)।

खैरलांजी वितरण केन्द्र अंतर्गत समाधान योजना के प्रचार प्रसार के लिए 05 दिसम्बर को जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली वितरण केन्द्र खैरलांजी से सुबह 11 बजे निकाली गयी, जिसे संभाग वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता बी.एल. भैना, सहायक अभियंता राहुल तुरकर एवं वितरण केन्द्र के प्रभारी सुशील कुमार मर्सकोले ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में सभी मुख्यालय के तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारी भी दो पहिया वाहन से प्रचार सामग्री लेकर शामिल हुये।

यह रैली समाधान योजना के फायदे, वि-मित्र योजना के लाभ एवं सौर उर्जा से आत्मनिर्भरता जैसे मध्यप्रदेश सरकार के उर्जा विभाग द्वारा जनहित में जनउपयोगी योजना के बेनर, पोस्टर, प्रचार वाहन से सुसज्जित थी। रैली खैरलांजी से प्रारम्भ होकर ग्राम खैरी, सावरी, टेमनी, भौरगढ, कुम्हली, मोवाड, डोगरया, चिचोली, शंकर पिपरिया, फुलचुर, कटोरी, भण्डारबोडी, कचेखनी, सालेटेका होते हुये कार्यालय वितरण केन्द्र खैरलांजी में दोपहर 2 बजे समाप्त हुई।

# खोड़सिवनी के घरों में नल से पहुंचने लगा है शुद्ध जल

**बालाघाट (स्वतंत्र मत)।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2019 में आरंभ किए गए जल जीवन मिशन का लक्ष्य ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर तक पाइपलाइन के माध्यम से स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्याप्त पेयजल पहुंचाना है। 'हर घर जल' के संकल्प के साथ यह मिशन ग्रामीण जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को सुदृढ़ बनाते हुए लोगों के जीवनस्तर में बड़ा परिवर्तन ला रहा है।



इसी संकट से जूझता था ग्राम खोड़सिवनी, जो बालाघाट मुख्यालय से लगभग 16 किलोमीटर दूर स्थित है और जहां की जनसंख्या लगभग 3420 है। गांव में पेयजल का प्रमुख स्रोत वर्षों कुएं, हैंडपंप और तालाब रहे। गर्मी के मौसम में जलस्तर गिरने से हैंडपंप प्राय: सूख जाते थे, जिससे महिलाओं को पानी लाने के लिए दूर-दूर तक पैदल जाना पड़ता था। गहरे कुओं से पानी निकालने में खतरा बना रहता था। लेकिन अब यह स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में व्यापक कार्य किए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को स्थायी और विश्वसनीय जल सुविधा प्राप्त हुई है। मिशन के अंतर्गत ग्राम खोड़सिवनी के 656 घरों में घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही गांव को 'हर घर जल ग्राम' घोषित किया गया है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी एल उईके ने बताया कि इस परियोजना ने ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाया है। जहां पहले पानी के लिए रोजाना संघर्ष करना पड़ता था, वहीं अब घर-घर नल की सुविधा उपलब्ध है। इससे समय की बचत, स्वास्थ्य में सुधार और जीवन की गुणवत्ता में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। खोड़सिवनी में जल जीवन मिशन की सफलता ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है, और यह गांव अब जल सुविधा से सम्पन्न होकर खुशहाली की ओर अग्रसर है।

**बालाघाट राइस मिल एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बने आनंद ठाकरे**

# उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान व सदस्यों के हित में कार्य करेंगे

बालाघाट (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में सर्वाधिक धान उत्पादक जिलों में से एक बालाघाट जिला हैं, जिले में राइस मिल का संचालन करना और उसका व्यवसाय करना भी वर्षभर चलता रहता है। इसे और मजबुती प्रदान करने के लिए राइस मिल एसोसिएशन के सदस्यों ने सर्वसम्मति से राइस मिल संचालक आनंद ठाकरे को जिलाध्यक्ष चुना है। आंदन ठाकरे ने कहा कि मुझे सगंठन ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, उसका निर्वहन कर एसोसिएशन को और मजबुती प्रदान कि जायेगी।

जानकारी अनुसार, बीते कई वर्षो से बालाघाट जिले के राइस मिल संचालन करने और उसका व्यवसाय करने में राइस मिल एसोसिएशन का एक महत्वपूर्ण योगदान रहता है, लेकिन कुछ दिनों से लगातार एसोसिएशन का चुनाव



नहीं होने से अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो पा रहा था, एसोसिएशन को मजबूत करने के लिए 3 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे की मुख्य उपस्थिति में राइस मिल एसोसिएशन के चुनाव संपन्न हुए। जिले भर से उपस्थित रहे राइस मिल संचालको ने पूर्व की समिति को भंग करते हुए नय अध्यक्ष का चुनाव करने का फैसला लिया और एसोसिएशन के सदस्यों की ओर से सर्वसम्मिती से राइस मिल संचालक युवा उद्यमी आनंद ठाकरे को जिला अध्यक्ष राइस मिल एसोसिएशन चुन लिया गया हैं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर कावरे, नवनिवार्चित जिलाध्यक्ष आनंद ठाकरे, कुमार कावरे, पूर्व जिलाध्यक्ष मोनु भगत, अनिल चतुरमोहता, प्रकाश सचदेवा, राकेश भटेरे, विनोद राहंगडाले, खेमचंद धनवानी, छिरदेश हिरवाने, अंकित संचेती, डुलेन्द्र पिंटु टेम्भरे, विजय मस्करे, अंकित अग्रवाल, समिर सचदेव, विजय घोष, अंशुल पाराशर, ज्ञानचंद चौरड़िया, सतीष छुटटानी, विनोद धनवानी, विनय संचेती, नीरज (सोनु) अग्रवाल, अंशुल बोथरा, सुनिल अग्रवाल, जितेन्द्र वैद्य, विजय कोठारी, मुकेश पटेल अतरी सहित इस अवसर पर बड़ी संख्या में राइस मिल के संचालक और जिले के सम्माननीय उद्यमी उपस्थित रहें।

युवा उद्यमी आनंद ठाकरे ने कहा कि भाजपा के जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे के उपस्थिती में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुआ है और मुझे सर्वसम्मिती से वरिष्ठ संरक्षकों के मार्गदर्शन में जिले के सभी राइस मिलर्सो ने एसोसिएशन का जिलाध्यक्ष चुना गया हैं। उन्होने कहा कि एसोसिएशन निश्चित रूप से उद्योग से जुड़ी समस्याओं के समाधान व सदस्यों के हित में प्रभावी भूमिका निभाएगा।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला बालाघाट (म.प्र)**

क्र मांक/9163/अति.कले./वि.अधि./2025
बालाघाट दिनांक 20/11/2025

-::आम-सूचना::-

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अन्तर्गत विशेष/अर्न्तजातीय विवाह हेतु आवेदकगण रोशन राठौर उम्र-24 वर्ष पिता श्री हरिराम राठौर जाति कलार निवासी वार्ड नं. 17 इंदिराटोला ग्राम गोरेघाट तह. तिरोडी जिला बालाघाट (म.प्र) एवं आवेदिका कु. माधुरी नितनवरे उम्र-25 वर्ष पिता श्री ग्यारसराम नितनवरे जाति महार निवासी वार्ड नं. 20 वाडी नागपुर तह.व जिला नागपुर (महा.) ने उपस्थित होकर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है जिसमे विशेष विवाह हेतु सुनवाई दिनांक 24/12/2025 को नियत की नई है।

अत: उक्त विवाह के सबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति है तो वह सुनवाई दिनांक 24/12/2025 तक न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी बालाघाट के समक्ष न्यायालयीन समय प्रात: 10:00 बजे उपस्थित होकर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। नियत समयवधि के पश्चात प्राप्त आपन्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अपर कलेक्टर, विवाह अधिकारी
जिला-बालाघाट

# छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय वार्षिक उत्सव में पहुंचे कलेक्टर-एसपी



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में रंग बिरंगी सजावट और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उत्सवमय वातावरण में डूबा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर सोमेश मिश्रा एवं एसपी रजत सकलेचा ने उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने नृत्य नाटक समूह गान सहित विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर प्राचार्य आरएस गुलाटी पालक शिक्षक संघ के सदस्य शिक्षकगण अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से हुए अपने संबोधन में कहा कि वे पिछले दिन किसी कारणवश वार्षिक उत्सव में शामिल नहीं हो पाए लेकिन आज उपस्थित होकर बच्चों की ऊर्जा और प्रतिभा देखकर अभिभूत हैं। उन्होंने कहा कि इस एक सबसे अच्छी बात यह रही कि सभी बच्चों ने पूरे उत्साह से विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

पहले यह देखा जाता था कि केवल कुछ गिने-चुने बच्चे ही मंच तक पहुंच पाते थे परंतु अब हर छात्र को अवसर मिल रहा है यह विद्यालय के बेहतर होते माहौल का संकेत है। विद्यालय बच्चों के समग्र विकास की नींव होता है। शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन संस्कृति और चरित्र निर्माण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बच्चों को सपनों को लक्ष्य में बदलने और निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा दी। कलेक्टर ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ाते हैं।

कलेक्टर ने यहां मौजूद शिक्षकों से कहा पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी बच्चों की भागीदारी जरूरी है। आप बच्चों की प्रतिभा पहचानें। हर बच्चे का भविष्य केवल पाठ्य-पुस्तकों में नहीं, बल्कि कला, खेल, संगीत, विज्ञान, तकनीक किसी भी क्षेत्र में चमक सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी बच्चे की आर्थिक स्थिति कमजोर हो तो यह उसकी प्रगति में बाधा नहीं बननी चाहिए। प्रतिभा और ईमानदारी के साथ मेहनत करने वाले बच्चों को कोई रोक नहीं सकता। शिक्षकों का दायित्व है कि वे हर बच्चे के टैलेंट को पहचानें उसे समर्थन दें और आगे बढ़ने का रास्ता दिखाएं कलेक्टर ने विद्यालयों में खुले और विश्वासपूर्ण माहौल के निर्माण पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल में ऐसा वातावरण होना चाहिए कि बच्चा बिना झिझक अपनी बात शिक्षक तक पहुंचा सके। यही विश्वास बच्चे को सुरक्षित निर्भीक और सीखने के लिए प्रेरित करता है।

उन्होंने बताया कि नैनपुर में शीघ्र ही केन्द्रीय विद्यालय प्रारंभ होने वाला है। विद्यार्थियों द्वारा शनिवार का अवकाश घोषित किए जाने की बात पर कलेक्टर ने केन्द्रीय विद्यालय में एक दिन का अवकाश घोषित किया एसपी ने केंद्रीय विद्यालय से अपने जुड़ाव और विद्यार्थी जीवन की स्मृतियाँ साझा कीं। उन्होंने बताया कि उन्होंने चार वर्ष केंद्रीय विद्यालय में पढ़ाई की है, इसलिए इस विद्यालय से उनका गहरा लगाव है। जब भी मैं केंद्रीय विद्यालय के सामने से गुजरा तो अपना बचपन अपनी कक्षाएं खुद ही याद आ जाते हैं। ऐसा लगता है मानो मैं फिर से अपने उन्हीं दिनों में लौट आया हूं। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्यालय की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहाँ देश के अलग-अलग राज्यों से बच्चे और शिक्षक आते हैं जिससे विद्यार्थियों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान होता है और उनकी सोच का दायरा व्यापक बनता है लाइब्रेरी, मैगजीन और न्यूजपेपर ने हमें हमेशा नई जानकारी से जोड़े रखा।

यह वातावरण छात्रों को आत्मविश्वासी और जागरूक बनाता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि नई शिक्षा नीति में जिन मूलभूत बातों पर जोर दिया गया है बहुभाषिकता रचनात्मकता राष्ट्रीय एकता समग्र विकास वे सब केंद्रीय विद्यालयों में पहले से ही मौजूद हैं। विद्यार्थियों को मेहनत, ईमानदारी और अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कहा कि देश का भविष्य आज के बच्चे हैं और उनके अंदर छुपी प्रतिभा को पहचाना एवं निखारा जाना बेहद आवश्यक है। उन्होंने छात्रों को साइबर सुरक्षा नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने कलेक्टर और एसपी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक आयोजनों की निरंतरता का संकल्प लिया।

# आदेश निरस्त करने पटवारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** मप्र पटवारी संघ ने अपनी मांगो को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। पटवारी संघ जिला अध्यक्ष गीतेन्द्र गीतू बैरागी ने बताया कि धान उपार्जन अवधि के दौरान पड़ोसी राज्यों एवं जिले से उपार्जन केन्द्रों पर उपज की अवैध बिक्री को रोकने हेतु सीमावर्ती इलाकों में चैकपोस्ट का गठन कर चैकिंग दल में जिले की घुघरी, बिछिया, नैनपुर, निवास तहसील के पटवारियों की ड्यूटी चेक पोस्टों पर लगाई गई है। जबकि वर्तमान में राजस्व विभाग के अंतर्गत पटवारियों द्वारा दिन रात एक कर शासन के महत्वपूर्ण बहुउद्देशीय कार्यक्रम निरंतर रूप से संपादित किए जा रहे हैं। जिसमें एसआईआर अपलोडिंग एवं पोर्टल कार्य निर्वाचन संबंधि किसान रजिस्ट्री कार्य सीमांकन त्रुटि सुधार कार्य नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों की रिपोर्ट कार्य जैसे अन्य कार्य पटवारी द्वारा किए जा रहे हैं। उक्त समस्त कार्य महत्वपूर्ण एवं निश्चित समय सीमा के अंतर्गत है साथ ही इन तहसीलों के अनेक पटवारी बीएलओ सुपरवाइजर के रूप में भी कार्यरत है अतः इन सब कार्यों के चलते बैंक पोस्ट में ड्यूटी करना असंभव है साथ ही चेकपोस्ट का स्थान संबंधित पदस्थ हल्का क्षेत्र से 15 किमी या अधिक दूरी पर है जिससे दोनों स्थानों पर पटवारी की एक साथ



उपस्थिति असंभव है चेकपोस्ट ड्यूटी प्रायः रात्रि में होती है जबकि दिन में राजस्व कार्य करना पड़ता है लगातार 24 घंटे कार्य करना शारीरिक रूप से संभव नहीं है। विगत एक माह से एसएलआर संबंधी तकनीकी बाधाओं के कारण कई महत्वपूर्ण राजस्व कार्य लंबित रहे जो अब तीव्रता से संपादित करना आवश्यक है। ऐसे में पटवारियों का क्षेत्र में निरंतर उपलब्ध रहना अत्यावश्यक है। उपरोक्त महात्वपूर्ण को दृष्टिगत रखते हुए एवं पटवारी वर्ग के प्रति सहानुभूति रखते हुए उन्हें चेक पोस्ट ड्यूटी से पूर्णतः मुक्त करे या संशोधन करते हुए रात्रिकालीन ड्यूटी से छूट प्रदान करने का कष्ट करें जिससे राजस्व विभाग के मूल कार्यों एवं निर्वाचन संबंधी एसआईआर कार्य में व्यवधान उत्पन्न न हो तथा शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियांवयन सुनिश्चित किया जा सके। मांग है कि इस अनुरोध पर विचार न किया जाने पर हमसम्स्त ड्यूटी में संलग्न पटवारी रात्रि कालीन चेकपोस्ट ड्यूटी का बहिष्कार करने हेतु बाध्य होंगे।

# हिंदू सम्मेलन पर कार्यालय का शुभारंभ



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।**

सकल हिंदू समाज द्वारा 18 जनवरी को प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन के लिए तैयारियों के क्रम में बुधवार को बस स्टैंड के पीछे स्थित कुंभ सभागार में हिंदू सम्मेलन कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूज्य संत स्वामी शारदात्मानंद जी महाराज संचालक रामकृष्ण आश्रम, स्वामी वेदत्वानंद जी महाराज, यज्ञाचार्य पं. नीलू महाराज सहित संगठन के सभी पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, गणमान्य नागरिक तथा मातृशक्ति उपस्थित रहीं। आयोजन समिति के संयोजक सुधीर कांसकार ने बताया कि हिंदू सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज को एकजुट कर स्थानीय स्तर पर नेतृत्व क्षमता विकसित करना है। इसके तहत देशभर में एक लाख हिंदू सम्मेलन समितियों के गठन का लक्ष्य है ताकि लव जिहाद, धर्मांतरण तथा अन्य सामाजिक समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही किया जा सके।

उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मूल भाव हिंदू समाज को एक मंच पर लाना सामाजिक समरसता बढ़ाना और राष्ट्रहित में जिम्मेदार समाज का निर्माण करना है। कार्यक्रम में कुटुंब प्रबोधन पर्यावरण संरक्षण स्वदेशी आचरण और नागरिक कर्तव्यों को भी प्रमुखता दी जाएगी। समिति गठन में मातृशक्ति की सक्रिय भागीदारी को विशेष महत्व दिया जा रहा है।

## हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट न्यायालय द्वारा आरोपी राजेन्द्र उर्फ पिल्ले यादव पिता चमरू लाल यादव उम्र 23 वर्ष निवासी आवासटोला देवगांव थाना मोहगांव जिला की धारा 103 भारतीय न्याय संहिता एससी एसटी एक्ट एक्ट की धारा 3 (2) में आजीवन कारावास एवं कुल 2000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। पीड़िता एवं साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। पीड़िता/आहतगण के धारा 183 बी.एन.एस.एस के कथन लेखबद्ध किये गये। घटनास्थल का मौका नक्शा तैयार कर जब्ती की कार्यवाही की गई। घटनास्थल की वीडियोग्राफी सी.डी. धारा 63 भारतीय साक्ष्य अधिनियम का प्रमाण पत्र संलग्न किया गया। अभियुक्त का मेमोरण्डम कथन लिया गया।

# महाविद्यालय में एक दिवसीय रक्तदान शिविर



**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्रमत)।**

शासकीय महाविद्यालय भुआबिछिया में में संचालित रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान एवं एचडीएफसी बैंक व भागीरथी सेवा विकास परिवार के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य रोहणी कुमार कोष्टा की अध्यक्षता में किया गया शिविर में मुख्य अतिथि पंकजपुरी गोस्वामी अध्यक्ष जन भागीदारी समिति शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया, विशिष्ट अतिथि रजनी मरावी नगर परिषद अध्यक्ष भुआ बिछिया, राजेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष भूतपूर्व छात्र समिति एवं अभिषेक पुरी गोस्वामी उपाध्यक्ष भूतपूर्व छात्र समिति शासकीय स्नातक महाविद्यालय भुआ बिछिया, पवन राजपूत एचडीएफसी बैक, बीएसवीपी अध्यक्ष डॉ.अजय वंशकार, सिकिल सेल मित्र रजनीश मारुवंश, सौरभ यादव, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भुआ बिछिया से डॉ. नीरज सैयाम, स्मिता आर्मो, लोकेश पांडे, प्रदीप सिंह धुर्वे की उपस्थिति में शिविर का शुभारंभ मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के तैल्यचित्र में माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में विशिष्ट अतिथि रजनी मरावी ने छात्र-छात्राओं को रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया एवं पंकजपुरी गोस्वामी ने रक्तदान के महत्व बताया।

शिविर में 27 यूनिट ब्लड का संग्रहण किया गया। रक्तदानदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में शंकर लाल ध्रुवें, अनिल कुमार परते, सौरभ सोनी, सियाराम मांडवे, मुनमुन गोस्वामी, विदुषी सोनी, पुष्पराज साहू, गौरी यादव, मुकेश कुमार, मिहिलाल मरावी, अरमान मंसूरी, देवेंद्र कुमार तेकाम, विष्णु मरावी, बिजंती मरकाम, अनामिका सोनी, संपत मरावी, कृष्ण कुमार धूमकेती, देवेंद्र पन्दे, रंजीत कुमार मरकाम, खिलेश मरावी, यशवंत बघेल, खेमेन्द चीचाम, शिवशंकर बघेल, अंकित यादव और संतोष साहू ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।

# मधुरम स्वीट्स में देर रात हुई चोरी

## जांच में जुटी पुलिस

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय के बिंझिया क्षेत्र स्थित मधुरम स्वीट्स में गुरुवार देर रात चोरी का प्रयास किया गया। अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर और ताला तोड़कर घटना को अंजाम दिया। चोर दुकान के भीतर घुसे और एक छोटे कैश काउंटर को उठाकर बाहर ले गए जिसे उन्होंने कुछ दूरी पर फेंक दिया। चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी वही फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया




गया जो सूक्ष्मता से जांच कर रही है जानकारी अनुसार बिंझिया से नेहरू स्मारक मार्ग पर स्थित मधुरम बेकर्स में अज्ञात चोर ने दुकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मधुरम बेकर्स के संचालक रितेश अग्रवाल को शुक्रवार सुबह ब्रेकर्स के स्टाफ ने दुकान खुली होने की सूचना दी जिसके बाद उन्हें चोरी के प्रयास का पता चला मौके पर पहुंचने पर दुकान के ताले टूटे मिले बताया गया कि सीसीटीवी फुटेज की जांच में एक चोर दिखाई दिया जिसने देर रात करीब तीन घंटे तक दुकान के अंदर रहने की पुष्टि हुई है। रितेश अग्रवाल ने तुरंत चोरी की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और दुकान का बारीकी से निरीक्षण करते हुए जांच शुरू कर दी।

## होमगाड्र्स स्थापना दिवस आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** जिला स्तरीय होमगाड्र्स एवं सिविल डिफेंस स्थापना दिवस समारोह आज कार्यालय डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगाड्र्स सिविल डिफेंस एवं आपदा प्रबंधन में आयोजित किया जायेगा। समारोह नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा के मुख्य आतिथ्य एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा की अध्यक्षता में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10:05 बजे मुख्य अतिथि को परेड द्वारा सलामी दी जायेगी एवं परेड का निरीक्षण किया जायेगा।

## पुलिस ने क्रब ने निकाला युवक का शव

**मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।** जिले के कापा गांव में 19 वर्षीय पुष्पेंद्र पन्द्राम की संदिग्ध मौत का मामला गहरा गया है। मृतक के पिता पंसारी लाल के हत्या के आरोप के बाद पुलिस ने बुधवार को कब्र से शव निकालकर दोबारा जांच शुरू कर दी है। शव को फोरेंसिक जांच के लिए जबलपुर लैब भेजा गया है। यह घटना निवास थाना क्षेत्र में 9 अगस्त को हुई थी। शुरुआत में पुलिस ने इसे फांसी लगाकर आत्महत्या माना था। मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया था। हालांकि मृतक के पिता पंसारी लाल ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन देकर बेटे की मौत को हत्या बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पुरानी रंजिश के चलते की गई हत्या है। पिता ने आशंका जताई कि घटना वाले दिन पुष्पेंद्र जिन पड़ोसी युवकों के साथ शराब पी रहा था उन्हीं ने हत्या कर शव को फांसी पर लटकाया होगा। पंसारी लाल ने बताया कि घटना की रात वे ससुराल गए थे। रात करीब 11 बजे संदीप नामक युवक ने फोन कर उन्हें बताया कि पुष्पेंद्र खेतों की ओर भाग रहा था जिसे बाद में घर लाकर सुला दिया गया। अगली सुबह लगभग 6 बजे उन्हें बेटे के फांसी पर लटके होने की सूचना मिली। पिता की शिकायत और गंभीर आरोपों के बाद पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर निवास पुलिस ने मामले की नए सिरे से विवेचना शुरू की है।

## महापरिनिर्वाण दिवस आज

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अखिल भारत अनुसूचित जाति परिषद अध्यक्ष अमरसिंह झारिया ने बताया कि शनिवार को मण्डला नैनपुर सहित जिले में बोधिसत्व भारत रत्न भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. बीआर अम्बेडकर का 69वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जायेगा। मण्डला में सुबह 8 बजे सभी गणमान्य नागरिकगण उपस्थित होकर डॉ. अम्बेडकर चौक प्रतिमा स्थल पर सर्वप्रथम उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर बुद्ध वंदना, धम्म वंदना, संघ वंदना, त्रिषरण पंचशील पाठ कर उन्हें भावभीनी श्रृद्धांजलि अर्पित करेंगे।

## रैन बसेरा बना बेघरो का सहारा

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** वर्तमान में पड़ने वाली कड़ाके की ठंड से जहां आमजन परेशान है वही नगर पालिका द्वारा संचालित बस स्टैंड स्थित रैन बसेरा में बेघरों को रुकने के लिए उचित व्यवस्था की है वर्तमान में रैन बसेरा में 15 पुरुष एवं 10 महिलाओं के रुकने की व्यवस्था है जिसमे पलंग, गद्दा, चादर, तकिया, कंबल एवं पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय एवं नहाने के लिए हीटर द्वारा गर्म पानी एवं नियमित रूप से अलाव की व्यवस्था आश्रय स्थल में प्रतिदिन उपलब्ध कराई जा रही है। रुकने वाले हितग्राहियों से चर्चा की गई उनके द्वारा व्यवस्थाओं के लिए संतोष व्यक्त किया गया समय समय पर जिला प्रशासन द्वारा औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाता है। नगरपालिका परिषद द्वारा अपील की गई है कि सार्वजनिक स्थलो में सोने वाले व्यक्तियो को आश्रय स्थल पर पहुंचाने का कष्ट करे।

# इक्छा शक्ति को जागृत कर हासिल की जा सकती है मंजिल

### नैनपुर में कैरियर मार्गदर्शन में जीवन को बेहतर बनाये जाने के सिखाये गुर

### भारत सरकार के पूर्व निदेशक मुख्य वक्ता के रूप में हुए शामिल




**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।**

प्रतिभावान विद्यार्थियों के भविष्य सृजन हेतु नैनपुर में केरियर मार्गदर्शन का वृहत आयोजन किया गया। जिसमें स्किल डेव्हलपमेंट एन्ड एंटरप्रेन्योरशिप भारत सरकार नई दिल्ली के पूर्व निदेशक विमल सिकदार और सेवा निवृत्त लेफिटीनेंट कर्नल श्रीमती नागवेणी राव सिकदार ने शिरकत की। इस आयोजन में नैनपुर के 10 विद्यालयों से जुड़े 350 से भी अधिक प्रतिभावान विद्यार्थी लाभान्वित हुए। विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण से जुड़ा नगर के इतिहास में यह पहला वृहत आयोजन था। जिसे जिले के कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर नैनपुर एस डी एम आशुतोष महादेव ठाकुर की अभिप्रेरणा से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा आयोजित किया गया था। इस आयोजन में नपा अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पंजवानी, पार्षद राजाराम शर्मा, तहसीलदार हरिसिह धुर्वे प्रमुख रूप से उपस्थित थे। केरियर मार्गदर्शन में जीवन को बेहतर बनाने के गुर के साथ आज के युग मे अपनी मंजिल को सुलभता से हासिल करने की अभिप्रेरणा दी गई। जाहिर है कि मेंटर के रूप में नैनपुर रेलवे विद्यालय के भूतपूर्व छात्र विमल सिकदार मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित थे। जिन्होंने अपनी क्षमता को विकसित कर जीवन को उत्कंठाओं के आनंद से भर देने का रास्ता बताया। आपने बताया कि आज के आधुनिक संचार क्रांति के युग मे बेहतर जीवन की तलाश में किसी बड़े शहर की ओर अभिमुख करने की जरूरत नही , बल्कि आप जहां है जैसे है वही रहकर विभिन्न बेबसाइट की सहायता से लाइफ में कुछ एचीवमेंट हासिल कर सकते है। इंटरनेट के माध्यम से अनगिनत कंटेंट में अपने रास्ते को आप खुद तलाश कर अपने लक्ष्य को आसानी से हसिल कर सकते हैं। खासकर कक्षा 12 वी और ग्रेजुएट होने के साथ ही आप अपने अंदर की अभिरुचि अनुसार जीवन के गोल को पाने का माद्दा रखते है। केवल अंदर की इक्छा शक्ति को जागृत कर अपनी प्रेरणा आप खुद बन जाये तो मंजिल आपके कदमो में होगी। श्री सिकदार ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद करते हुए उनके मन की अभिलाषाओं से जुड़े प्रश्नों के भी सहजता से उत्तर दिए। सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल श्रीमती सिकदार ने भी सेना से जुड़े अपने अनुभवों को साझा किया। आपीने बताया कि किस तरह से बालिकाएं अपने जीवन को और बेहतर बना सकती है। पारिवारिक परिस्थितयो के बावजूद भी जीवन के लक्ष्य को हासिल करने के उन्होंने गुर सिखाए।

इस अवसर पर एस डी एम श्री ठाकुर ने भी छात्रों से संवाद करते हुए इस तरह के अवसरों को नैनपुर जैसे अदद नगर के लिए एक गौरव की बात बताया । नपा अध्यक्ष श्रीमती पंजवानी ने भी अवणी अनुभव साझा किए। आयोजन में शामिल विद्यार्थियों ने भी इस कार्यक्रम अपने जीवन की प्रेरणा बताया। आयोजन का संलयन और संचालन शंकर दयाल बाजपेयी द्वारा किया गया था। आई टी आई के प्राचार्य खेमसिंह वरकड़े, प्रशिक्षक शारद वरकड़े, प्रशिक्षक शरद धुर्वे, एस पी द्विवेदी, मिथलेश माहला, पुरषोत्तम धुर्वे, वैभव जायसवाल, मधु उईके, कविता सनोडिया, प्रतिमा मरकाम ने केरियर काऊंसलिंग और युवा संगोष्ठी के इस आयोजन की वृहत तैयारियों के साथ इसे अंजाम तक पहुंचाया।

संपादकीय

# सलामत रहे दोस्ताना हमारा

भारत और रूस ने सात दशक से कई तूफानों और इम्तिहानों के बावजूद, दोस्ती को बरकरार रखा है, यकीनन यह एक मिसाल है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भारत के प्रवास पर हैं। वह अपने साथ दोस्ती की नई पेशकशें और आयाम लेकर आए हैं। दरअसल रूस भारत को ऐसे 'रणनीतिक साझेदार' के रूप में स्वीकार करना चाहता है, जिसकी साझेदारी सीमारहित हो। राष्ट्रपति पुतिन ने अपनी इच्छा फिर दोहराई है कि रूस, भारत, चीन को एक 'तिकड़ी' बन जाना चाहिए। वह 'तिकड़ी' अमरीका से मुकाबला करने में सक्षम और सशक्त साबित होगी। बेशक पुतिन की यह इच्छा विचारणीय है, क्योंकि रूस पर अकेले अमरीका ने ही करीब 6500 पाबंदियां थोप रखी हैं। रूस पर कुल 26,000 के करीब प्रतिबंध हैं। फिर भी रूस दबाव में नहीं है। उसका अस्तित्व यथावत है। उसकी अर्थव्यवस्था को ज्यादा धक्के नहीं लगे हैं। भारत और चीन ने रूस से कच्चा तेल खरीद कर उसकी आर्थिक मदद ही की है। हालांकि भारत ने अब यह खरीद एक-तिहाई कर दी है। कारण अमरीका का दबाव ही नहीं है। रूस यूक्रेन और परोक्ष रूप से अमरीका, यूरोप, नाटो देशों के खिलाफ लगातार युद्ध लड़ रहा है। रूस से कच्चा तेल लेने के कारण ही अमरीका ने भारत पर, जुर्माने के रूप में, 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ थोपा था। भारत पर कुल टैरिफ 50 फीसदी है। अमरीका चीन को भी टैरिफ की धमकियां देता रहा है। बहरहाल रूस भारत को असीमित रणनीतिक साझेदार के रूप में देखना चाहता है। रूसी संसद ने रेलोस समझौते को भी मंजूरी दी है। उसके तहत भारत रूस के एयरबेस, नौसेना पोर्ट, युद्धपोत, सैन्य बल एवं साजो सामान, फ्यूल, संसाधन आदि इस्तेमाल कर सकेगा। रूस के 5 युद्धपोत, 10 सैन्य विमान, 3000 सैनिक आगामी 5 साल के लिए भारतीय जमीन पर तैनात किए जा सकेंगे। भारत की इतनी ही सैन्य ताकत रूसी जमीन पर तैनात होगी। यह समझौता रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट है, जो रूसी संसद में पारित किया गया है। इससे भारत और रूस दो देश तो रहेंगे, लेकिन उनकी सैन्य-शक्ति एकाकार हो जाएगी, जिसे सोच कर ही दुश्मन कांपने लगेगा। बेशक दुश्मन की शक्ति कमजोर पड़ेगी। यही नहीं, भारत-रूस के बीच नागरिक परमाणु करार जैसा करार सिर्फ अमरीका और फ्रांस के साथ है। रूस पहले ही भारत में 1000 मेगावाट प्रति के चार परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की प्रक्रिया में है। इससे भारत में परमाणु ऊर्जा की क्षमता बढ़ेगी। भारत ने निजी निवेश के लिए भी यह क्षेत्र खोलने का निर्णय लिया है। महत्वपूर्ण यह भी है कि रूस सुखोई-57 जैसा पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान भी भारत को मुहैया करना चाहता है और इसकी प्रौद्योगिकी भी देना चाहता है, ताकि इन लड़ाकू विमानों का उत्पादन भारत में ही किया जा सके। भारत अब एस-500 एंटी मिसाइल सिस्टम रूस से चाहता है, जबकि रूस ने ही हमें एस-400 प्रणाली दी थी। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400 वायु रक्षा प्रणाली ने पाकिस्तान के एक भी हवाई हमले को कामयाब नहीं होने दिया। अब ब्रह्मोस की अगली पीढ़ी का उत्पादन भारत में ही होगा, वह दोनों देशों का उपक्रम होगा।

# संचार साथी ऐप: अपेक्षा है निजता बनाम सुरक्षा के बीच संतुलन की



ललित गर्ग

लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

भारत की लोकतांत्रिक राजनीति में एक विचित्र प्रवृत्ति विकसित होती दिख रही है, जहाँ सत्ता द्वारा उठाए गए प्रत्येक कदम को विपक्ष संदेह की दृष्टि से देखता है। संचार साथी ऐप को लेकर इन दिनों इसी प्रकार का विवाद एवं विरोध का वातावरण बना हुआ है। केंद्र सरकार की यह सोच कि हर नए स्मार्टफोन में इस ऐप को अनिवार्य किया जाए, विपक्ष ने इसे निजता एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का उल्लंघन बताते हुए कठोर शब्दों में चुनौती दी और संसद के शीतकालीन सत्र में इसे बड़ा मुद्दा बना दिया है और इससे व्यक्ति के जीवन में सरकारी हस्तक्षेप बढने की आशंकाएं व्यक्त की है। विपक्ष ने इसे संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण व नागरिकों की निगरानी करने वाला टूल बताया। इस बहस के बीच विपक्ष को नया मुद्दा मिलते देख केंद्र सरकार ने अनिवार्य तौर पर ऐप प्री-इंस्टॉल करने का अपना फैसला वापस ले लिया। सरकार ने स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए फिलहाल इसे स्वैच्छिक बना दिया है अर्थात जो चाहे ऐप को रखे, जो चाहे उसे हटाए। परंतु इस विवाद ने एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठा दिया है कि क्या हम केवल विरोध की राजनीति में वास्तविक चुनौतियों और आवश्यकताओं को भुला रहे हैं?

वास्तविकता यह है कि डिजिटल युग आज अवसरों के साथ-साथ अभूतपूर्व संकटों का भी युग है। साइबर अपराध, चोरी, जासूसी, डेटा हेरफेर, गलत सूचना, आतंकवादी नेटवर्किंग-इन सबने सुरक्षा की चुनौतियों का नया स्वरूप निर्मित किया है। संयुक्त राष्ट्र तक यह स्वीकार कर चुका है कि अगला विश्वयुद्ध यदि हुआ, तो वह साइबर मोर्चे पर भी लड़ा जाएगा। ऐसे समय में क्या किसी राष्ट्र की सरकार को निष्क्रिय खड़ा रहना चाहिए? निश्चित रूप से नहीं। इसलिए संचार साथी ऐप मात्र निगरानी का यंत्र नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिक संरक्षण एवं डिजिटल अपराध नियंत्रण की रणनीतिक आवश्यकता के रूप में उभरा है। सरकार का सही कहना था कि डिजिटल होती दुनिया में लगातार बढ़ते साइबर अपराधों से नागरिकों को सुरक्षा देने के मकसद से यह पहल की गई थी। उसका कहना था कि लगातार जटिल होते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये ऐसी पहल अपरिहार्य है।

विपक्ष का विरोध इसलिए भी एकांगी है क्योंकि केवल यह निजता के सवाल पर केंद्रित है। परंतु निजता का अधिकार भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित, पूर्ण स्वतंत्र नहीं, बल्कि परिस्थितिनिष्ठ है। लोकतंत्र व्यक्ति को अधिकार देता है, साथ ही साझा सुरक्षा की जिम्मेदारी भी मांगता है। जब डिजिटल मंचों पर राष्ट्रीय अखंडता, आर्थिक व्यवस्था, सामरिक रहस्य और सामाजिक शांति पर संकट मंडराते हों, तो सरकार को हस्तक्षेप करना नैतिक रूप से उचित ही नहीं, बल्कि आवश्यक हो जाता है। अमेरिका, चीन, जर्मनी, ब्रिटेन-सभी देशों के पास निगरानी आधारित साइबर सुरक्षा प्रणालियाँ हैं। क्या उनकी लोकतांत्रिक संरचनाएँ इस कारण क्षीण हो गईं? नहीं, क्योंकि निगरानी और सुरक्षा के बीच संतुलन स्थापित किया गया। भारत को भी इसी संतुलन की आवश्यकता है। यह सही है कि किसी भी डिजिटल ऐप में निगरानी का वहनीय स्वरूप रखना चाहिए, जिससे नागरिक की व्यक्तिगत जिंदगी पर अनावश्यक हस्तक्षेप न हो। सरकार ने भी यही स्पष्ट किया है कि संचार साथी नागरिक के निजी जीवन में दखल नहीं देना चाहता, बल्कि उसे साइबर अपराध, हैकिंग, धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा, एवं डिजिटल आतंकवाद से बचाने हेतु काम करेगा। विडंबना यह है कि विपक्ष इस ऐप को 'निष्ठा परीक्षण', 'मनोवैज्ञानिक निगरानी' और 'गोपनीयता हनन' का उपकरण बताकर भय पैदा कर रहा है, जबकि पूर्व में स्वयं उनकी सरकारें समान तंत्र विकसित कर चुकी हैं, चाहे वह आधार डेटा सुरक्षा हो, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग सेल हों या राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों के निगरानी प्रोटोकॉल।




सवाल यह है कि यदि अपराधी, आतंकवादी, अलगाववादी, साइबर गैंग्स संगठित डिजिटल हथियारों का उपयोग कर रहे हैं, तो क्या सामान्य नागरिकों को असुरक्षित छोड़ दिया जाए? क्या यह लोकतंत्र का तकाज़ा है कि सरकार देखती रहे और समाज अपराध की प्रयोगशाला बन जाए? वास्तव में यह संकट केवल भारत का नहीं, विश्व का है। आज की दुनिया में जो राष्ट्र डिजिटल नियंत्रण तंत्र विकसित नहीं करता, उसकी सुरक्षा दीवारें कागज़ की नाव जैसी सिद्ध होती हैं। इसलिए यह कहना कि संचार साथी ऐप अनावश्यक या दमनकारी है, वस्तुस्थिति से आंखें मूंद लेने जैसा है। निश्चित रूप से एक सवाल उठता है, क्या ऐप डेटा सुरक्षा की गारंटी देगा? यह बेहद महत्वपूर्ण प्रश्न है। सरकार को इस ऐप के उद्देश्य और डाटा संचालन नीति को पारदर्शी रूप में सार्वजनिक करना चाहिए। यदि इस पर स्वतंत्र ऑडिट हो, निजता सुरक्षा प्रावधान हों, दुरुपयोग को रोकने वाली न्यायिक निगरानी हो तो विरोध स्वत: समाप्त हो जाएगा। परंतु विपक्ष का विरोध नीतिगत सुधारों की दिशा में न होकर केवल राजनीतिक अवसरवाद प्रतीत होता है। यह भी सही है कि नागरिकों की चिंताएँ निराधार नहीं, भारत में डेटा सुरक्षा कानून अभी भी परिपक्व नहीं है, डिजिटल संरचनाएँ जवाबदेही की दृष्टि से मजबूत नहीं हैं। अत: संचार साथी के विकास के साथ-साथ देश में निजता सुरक्षा कानूनों को और अधिक कठोर, दंडात्मक एवं न्यायिक रूप से संरक्षित बनाने की आवश्यकता है।

यदि इस ऐप के कार्यों पर दृष्टि डालें तो उसके पीछे सोच यह है कि मोबाइल संचार के माध्यम से होने वाले अपराधों की पहचान, रिपोर्टिंग और ट्रैकिंग को व्यवस्थित किया जा सके। यह व्यक्ति की निगरानी का उपकरण कम और अपराध नियंत्रण की प्रणाली अधिक है। भारत में साइबर अपराधों में प्रति वर्ष 63 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जा रही है, लाखों लोग ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार बन रहे हैं, बैंकिंग ठगी से लेकर सोशल मीडिया मनोवैज्ञानिक अपराधों तक का दायरा बढ़ रहा है। क्या सरकार की चुप्पी इन अपराधियों को खुला मैदान नहीं दे देती? इसलिए संचार साथी जैसे कदमों का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा का विस्तार है, न कि लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का संकुचन।

कठोर सत्य यह है कि राष्ट्र केवल अधिकारों पर आधारित नहीं होते, जिम्मेदारियों और सुरक्षा तंत्रों पर भी टिके होते हैं। एक नागरिक के रूप में हम यह अपेक्षा करते हैं कि हमारा डेटा सुरक्षित हो, हमारा पैसा सुरक्षित हो, हमारा देश सुरक्षित हो परंतु जब सुरक्षा के लिए कदम उठाया जाए, तो हम विरोध में खड़े हो जाते हैं। यह राजनीतिक अधिक है, जहाँ हम एक विश्वव्यापी सिद्धांत को भूल जाते हैं कि स्वतंत्रता जिम्मेदारी के साथ ही टिक सकती है। इसलिए संचार साथी ऐप पर संतुलित दृष्टि ही सार्थक है। सरकार को उसकी संरचना पारदर्शी, उत्तरदायी और कानून नियंत्रित रखनी चाहिए, और विपक्ष को इस तथ्य को स्वीकार करना चाहिए कि डिजिटल भारत की सुरक्षा चुनौतियाँ केवल नारे से हल नहीं होंगी, बल्कि तकनीकी सुरक्षा तंत्रों से ही नियंत्रण संभव होगा। लोकतंत्र में आलोचना आवश्यक है, परंतु रचनात्मक आलोचना, जिसमें सुधार की मांग होती है, न कि केवल अस्वीकरण। यदि राजनीतिक वर्ग इस बहस को इसी दिशा में ले जाए, तो संचार साथी ऐप न केवल विवादित विषय रहेगा बल्कि डिजिटल सुरक्षा के लिए नागरिक-हितकारी उपकरण के रूप में स्थापित भी होगा।

निस्संदेह, आज के डिजिटल युग में व्यक्ति का डेटा बेहद महत्वपूर्ण है। जिसकी हर कीमत पर सुरक्षा की जानी चाहिए। वहीं इसके साथ ही इस बात की भी पड़ताल होनी चाहिए कि कहीं कुछ अन्य ऐप हमारे डेटा में तो सेंध नहीं लगा रहे हैं? सरकार को इससे उपभोक्ता की सुरक्षा करनी होगी। वहीं तर्क दिया जा रहा है कि संचार साथी ऐप को अनिवार्य करने के बजाय आम लोगों को नई तकनीक और इसके इस्तेमाल के लिये सतर्क करने को देशव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जाना चाहिए। साथ ही इसके लिये आम जनता को प्रशिक्षण भी दिया जाना चाहिए। जिससे तकनीक के जरिये साइबर अपराधियों पर अंकुश लगाने की मुहिम को गति दी जा सके। अंतत: यह समझना होगा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और निजता-दोनों अनिवार्य हैं। चुनौती इन्हें संतुलित करने की है, न कि किसी एक को दूसरे के विरुद्ध खड़ा करने की। यदि यह संतुलन नीति, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ बने, तो संचार साथी ऐप देश के डिजिटल भविष्य की सुरक्षा का सेतु बन सकता है। विरोध की राजनीति नहीं, समझ और समाधान की राजनीति आज की आवश्यकता है, यही इस ऐप की वास्तविकता और उपयोगिता को समझने की दिशा है।

# पुतिन-आपका स्वागत है



आदित्य नारायण चौपड़ा

लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

यह गाना मास्को वासियों में इतना प्रख्यात हुआ कि राजकपूर को अंतत: रूस जाना पड़ा और लाल टोपी पहन कर जब वह शहर में घुसे तो एक समां ही बंध गया। रूस तब सोवियत संघ कहलाता था। कालांतर में भारत और सोवियत संघ के रिश्ते इतने प्रगाढ़ हुए कि भारत-पाक युद्ध के दौरान जब भारत के वीर जवानों ने अमेरिकी पेटेंट टैंकों का कब्रिस्तान बना दिया और पाकिस्तान को दिए गए सैबर जैटों को हमारे नेटविमानों ने दिन में तारे दिखा दिए तो जिस ढंग से रूस की मदद से भारत ने अपनी सुरक्षा को मजबूत किया। उसका कोई जवाब नहीं है। असल दोस्त वही होता है जो बुरे वक्त में साथ दें। भारत-रूस संबंधों का इतिहास इस बात की गवाही देता है कि अतीत में भारत पर जब-जब मुसीबतें आईं तब-तब रूस ने हमारा साथ दिया। कौन नहीं जानता कि 1971 के युद्ध में जब अमेरिका ने पाकिस्तान का साथ देते हुए अपना सातवां बेड़ा बंगाल की खाड़ी में भेजने का फैसला किया तब सोवियत संघ ने भारत की मदद के लिए अपना विध्वंसक बेड़ा भेज दिया था। सोवियत संघ ने संयुक्त राष्ट्र में अपनी वीटो पावर का इस्तेमाल भी भारत के हक में किया। 1971 में ही भारत और सोवियत संघ ने एक शांति मैत्री और सहयोग संधि पर हस्ताक्षर किए जिससे दोनों देशों के बीच आपसी सहयोग मजबूत हुआ। रूस ने भारत को सैन्य प्रौद्योगिकी और अंतरिक्ष क्षेत्र में व्यापक सहयोग दिया।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन 2021 में भी नई दिल्ली आए थे। भारत के प्रधानमंत्री और रूसी राष्ट्रपति संबंधों के सम्पूर्ण पहलुओं की समीक्षा के लिएहर साल एक शिखर सम्मेलन आयोजित करते हैं। अब तक दोनों देशों में 22 शिखर वार्ताएं हो चुकी हैं। पिछले साल जुलाई में प्रधानमंत्री मोदी वार्षिक शिखर बैठक के लिए मास्को गएथे। अब एक बार फिर दो दोस्तों का मिलन हो रहा है। विश्व के दो नेता पुतिन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोनों नेता विश्व व्यवस्था बदलने की क्षमता रखते हैं। पुतिन की भारत यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत-रूस से कच्चे तेल की खरीद रोकने के लिए अमेरिकी दबाव का सामना कर रहा है। रूस से हथियार खरीदने पर भी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप भारत से चिढ़े बैठे हैं। ट्रंप ने भारत पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रखा है। दूसरी तरफ यूक्रेन युद्ध जारी रहने से रूस पश्चिमी देशों के दबाव में है। यूक्रेन युद्ध रोकने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी तेल की कमाई को निशाना बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन की वार्ता पर पूरी दुनिया की नजरें लगी हुई हैं। इस बैठक को लेकर ट्रंप और पाकिस्तान के हुक्मरान शहबाज शरीफ और पाकिस्तान सेनाध्यक्ष मुनीर तनाव में हैं।

भारत दौरे पर आने से पहले ही रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमां ने भारत के साथ रक्षा भागीदारी को लेकर एक सैन्य सहमझौते को अपनी मंजूरी दे दी है। इस पर भारत और रूस की सहमति बनी तो रूस के 5 युद्ध पोत, 10 सैन्य विमान और 3000 सैनिक 5 साल के लिए भारतीय जमीन पर तैनात किएजा सकेंगे। साथ ही भारत के इतने ही सैनिक और युद्ध पोत रूसी जमीन पर तैनात किएजा सकेंगे। रूसी संसद ने रेलोस यानि इंडिया-रूस रेसीप्रोबलम एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक स्पोर्ट समझौते के तहत इसकी मंजूरी दी है। रेलोस डील से दुनिया के कई देशों में हड़कंप मचा हुआ है। पुतिन ने कुछ दिन पहले ही आदेश दिया है कि रूस भारत द्वारा कच्चे तेल का भारी मात्रा में आयात किए जाने के कारण पैदा हुए व्यापार असंतुलन को कम करने के लिएकदम उठाएगा। अब देखना होगा कि रूस व्यापार असंतुलन को दूर करने के लिए क्या-क्या कदम उठाता है। व्यापार असंतुलन को कम करने के लिए रूस भारत से कृषि उत्पादों और दवाओं का आयात कर सकता है। अगर ऐसा होता है तो यह अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के जख्मों पर नमक की तरह काम करेगा। ट्रंप को लग रहा था कि 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने से भारत का बाजार तबाह हो जाएगा। अगर भारत रूस को अपने कृषि और फार्मा उत्पादों की अधिक सप्लाई करना शुरू करेगा तो ट्रंप का सपना ख्याली पुलाव ही रह जाएगा। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार रिकार्ड 68.7 विलियन डालर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का निर्यात 4.88 विलियन डालर रहा। पुतिन इसी असंतुलन को दूर करने की बात कर रहे हैं।

भारत अमेरिकी दबाव में रूस के साथ दोस्ती को नहीं छोड़सकता। पिछले 25 वर्षों को छोड़दें तो आजादी के बाद से ही अमेरिका अधिकतर समय भारत के खिलाफ ही रहा है। रूस ने भारत के औद्योगिक, रक्षा और परमाणु क्षेत्रों को महत्वपूर्ण सहायता दी है। 2000 में पुतिन की भारत यात्रा के दौरान भारत-रूस सामरिक साझेदारी की स्थापना के साथ संबंधों को एक नया स्वरूप मिला। इसी के चलते भारत और रूस ब्रह्मोस मिसाइल और टी-19 टैंकों सहित कई डिफैंस टैक्नोलॉजी विकसित करने में कामयाब हुए। इसके अलावा दोनों देशहथियारों को संयुक्त उत्पादन, टैक्नोलॉजी ट्रांसफर में भी एक-दूसरे को सहयोग कर रहे हैं। अमेरिका के कड़े विरोध के बावजूद रूस ने भारत को एस-400 सुरक्षा कवच दिया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और पुतिन की बैठक में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी तो मजबूत होगी ही साथ ही व्यापार, ऊर्जा, रक्षा सहित कई क्षेत्रों में समझौते होने की उम्मीद है। दोनों देशों का फोकस द्विपक्षीय व्यापार को नई दिशा देने पर केन्द्रित रहेगा। भारत यह पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि वह अपने परखे हुएमित्र से दोस्ती कभी नहीं तोड़ेगा।

# सुचिता, सेवा, आचरण प्रधान, शालीन राजनीति की पहचान : शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह

## क्षेत्रवासियों से सतत सीधा संवाद मंत्री राव की कार्य पद्धति का वैशिष्ट्य

आशीष अग्रवाल

कुछ को हराना चाहते हो, तो तलवार ले के चलो..
सबको जीतना चाहते हो, तो किरदार ले के चलो..

सुचिता, सेवा और आचरण प्रधान, शालीन राजनीति की पहचान के रूप में जिनका नाम प्रदेश की राजनीति में सुप्रतिष्ठित है, ऐंसे शालीन व्यक्तित्व के धनी, सियासत के संत मध्यप्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री, गाडरवारा विधायक व पूर्व नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सांसद श्री राव उदय प्रताप सिंह ने अपनी सहज कार्यशैली से क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं के दिलों में जगह बनाई है। प्रत्येक कार्यकर्ता बिना किसी माध्यम के उनसे सीधे मिलता है। हजारों हजार क्षेत्रीयजनों एवं कार्यकर्ताओं से सतत सीधा संवाद उनकी कार्य पद्धति का वैशिष्ट्य है। सलीकेदार, चमचमाते, बिना सल वाले, सफेदचट कुर्ते पजामे में सदैव मुस्कुराते मंत्री जी जैसे दिखते हैं, वे वैसे ही हैं।



गाडरवारा विधानसभा के उनके कार्यकर्ता कहते हैं कि गाडरवारा को पेरिस बनाने का लक्ष्य है। विगत दो वर्षों में स्वछंद वातावरण और आदर्श विधानसभा के रूप में गाडरवारा क्षेत्र में विकास की निरंतर इबारत लिखे जाने के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक व रचनात्मक क्षेत्र में कीर्तिमान रचे गए हैं, जो निर्बाध जारी भी हैं। गाडरवारा अब नवाचारों के लिए जाना जाने लगा है। लोगों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना, वे उस कसौटी पर संकल्पों और प्रतिबद्धता के साथ खरे उतरे हैं। विधायक कार्यालय सेवा सदन में अपनी समस्याओं की सुनवाई के लिए उमड़ती क्षेत्रीयजनों की भीड़ मंत्रीजी के जन सम्मान व जन समर्पण की साक्षी भी है। हजारों लोगों से मिलना, संजीदगी से उनकी समस्याएं सुनना, समाधान करना, यह उनका निरंतर साधना क्रम है। मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में अपने दोनों विभागों परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग में मंत्री श्री राव द्वारा लगातार किए जा रहे नवाचारों व सशक्त निर्णयों से उनके मंत्री के रूप में दो वर्षों के रिपोर्ट कार्ड को प्रदेश की राजधानी सहित संपूर्ण प्रदेश में सराहा जा रहा है। इसी के चलते मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव के सक्रिय, सजग व विश्वस्त सहयोगियों में उनका नाम प्राथमिकता के साथ शुमार है।

मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा हेतु नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा विधानसभा सीट से दिसंबर 2023 में निर्वाचित विधायक, प्रदेश सरकार के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह का राजनैतिक सफर बेदाग, निर्विवाद व अपराजेय रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच सदैव सहज श्री राव को उनके संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन में जनता का भरपूर प्रतिसाद व आशीर्वाद मिला। श्री राव नर्मदापुरम/होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे हैं व अपनी सुयशपूर्ण व यशस्वी राजनैतिक पारी में दूसरी बार गाडरवारा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। श्री राव ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने का कीर्तिमान रचा था। उनका नाम पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सांसदों की टॉप 10 सूची में भी शामिल रहा।

छात्र राजनीति से सार्वजनिकता में सक्रिय रहे, श्री राव का राजनीतिक सफर नरसिंहपुर जिले के सफलतम चांवरपाठा जनपद के 29 वर्षीय युवा अध्यक्ष के रूप में वर्ष 1994 में प्रारंभ हुआ, जिसमें श्री राव ने बेरोजगार युवाओं की चिंता की व ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं, विकास के उल्लेखनीय कार्य किये। वर्ष 2007 में नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए श्री राव वर्ष 2009 में होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़े और पहली बार सांसद बने। जिसके बाद उनकी विजय यात्रा अजेय व निर्बाध रही और वे लगातार वर्ष 2014 और 2019 में लोकसभा का लगभग 6 लाख मतों से ऐतिहासिक चुनाव जीते और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया। दिसंबर 2023 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से संघर्षपूर्ण व चुनौतीपूर्ण चुनाव में रिकॉर्ड 58 हजार मतों से जीत दर्ज कर श्री राव ने अपनी विजय यात्रा में एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया और नरसिंहपुर जिला सहित संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सांसद के रूप मैं अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए श्री राव को पार्टी नेतृत्व ने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रमुख वक्ता के रूप में नामित कर एवं कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एशोसियेशन (सीपीए) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में भारत देश की ओर से प्रतिनिधि नामांकित कर गौरवपूर्ण अवसर प्रदान किया। बतौर सांसद श्री राव को लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी स्थाई समिति, रेल विभाग की परामर्श दात्री समिति, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। संसदीय क्षेत्र के विकास से लेकर देश में कानून बनाए जाने पर अपनी बात संपूर्ण ताकत के साथ सदन के समक्ष रखे जाने के साथ साथ उन्होंने नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के 100 फीसदी ग्रामों तक पहुंचकर संपूर्ण सक्रियता के साथ अपने जनप्रतिनिधि होने के दायित्व का निर्वहन किया और जनता की कसौटी पर सदैव खरे उतरे।


जिसके नेतृत्व में हो विश्वास अपार..
उसी को ही मिलता है, जन-जन का प्यार..

**लेखक-वरिष्ठ पत्रकार, करेली**

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त

# बुढ़ापे का बीमा

व्यंग्य



आज का दिन तो यूँ समझो कि इतिहास में दर्ज होने लायक था। राय बहादुर धर्मपाल जी और उनकी धर्मपत्नी दामिनी जी के टैक्स फ्री आँसुओं का जैसे आज बाँध टूट गया था। क्यों न हो? उनकी इकलौती पुत्र-तुल्य पुत्री, डॉक्टर दीप्ति जो पूरे सात साल बाद, यानी रूक्क्क्र्स. की डिग्री रूपी सोने का अंडा लेकर घर लौट रही थी। धर्मपाल जी ने तुरंत पंद्रह लाख की एफ.डी. तुड़वाकर ग्रैंड वेलकम का आयोजन किया था; पकवान नहीं, मानो दहेज बाजार के सैम्पल सजे थे। दीप्ति ने जैसे ही हाई-हील की धमक से घर में कदम रखा, माँ-बाप दोनों ने उसे कलेजे से नहीं, अपनी बैंक-स्टेटमेंट से लगाया। पिता ने तुरंत एक कैश फ्लो स्टेटमेंट दी– बेटी, तुम्हें पता है? तुम्हारी डॉक्टरी पर हमने अपनी आधी ज़िंदगी की पूंजी फूंक दी। बेटा पैदा नहीं हुआ, इसलिए तुम्हें लड़की होने के बावजूद पूंजी निवेश का मौका दिया। अब रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट (ऋह्.ढ्ढ.) का वक्त है। तुम्हारी लाइसेंस की कीमत अब लाखों में नहीं, करोड़ों में होगी। जाओ, थोड़ी हवा खाओ, फिर करोड़पति दामाद प्रोजेक्ट पर मीटिंग है। दीप्ति के चेहरे पर, एम.बी.बी.एस. की थकान से ज़्यादा, पिताजी के खर्च का हिसाब तैर रहा था।

हँसी-ठिठोली? वाहियात! धर्मपाल जी के घर में हँसी-ठिठोली नहीं, सिर्फ प्रॉफिट एंड लॉस पर बात होती थी। दो दिन बाद, धर्मपाल जी ने अपने आर्थिक सलाहकार (खुद) की भूमिका में दीप्ति को बोर्ड मीटिंग के लिए बुलाया। सिर पर हाथ फेरकर, जो स्नेह नहीं, बल्कि इन्वेंटरी का हिसाब-किताब था, बोले, देखो बेटी, तुम्हारी माँ और मेरे एक्सपायरी डेट करीब है। अब फाइनल सेटलमेंट करना है। तुम्हारी शादी, सिर्फ शादी नहीं है; यह परिवार के ऋण को चुकाने की सबसे बड़ी किस्त है। मैं अपनी सबसे बड़ी देनदारी (तुम्हें) को जल्द से जल्द समाप्त करना चाहता हूँ, ताकि शांति से मर सकूँ। उन्होंने तुरंत प्रस्ताव पेश किया– बताओ! कॉलेज में कोई माल फँसाया था क्या? कोई ऐसा सहपाठी जो डॉक्टर होने के साथ ही अमीरों का लड़का हो? जिसे तुम दोनों ने पसंद किया हो? देखो, बेटा! पसंद का मतलब है, जो डॉक्टर भी हो और जिसके पास अपनी कोठी भी हो। हमें तुम्हारी प्रेम कहानी से नहीं, उसके नेट वर्थ से मतलब है। कह दो, हम तुरंत सहमति की मुहर (ह्लह्ल) दे देंगे। दीप्ति, जिसने किताबों के सिवा कुछ नहीं देखा था, कॉलेज रोमांस की बात सुनकर जैसे ज़मीन में गड़ गई। उसका इमोशनल बैंक बैलेंस तुरंत जीरो हो गया। यह प्रेम नहीं, पूंजी का गठबंधन था।

दीप्ति ने जब काँपते हुए, लरजती आवाज़ में कहा कि पापा, मेरा ऐसा कोई विशेष दोस्त नहीं है, तो धर्मपाल जी का चेहरा ऐसा हो गया, मानो उन्हें टैक्स नोटिस मिल गया हो। वातावरण में एक अघोषित श्मशान का सन्नाटा पसर गया। अगले दिन, सेकंड चांस के तौर पर, पिता ने फिर से इंटरव्यू लिया। बेटी, संकोच मत करो, यह ऑफर लिमिटेड टाइम के लिए है! बताओ, कहीं गरीब डॉक्टर तो नहीं फँसा लिया? कोई अछूत तो नहीं? दीप्ति ने फिर वही भयानक जवाब दिया। अब, सभ्यता का बाँध टूट गया। धर्मपाल जी, जो कल तक प्यार का नाटक कर रहे थे, एकदम जज की मुद्रा में आ गए, मानो कोर्ट में फैसला सुना रहे हों। वह दहाड़े, तुम्हें पढ़ाना हमारी सबसे बड़ी गलती थी! तुम तो नकारा, गैर-जिम्मेदार और अयोग्य निकली! इतनी महंगी एजुकेशन पर खर्च किया, लाखों रुपया फूँका, और तुम एक अदना सा करोड़पति लड़का भी अपने प्रेम जाल में फँसा नहीं पाई! धिक्कार है तुम्हारी डॉक्टरी पर! धिक्कार है तुम्हारी सफलता पर! क्या करेंगी तुम्हारी यह एम.बी.बी.एस. जब तुम रिश्ते नहीं खरीद सकतीं? यह क्रोध नहीं था, यह था पूंजी निवेश पर जीरो रिटर्न का गुस्सा। बेटी नहीं, उन्हें फेल हुआ स्टॉक दिख रही थी।

पिता के ये घोषणा-पत्र सुनकर दीप्ति का दिल नहीं, बल्कि उसका आत्म-सम्मान तार-तार हो गया। उसकी आँखों से जो आँसू बह रहे थे, वे दु:ख के नहीं, बल्कि घृणा और निराशा के थे। उसने सोचा, वाह रे मेरे पिता! जिस योग्यता के लिए मैंने दिन-रात एक किए, वह डिग्री आज मेरे गैर-जिम्मेदार होने का प्रमाण बन गई। उनके मापदंडों पर खरा उतरने के लिए मुझे चरित्र नहीं, चालबाज़ी सीखनी चाहिए थी! मुझे अध्ययन की जगह शिकार करना चाहिए था! उनकी नज़र में, एक सफल डॉक्टर नहीं, बल्कि असफल शिकारी खड़ी थी। दीप्ति ने मन ही मन एक संकल्प लिया, एक ऐसा कड़वा संकल्प जो उस क्षण की पूरी पीड़ा को समेटे हुए था– मैं अपने पिता के मापदंडों पर, यानी डॉक्टर-पति के साथ करोड़पति के जाल में फँसने के मापदंड पर, कभी खरी नहीं उतर सकती! अब चाहे मुझे अपनी एम.बी.बी.एस. की डिग्री को गले लगाकर, पूरी ज़िंदगी अविवाहित ही क्यों न गुजारनी पड़े। मेरा ज्ञान मेरी कीमत तय करेगा, कोई लड़का नहीं। मैं गैर-जिम्मेदार हूँ, तो हूँ! कम से कम, मैं बिकाऊ तो नहीं हूँ! यह व्यंग्य, पिता पर नहीं, बल्कि समाज की उस सोच पर था, जो बेटी की सफलता को दहेज की चाबी से तौलती है, और जहाँ अविवाहित रहना भी अयोग्यता का सबसे बड़ा प्रमाण बन जाता है।

# सुचिता, सेवा, आचरण प्रधान, शालीन राजनीति की पहचान : शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह







**क्षेत्रवासियों से सतत सीधा संवाद मंत्री राव की कार्य पद्धति का वैशिष्ट्य**

**कुछ को हराना चाहते हो, तो तलवार ले के चलो..**

**सबको जीतना चाहते हो, तो किरदार ले के चलो..**

**करेली।** सुचिता, सेवा और आचरण प्रधान, शालीन राजनीति की पहचान के रूप में जिनका नाम प्रदेश की राजनीति में सुप्रतिष्ठित है, ऐंसे शालीन व्यक्तित्व के धनी, सियासत के संत मध्यप्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री, गाडरवारा विधायक व पूर्व नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सांसद श्री राव उदय प्रताप सिंह ने अपनी सहज कार्यशैली से क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं के दिलों में जगह बनाई है। प्रत्येक कार्यकर्ता बिना किसी माध्यम के उनसे सीधे मिलता है। हजारों हजार क्षेत्रीयजनों एवं कार्यकर्ताओं से सतत सीधा संवाद उनकी कार्य पद्धति का वैशिष्ट्य है। सलीकेदार, चमचमाते, बिना सल वाले, सफेदचट कुर्ते पजामे में सदैव मुस्कुराते मंत्री जी जैसे दिखते हैं, वे वैसे ही हैं। गाडरवारा विधानसभा के उनके कार्यकर्ता कहते हैं कि गाडरवारा को पेरिस बनाने का लक्ष्य है। विगत दो वर्षों में स्वच्छंद वातावरण और आदर्श विधानसभा के रूप में गाडरवारा क्षेत्र में विकास की निरंतर इबारत लिखे जाने के साथ-साथ खेल, सांस्कृतिक व रचनात्मक क्षेत्र में कीर्तिमान रचे गए हैं, जो निर्बाध जारी भी हैं।

गाडरवारा अब नवाचारों के लिए जाना जाने लगा है। लोगों ने जिस विश्वास के साथ उन्हें चुना, वे उस कसौटी पर संकल्पों और प्रतिबद्धता के साथ खरे उतरे हैं। विधायक कार्यालय सेवा सदन में अपनी समस्याओं की सुनवाई के लिए उमड़ती क्षेत्रीयजनों की भीड़ मंत्रीजी के जन सम्मान व जन समर्पण की साक्षी भी है। हजारों लोगों से मिलना, संजीदगी से उनकी समस्याएं सुनना, समाधान करना, यह उनका निरंतर साधना क्रम है। *मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में अपने दोनों विभागों परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग में मंत्री श्री राव द्वारा लगातार किए जा रहे नवाचारों व सशक्त निर्णयों से उनके मंत्री के रूप में दो वर्षों के रिपोर्ट कार्ड को प्रदेश की राजधानी सहित संपूर्ण प्रदेश में सराहा जा रहा है। इसी के चलते मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ मोहन यादव के सक्रिय, सजग व विश्वस्त सहयोगियों में उनका नाम प्राथमिकता के साथ शुमार है। मध्यप्रदेश की 16वीं विधानसभा हेतु नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा विधानसभा सीट से दिसंबर 2023 में निर्वाचित विधायक, प्रदेश सरकार के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग कैबिनेट मंत्री श्री राव उदय प्रताप सिंह का राजनैतिक सफर बेदाग, निर्विवाद व अपराजेय रहा है। कार्यकर्ताओं के बीच सदैव सहज श्री राव को उनके संघर्षपूर्ण राजनैतिक जीवन में जनता का भरपूर प्रतिसाद व आशीर्वाद मिला। श्री राव नर्मदापुरम/होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद रहे हैं व अपनी सुयशपूर्ण व यशस्वी राजनैतिक पारी में दूसरी बार गाडरवारा विधानसभा से विधायक निर्वाचित हुए। श्री राव ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मध्य प्रदेश में सर्वाधिक मतों से चुनाव जीतने का कीर्तिमान रचा था। उनका नाम पूरे देश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले सांसदों की टॉप 10 सूची में भी शामिल रहा।छात्र राजनीति से सार्वजनिकता में सक्रिय रहे, श्री राव का राजनीतिक सफर नरसिंहपुर जिले के सफलतम चांवरपाठा जनपद के 29 वर्षीय युवा अध्यक्ष के रूप में वर्ष 1994 में प्रारंभ हुआ, जिसमें श्री राव ने बेरोजगार युवाओं की चिंता की व ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं, विकास के उल्लेखनीय कार्य किये।

वर्ष 2007 में नरसिंहपुर जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा सीट से पहली बार विधायक निर्वाचित हुए श्री राव वर्ष 2009 में होशंगाबाद वर्तमान नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव लड़े और पहली बार सांसद बने। जिसके बाद उनकी विजय यात्रा अजेय व निर्बाध रही और वे लगातार वर्ष 2014 और 2019 में लोकसभा का लगभग 6 लाख मतों से ऐतिहासिक चुनाव जीते और अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित किया। दिसंबर 2023 में मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र से संघर्षपूर्ण व चुनौतीपूर्ण चुनाव में रिकॉर्ड 58 हजार मतों से जीत दर्ज कर श्री राव ने अपनी विजय यात्रा में एक और नया कीर्तिमान स्थापित किया और नरसिंहपुर जिला सहित संपूर्ण महाकौशल क्षेत्र में सबसे बड़ी जीत दर्ज की।सांसद के रूप मैं अपने उल्लेखनीय कार्यकाल के लिए श्री राव को पार्टी नेतृत्व ने महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रमुख वक्ता के रूप में नामित कर एवं कॉमनवेल्थ पार्लियामेंट्री एशोसियेशन (सीपीए) राष्ट्रमंडल संसदीय संघ में भारत देश की ओर से प्रतिनिधि नामांकित कर गौरवपूर्ण अवसर प्रदान किया। बतौर सांसद श्री राव को लोकसभा की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति, सरकारी उपक्रमों संबंधी स्थाई समिति, रेल विभाग की परामर्श दात्री समिति, भारत सरकार के अंतरिक्ष विभाग एवं परमाणु ऊर्जा विभाग की संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। संसदीय क्षेत्र के विकास से लेकर देश में कानून बनाए जाने पर अपनी बात संपूर्ण ताकत के साथ सदन के समक्ष रखे जाने के साथ साथ उन्होंने नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के 100 फीसदी ग्रामों तक पहुंचकर संपूर्ण सक्रियता के साथ अपने जनप्रतिनिधि होने के दायित्व का निर्वहन किया और जनता की कसौटी पर खरे उतरे।

**जिसके नेतृत्व में हो विश्वास अपार..**

**उसी को ही मिलता है, जन-जन का प्यार..**

**आशीष अग्रवाल**
**वरिष्ठ पत्रकार, करेली**

## सीएम राइज विद्यालय की छात्राओं ने किया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

### पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल के सहयोग एवं सहभागिता से सम्पन्न हुआ भ्रमण

नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।

सीएम राइज विद्यालय की छात्राओं के लिए आज का दिन बेहद खास रहा, जब उन्हें मध्यप्रदेश विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण करने का अवसर मिला यह भ्रमण पूर्व राज्यमंत्री एवं क्षेत्र के लोकप्रिय जनप्रतिनिधि जालम सिंह पटेल की विशेष पहल पर संभव हुआ। छात्राओं ने तीन दिन पूर्व उनसे विधानसभा भ्रमण कराने का आग्रह किया था,जिस पर उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए व्यक्तिगत स्तर पर संपूर्ण अनुमति प्रक्रिया पूरी कराई और यात्रा की पूरी व्यवस्था भी स्वयं की विद्यालय के प्राचार्य,शिक्षिकाओं और छात्राओं का दल नरसिंहपुर से बस द्वारा भोपाल पहुँचा,जहाँ सबसे पहले उन्हें विधानसभा भवन की भव्यता और उसकी कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया छात्राओं ने विधानसभा के इतिहास,संचालन और विधायी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा उन्हें विभिन्न सदन कक्ष,समिति कक्ष और मीडिया सेंटर भी दिखाए गए भ्रमण के दौरान छात्राओं की मुलाकात कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से हुई। दोनों मंत्रियों ने छात्राओं से



आत्मीयता से बातचीत की, उनके सवालों के जवाब दिए और उन्हें शासन तथा प्रशासन के कामकाज से रूबरू करवाया। छात्राओं ने मंत्रियों से शिक्षा,करियर और नेतृत्व जैसे विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका सरल और प्रेरणादायक तरीके से समाधान दिया गया विधानसभा भ्रमण के बाद जालम सिंह पटेल ने छात्राओं एवं शिक्षिकाओं के साथ भोजन भी किया जिससे छात्राओं में विशेष उत्साह और आत्मीयता का सुंदर अहसास हुआ उन्होंने छात्राओं को भविष्य में भी ऐसे शैक्षणिक अवसर प्रदान करने का आश्वासन दिया और कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं,इसलिए उनके विकास के लिए सकारात्मक पहलें करना उनका कर्तव्य है पूरे भ्रमण के दौरान छात्राओं में अत्यंत उत्साह और जिज्ञासा देखने को मिली उन्होंने बताया कि यह अनुभव उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा और उन्हें गर्व है कि वे ऐसे जनप्रतिनिधि के जिले से हैं,जो केवल जनसेवा ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर योगदान देते हैं उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा ने बताया कि इस शैक्षणिक यात्रा ने न केवल छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि की,बल्कि उन्हें प्रदेश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को नज़दीक से समझने का अमूल्य अवसर भी प्रदान किया।

## वीरांगना क्लब द्वारा माँ नर्मदा की महाआरती व प्रसादी वितरण



**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** अगहन मास की पूर्णिमा पर वीरांगना क्लब, नरसिंहपुर द्वारा श्री नरसिंह मंदिर प्रांगण में माँ नर्मदा की महाआरती, पाठ एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष सविता महोबिया ने कहा कि ऐसे आयोजनों से सेवा, सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से क्लब की सचिव पूनम धूर्वे, कोषाध्यक्ष रजनी राजोरिया, पूर्व मल्टीपल डायरेक्टर रूप कला कटारे, संरक्षक अर्चना राय, पूर्व अध्यक्ष पूनम जैन, प्रीति गोस्वामी, रेनु नोरिया सहित क्लब की अनेक सदस्याएं एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नर्मदा संगठन की सदस्यों का सहयोग रहा।

## अन्नदाता एक नहीं अनेक समस्या से जूझ रहा

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** बेहद अफसोस का विषय है कि जिले के दो विधायक प्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री हैं। इसके बाद भी जिले का अन्नदाता एक नही अनेक समस्या से जूझ रहा है। बिजली मिल नही रही और अनाप-सनाप बिल आ रहे हैं। गन्ना ओर धान मक्का आदि फसलों का वाजिब दाम किसानों को नही मिल रहा है। खाद् की किल्लत भरी हुई है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल ने जिला कांग्रेस द्वारा किसान आंदोलन के तहत सुभाष पार्क के समीप धरना सभा में लगाए। श्रीमति पटेल ने कहा कि किसान की समस्या को प्रदेश और केन्द्र सरकार सुन नही रही। केवल झूठे वादे और दावे किए जाते हैं। भोपाल से आए प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान ने कहा कि नरसिंहपुर जिले से लेकर पूरे प्रदेश में किसान भारी समस्या से जूझ रहा है और कुछ किसान संगठन सरकार की दलाली कर रहे हैं। पूर्व विधायक सुनील जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने किसान हितों में कर्ज माफी से लेकर अनेक ऐतिहासिक कदम उठाये मैथिलीशरण तिवारी ने भाजपा को



किसान विरोधी बताया। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत ने कहा कि आज अनाज के दाम कम मिल रहे हैं और लागत निरंतर बढ़ रही है। लाखन सिंह पटैल ने कहा गांव-गांव अवैध कारोबार चल रहे हैं और किसान की कोई सुनने वाला नही। संतोष पटैल ने कहा हर जगह किसान को ठगा जा रहा है। इस मौके पर डॉ संजीव चांदोरकर, छोटे भैया राजा कौरव , दिग्विजय सिंह, मोना कौरव, कंछेदी पटेल, कपिल सिंह, योगेन्द्र सिंह, देवेंद्र शुक्ला, लोकेश पटेल, विवेक पटेल ने प्रदेश सरकार को किसान विरोधी बताया। संचालन नीलेश जाट एवं आभार ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष साहू ने किया।

**निकाली रैली सौंपा ज्ञापन**

धरना प्रदर्शन सभा के बाद किसानों की अनेक समस्याओं को लेकर नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। यहां पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया ज्ञापन में मांग की गई है कि मक्का की समर्थन मूल्य पर तत्काल खरीदी हो, धान की खरीदी सुचारू रूप से हो ।

## आबकारी विभाग द्वारा करेली वृत्त के अंतर्गत 1920 किलोग्राम महुआ लाहन 17 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय, संग्रहण और परिवहन पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह के निर्देश पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को जिला आबकारी अधिकारी नरसिंहपुर श्री बृजेन्द्र कोरी के मार्गदर्शन में कंट्रोल रूम प्रभारी श्री बीएल उइके के नेतृत्व में अवैध मदिरा धारण एवं संग्रहण की सूचना पर वृत्त करेली में अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान 1920 किलोग्राम महुआ लाहन और 17 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। विभाग द्वारा मप्र आबकारी अधिनियम 1915 के तहत 7 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए।कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी श्री बीएल उइके, श्री रविन्द्र जैन, आबकारी उप निरीक्षक श्री सतीश कुमार, परि. आबकारी उप निरीक्षक आकांक्षा धनोतिया, मुख्य आरक्षक श्री सदर सिंह बरकड़े सहित अन्य अधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

## एसआईआर के तहत 100 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य करने पर ईआरओ व अन्य अधिकारियों को किया सम्मानित

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 100 प्रतिशत कार्य करने पर ईआरओ सहित अन्य अधिकारियों को सम्मानित किया। उन्होंने एसडीएम व ईआरओ तेंदूखेड़ा सुश्री पूजा सोनी, तहसीलदार तेंदूखेड़ा श्री निर्मल पटले, नायब तहसीलदार तेंदूखेड़ा श्री इमरान मंसूरी आदि कर्मचारियों को शाल- श्रीफल व गुलस्ता देकर



सम्मानित किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सिंह ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत गुरूवार 4 दिसम्बर की शाम 6 बजे तक जिले की विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 118- गोटेगांव और 121- गाडरवारा में भी 100 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर में 99.89 प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य कर लिया गया है।

## अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को किया सम्मानित

### विद्यालय की कोपल पत्रिका का हुआ विमोचन

**नरसिंहपुर, स्वतंत्रमत।** पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल ने सांदीपनि एसडीएम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में बुधवार को कोपल पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन किया। उन्होंने अर्द्धवार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान सर्वाधिक उपस्थिति देने वाली छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित किया। पूर्व राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा कि जब बच्चे नवाचार करते हैं, तो अत्यंत प्रसन्नता होती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सभी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। मोबाइल का भी सकारात्मक एवं सीमित समय तक उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष श्री नीरज दुबे, श्री रामसनेही पाठक, श्री सुनील कोठारी, संस्था प्राचार्य श्री प्रभात कुमार मिश्रा, उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के प्राचार्य श्री जीएस पटेल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री बीएल शर्मा, अन्य अधिकारी, शिक्षक- शिक्षिकाएं और विद्यार्थी मौजूद थे।

## एनटीपीसी गाडरवारा ग्रामीण विकास, सामाजिक उत्थान और सामुदायिक सशक्तिकरण का बना स्तंभ

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत) ।** मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले में स्थत एनटीपीसी गाडरवारा सुपर इर्मल पावर प्रोजेक्ट आज केवल बिजली उत्पादन का केंद्र नाहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, सामाजिक उत्थान और सामुदायिक सशक्तिकरण का मजबूत स्तंभ भर चुका है। कभी सिर्फ ऊर्जा निर्माण का प्रतीक रहने वाली यह परियोजना अब अपने आसपास के गांवों चौरबादा, उमरिया, डोंगरगांव, कुढारी, गांगई और घाट पिपरिया की प्रगति की दिशा ही बदल रही है। एनटीपीसी गाडरवारा की सतत उरफ एवं कफपहलों ने सुनिक्षित किया है कि विकास का लाभ हर परिवार, हर समुदाय और हर व्यक्ति तक पहुंचे। अर्नेस्ट एंड बंग (ए)इवैल्यूएशन एवं नीड असेसमेंट द्वारा किए गए सोशल इम्पैक्ट सर्वे (एनएएस) 2021-22 के अनुसार, एनटीपीसी की पहलों ने प्रभावित गांवों की जीवन गुणवता में बड़ा बदलाव किया है। सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति, मजबूत जल निकासी व्यवस्था, पक्की सड़कें, स्वच्छता एवं ग्रामीण अवसंरचना का सुधार हुआ है। 7,955 ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलने से स्वास्थ्य जोखिमों में भारी कमी भवनों के निर्माण ने ग्रामीण आई है। साथ ही सामुदायिक सामाजिक जीवन को नया आयाम दिया है, जहां विवाह, प्रशिक्षण एवं ग्राम सभाएं सहजता से आयोजित हो रही हैं। में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को एनटीपीसी गाडरवारा ने गांवों अत्यंत आसान बना दिया है। 247 एम्बुलेंस सेवा नियमित चिकित्सा शिविर आपात स्थितियों में त्वरित चिकित्सा सहायता, एंड केएसआरओ-1 अध्ययन(2021-22) के अनुसार, स्वास्थ्य सेवाओं पर लगाए गए हर 1 रुपये पर 1.2 गुना सामाजिक लाभ समाज को वापस मिला है। इन प्रयासों ने प्रसूति सेवाओं, बुजुर्गों के उपचार और आपातकालीन स्वास्थ्य जरूरतों को समय पर पूरा करने में अहम भूमिका निभाई है। एनटीपीसी गाडरवारा की गांवों में प्रति व्यक्ति आय में आया सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि है-महत्वपूर्ण सुधार। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं का सशक्तिकरण युवाओं के लिए अब अधिक आत्मनिर्भर, अवसर प्रोजेक्ट-प्रभावित गांव व्यावसायिक प्रशिक्षण के नए जागरूक और आर्थिक रूप से मजबूत हो चुके हैं। यह सिर्फ नंबरों की कहानी नहीं-यह आत्मविश्वास, उन्नति और नए सपनों की कहानी है।

## चीचली में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न

### अर्धवार्षिक परीक्षा में हो विद्यार्थियों की हो, शत प्रतिशत उपस्थिति : बीआरसी

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

गत दिवस चीचली विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए बीआरसी चीचली डी के पटैल ने आगामी 8 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली सभी प्राथमिक, माध्यमिक, एकीकृत शालाओं में कक्षा पहली से आठवीं की अर्धवार्षिक परीक्षा में विद्यार्थियों की शत प्रतिशत उपस्थिति, माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का संचालन, मेंटरिंग,



बैगलेस डे की गतिविधि आयोजित करना , एफएलएन अभ्यास पुस्तिका पर कार्य, खाद्यान्न उठाव, ड्रॉप बॉक्स, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, जिज्ञासु किट उपयोगिता, निर्माण कार्य इत्यादि बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। बैठक में उपस्थित बीएसी अरुण दुबे एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति, शाला संचालन में मुस्कान एप कंटेंट से संबंधित संवाद, अध्यापन में टीएलएम का उपयोग, ड्रॉपबॉक्स, प्रोफाइल अपडेशन तथा यू डाइस पोर्टल पर शिक्षक, स्टूडेंट, शाला प्रोफाइल कार्य संबंधी चर्चा की। उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक लेखराम गौतम तथा सत्यम ताम्रकार द्वारा ने गत सितंबर में आयोजित असाक्षरों की परीक्षा परिणाम की पोर्टल एंट्री में त्रुटि पूर्ण एंट्री के सुधार संबंधित विस्तृत सुझाव, आगामी 15 दिसंबर तक ग्राम, वार्ड, बसाहटों के असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था, अक्षर साथी चिन्हांकन, मॉनिटरिंग तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की।

# साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन





## पुलिस अधीक्षक ने किया परेड एवं शासकीय वाहनों का व्यापक निरीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार 05 दिसंबर को पुलिस लाइन स्थित पुलिस परेड ग्राउंड कटनी में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत के नेतृत्व में परेड द्वारा पुलिस अधीक्षक को सलामी दी गई। इसके उपरांत एसपी ने परेड का निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के टर्नआउट वेशभूषा, अनुशासन एवं एकरूपता की बारीकी से समीक्षा की। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को मौके पर प्रशंसा स्वरूप पुरस्कृत किया गया।

**अनुशासन एवं तत्परता पर विशेष बल**

परेड अभ्यास के दौरान प्रत्येक प्लाटून कमांडर द्वारा अपने-अपने प्लाटून को एकल रूप से ड्रिल अभ्यास कराया गया। परेड के समापन पर एसपी विश्वकर्मा ने पुलिस बल को कमांड कर अनुशासन, एकरूपता एवं शारीरिक फिटनेस की महत्ता पर बल दिया। जनरल परेड का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट, अनुशासित और कर्तव्य के प्रति सदैव तत्पर बनाए रखना है।

***एमटी परेड एवं पुलिस वाहनों का गहन निरीक्षण***- जनरल परेड के उपरांत पुलिस अधीक्षक ने एमटी परेड ली तथा सभी शासकीय वाहनों का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने वाहन की बाहरी-भीतरी सफाई, इंजन की स्थिति, संचार उपकरणों की कार्यप्रणाली, वाहन लॉगबुक एवं मेंटेनेंस रिकॉर्ड, पीए सिस्टम, सायरन, बलवा नियंत्रण सामग्री, आंसू गैस, प्राथमिक उपचार किट आदि सभी सुरक्षा उपकरणों की भौतिक उपलब्धता एवं क्रियाशीलता की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक थाना/चौकी के वाहन सदैव रोड-रेडी स्थिति में रहें एवं आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से वाहन में मौजूद हों। सभी संसाधनों का समय-समय पर परीक्षण कर उनकी उपयोगिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। साप्ताहिक जनरल परेड में- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, सीएसपी कटनी नेहा पच्चीसिया, डीएसपी मुख्यालय उषा राय, रक्षित निरीक्षक संध्या राजपूत, उनि रूपेन्द्र राजपूत, उनि सिद्धार्थ राय, सूबेदार उमेश दुबे सहित पुलिस अधिकारी एवं पुलिसकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज हेतु रेल मंत्री से मिले: सांसद

## स्लीमनाबाद को जल्द मिल सकती है ट्रेनों की सौगात

## वर्षों से चली आ रही मांग



कटनी (स्वतंत्रमत)

लंबे समय से क्षेत्रीय जनमानस के द्वारा स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज की मांग आरक्षण केंद्र खोले जाने जैसे विभिन्न जन सुविधा की मांग क्षेत्रीय विधायक और सांसद से लगातार की जा रही थी स्लीमानाबाद आगमन के दौरान सांसद से इस संबंध में ग्रामीण जनों ने पुरजोर मांग रखी थी जिस पर उन्होंने आश्वस्त किया था कि आपकी इन मांगों को पूरा किया जाएगा। खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने नई दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर खजुराहो संसदीय क्षेत्र अंतर्गत कटनी जिले व स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों की स्टॉपेज हेतु मांग पत्र मंत्री को दिया जिसमें उन्होंने स्लीमनाबाद रेलवे स्टेशन में रीवा इतवारी एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर लखनऊ चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन जबलपुर अंबिकापुर इंटरसिटी वह जबलपुर सिंगरौली इंटरसिटी ट्रेन को स्लीमनाबाद में रोके जाने हेतु केंद्रीय रेल मंत्री को मांग पत्र सोपा है मालूम हो कि क्षेत्रीय विधायक प्रणव पांडे के द्वारा सांसद से बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के रीठी और स्लीमनाबाद में एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज आरक्षण केंद्र खोले जाने हेतु मांग पत्र सोपा था विधायक और सांसद की इस पहल पर मंडल अध्यक्ष दीपू शुक्ला, गोलू तिवारी, रवि दुबे, चंद्रशेखर अग्रहरि, रतन गुप्ता, सुनील गुप्ता, संजय दुबे, राहुल सिंह, मंटू अग्रहरि, विनोद दुबे, जगदेव पटेल, शालू दुबे, मनीष मिश्रा, विजय अग्रवाल, संतोष सिंह, लखन दुबे, अरविंद अग्रहरि, सुग्रीव यादव सहित आम जनमानस में हर्ष का माहौल है।

# सीएम राइज विद्यालय में विश्व विकलांग दिवस कार्यक्रम आयोजित

## रेखा अंजू तिवारी ने कहा कि हमारे छात्र-छात्राएं दिव्यांग नही है यह अपने आप में स्वंय समर्थवान और सक्षम है

कटनी (स्वतंत्रमत)



मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एंव जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एंव सत्र न्यायधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव न्यायधीश सुमित शर्मा व्यवहार वरिष्ठ खंड के मार्गदर्शन मे समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी के नेतृत्व मे विश्व विकलांग दिवस आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक समारोह मे विधिक साक्षरता शिविर लगाया कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार जिला शिक्षा केंद्र समन्वयक मिडिल व हाईस्कूल प्रभारी जितेन्द्र दुबे के कुशल दिशा में आयोजित कार्यक्रम हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथ्य अपर कलेक्टर एंव सीएम राइज विद्यालय प्राचार्य शंकर पांडेय सहित मंचासीन अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन पौधा देकर सम्मानित किया गया तत्पश्चात समाजसेवी व अधिवक्ता रेखा अंजू तिवारी ने अपने ओजस्वी विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे यह होनहार छात्र-छात्रा, दिव्यांग नही है यह सक्षम और समर्थवान बच्चे है यह सबकुछ कर सकते है, बस सही मार्ग प्रशस्त करने वाले गुरूदेव का आशीर्वाद और सहयोग प्राप्त हो। इस अवसर पर मंचासीन अतिथियों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से बढ़चढ़कर बच्चो ने हिस्सा लेकर अपनी कला और कविता पाठ कर सभी सम्मानित लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया उक्त आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुए और सभी छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक नृत्यों की प्रस्तुति दी। उक्त आयोजित कार्यक्रम में सभी बच्चो को सम्मान प्रशस्ति पत्र और गिफ्ट देकर सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामनाये ईश्वर से की। कार्यक्रम का सफल संचालन शासकीय शिक्षिका निधि चौहान ने किया बच्चो द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं मे निर्णायक मंडल की अहम योगदान शासकीय शिक्षिका सायरा बानो, सुषमा मिश्रा, डॉ सचिन सहित अन्य सम्मानित शिक्षिकों और बच्चों के अभिभावकों की गरिमामय उपस्थित मे कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# जबलपुर-अमृतसर ट्रेन चलाये जाने की मांग ने जोर पकड़ा

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जबलपुर से भारते के प्रमुख व्यावसायिक, धार्मिक एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थल केन्द्र अमृतसर के लिये सीधी ट्रेन की कोई सुविधा न होने से यात्रियों को निरंतर परेशानी हो रही है। इस ट्रेन की मांग कई वर्षों से की जा रही है इसके बावजूद भी अभी तक रेल प्रशासन ने इस जायज मांग पर कार्यवाही नहीं की है। कोविड काल से पहले दुर्ग-जम्मूतवी वाया अमृतसर एवं जबलपुर-अटारी एक्सप्रेस की सुविधा थी मगर यह सुविधा भी बंद कर दी गई है। उक्ताशय की मांग सिन्धु कांउसिल आफै इंडिया, राया स्वामी सत्संग व्यांस, क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति, गुरुरुसिंघ सभा एवं विभिन्न व्यवसायिक संगठनों द्वारा पुरजोर ढंग से उठाई गई है। विगत दिनो क्षेत्रीय सांसद बी.डी. शर्मा के कटनी आगमन पर प्रतिनिधि मण्डल ने उनसे चर्चा कर जबलपुर-अमृतसर वाया मुड़वारा सीधी एवं नियमित ट्रेन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शीघ्र सेवा प्रारंभ करने की मांग की गई है। प्रतिदिन अमृतसर के लिये जबलपुर, सिहोरा, कटनी, पन्ना, उमरिया, शहडोल, दमोह एवं सागर से हजारों यात्री भारत के प्रमुख आध्यात्मिक केन्द्र राया स्वामी सत्संग व्यास, अमृतसर स्थित प्रमुख आत्या के केन्द्र स्वर्णमंदिर, दुर्गगाणा मंदिर, ऐतिहासिक जलियांवाला बाग एवं बाधा बार्डर स्थित है। अमृतसर देश का प्रमुख गर्न वस्त्रों का व्यावसायिक केन्द्र भी है। जबलपुर-अमृतसर सीधी ट्रेन बलने से रेल्वे को पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा एवं प्रतिदिन हजारों यात्रियों को सुविधा मिलेगी। अतः विभिन्न धार्मिक, आध्यात्मिक एवं व्यावसायिक संगठनों द्वारा उक्त ट्रेन शीघ्र प्रारंभ करने की मांग की है।

# मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)



बहोरीबंद विधानसभा मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का सौ-फीसदी डिजिटाईजेशन पूरा करने वाली कटनी जिले की पहली विधानसभा बन गई है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने एसआईआर कार्य में लगे 94-बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के शासकीय कर्मियों सहित सभी 295 बीएलओ की सराहना की है और अन्य विधानसभा क्षेत्रों के इस कार्य में लगे लोगों के लिए बहोरीबंद का अनुकरण कर शीघ्र सौ-फीसदी डिजिटाईजेशन कार्य संपादित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा सत्त रूप से एसआईआर की मॉनिटरिंग करने और मैदानी भ्रमण कर किए गए निरीक्षण और अधिकारियों को सत्त रूप से प्रोत्साहित करने की वजह से जिले में मतगणना प्रपत्र के डिजिटाईजेशन का कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रो में से विधानसभा क्षेत्र 94-बहोरीबंद में शत-प्रतिशत डिजिटाईजेशन का कार्य सबसे पहले पूरा किया गया है। यहां के सभी 2 लाख 49 हजार 51 मतदाताओं के गणना-प्रपत्रों का डिजिटाईजेशन हो चुका है। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी ने बहोरीबंद के ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ एवं सुपरवाईजर सहित इस कार्य में जुटे सभी सहयोगी कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। एसडीएम बहोरीबंद राकेश चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर सर के निर्देशन में बहोरीबंद को यह उपलब्धि टीम की तकनीकी दक्षताए बेहतर समन्वय, समयबद्ध कार्यप्रणाली की वजह से अर्जित हुई है। बहोरीबंद की टीम ने जोश, जज्बे और लगन से काम किया। यहां तक कि रात के समय में भी ऑनलाईन डेटा फीडिंग एवं दस्तावेज अपलोड का कार्य जारी रहा, जिससे बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र ने डिजिटाईजेशन कार्य में शत-प्रतिशत उपलब्धियां दर्ज की है।

# बाउंड्रीवाल विवाद को लेकर बुजुर्ग दंपत्ति और बेटी पर जानलेवा हमला, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

कटनी (स्वतंत्रमत)





बरही थाना क्षेत्र में विजयराघवगढ़ रोड पर बाउंड्रीवाल विवाद को लेकर एक बुजुर्ग दंपत्ति और उनकी बेटी पर पड़ोसी परिवार के आधा दर्जन सदस्यों द्वारा जानलेवा हमला किया गया। जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए। घटना गुरुवार शाम करीब 04:50 बजे की बताई जा रही है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता उत्तमचंद गुप्ता जो स्थानीय स्तर पर दुकान चलाते हैं, ने पुलिस को बताया कि उनके खाली प्लॉट में बनी बाउंड्रीवाल के विवाद में पड़ोसी पक्ष ने हमला बोला। जिसमें कृष्ण कुमार सोनी, सुनीता सोनी, राजा सोनी, राजकुमारी सोनी, और प्रकाशचंद सोनी की पत्नी शामिल हैं। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने फावड़ा, लाठी और गैंती लेकर अचानक उनके घर में घुसकर हमला कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद उनके प्लाट की बाउंड्रीवाल भी तोड़ गए। इस वारदात में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिनमें 3 शिकायतकर्ता उत्तमचंद गुप्ता को पुष्पराज सोनी ने उन्हें डंडे से मारा। दाहिनी कमर, चेहरा और पीठ पर चोटें आईं। शिकायतकर्ता की पत्नी कृ सुनीता गुप्ता बीच-बचाव करने पर कृष्ण कुमार सोनी ने फावड़ा मारा राजा सोनी ने गैंती से हमला कियादाहिने कंधे और कलाई में चोटें आईं। शिकायतकर्ता की बेटी-प्रियंका सोनी ने बताया राजकुमारी सोनी ने डंडे से मारा नाक और दाहिनी आंख के नीचे चोट लगी। शिकायत में यह भी आरोप है कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए कहा- तुम लोगों को जान से खत्म कर देंगे। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस की कार्रवाई में मारपीट में घायल तीनों लोगों को पुलिस ने तत्काल शासकीय अस्पताल भेजा, जहाँ उनका डॉक्टरी परीक्षण कराया गया। पुलिस ने शिकायत पत्र के आधार पर गंभीर मारपीट, घर में घुसकर हमला, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर मामले को पंजीबद्ध कर लिया है।

# नशे में धुत बस चालक ने खतरे में डाली यात्रियों की जान

कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस द्वारा शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध लगातार चलाए जा रहे अभियान के तहत रीठी थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दर्जनों यात्रियों की जान बचाई। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष डेहरिया एवं उप पुलिस अधीक्षक उषा राय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रीठी के नेतृत्व में यह त्वरित कार्रवाई की गई। जानकारी के मुताबिक 4 दिसम्बर को कटनी-दमोह मुख्य मार्ग पर कटनी से पन्ना जा रही यात्री बस क्रमांक एमपी ४१ आर ०७४७ का चालक बस को तेज गति व लापरवाहीपूर्वक लहराते हुए चला रहा था। बस में 25 से अधिक यात्री सवार थे। चालक की हरकतें देखकर स्पष्ट था कि वह अत्यधिक शराब के नशे में था, जिससे किसी भी क्षण बड़ा हादसा हो सकता था। रीठी कस्बे में वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश पर वाहनों की नियमित चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान बस की सूचना मिलते ही रीठी पुलिस टीम ने बस को रोका और चालक की जांच की। परीक्षण में यह पुष्टि हुई कि चालक गहन नशे की अवस्था में था तथा सुरक्षित ड्राइविंग करने की स्थिति में बिल्कुल नहीं था। बस चालक के शराब के नशे में पकड़े जाने के बाद कब परिवहन विभाग क्या बस का परमिट निरस्त करने की कार्रवाई करेगा। रीठी पुलिस ने तत्काल बस को जप्त किया। चालक के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विधिक कार्रवाई की गई। यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी यात्रियों को दूसरी बस उपलब्ध कराकर उनके गंतव्य की ओर सुरक्षित रवाना किया गया।

# बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का गांव-गांव संदेश देगा जागरूकता रथ



## कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रथ रवाना

कटनी (स्वतंत्रमत)

बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान के अंतर्गत जिले में कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कलेक्टर ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के गांव-गांव पहुंचेगा और लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी देगा। इस पहल का उद्देश्य है कि बाल विवाह पर पूरी तरह रोक लगे और सभी बच्चों को शिक्षा, सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण प्राप्त हो। इस अवसर पर वनश्री कुर्वेती सहायक संचालक, महिला एवं बाल विकास विभाग, ज्योति लिल्हारे डिप्टी कलेक्टर, सतीश पटेल, परियोजना अधिकारी, बहोरीबंद एवं अन्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# न पानी की व्यवस्था, न ही पर्याप्त रोशनी, टीन शेड तक नहीं

## 46 केंद्र गोदाम स्तरीय, 43 केंद्र खुले मैदान में

## जिले में अव्यवस्था के बीच हो रही धान की खरीदी



कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले में धान की खरीदी अव्यवस्था के बीच शुरू तो हो चुकी है। ग्रामीण क्षेत्रों में बनाए गए खरीदी केंद्रों में न पानी की व्यवस्था है और न ही तौलाई के लिए पर्याप्त रोशनी। इतना ही नहीं जिस स्थान पर किसानों से धान खरीदा जा रहा है। वहां शेड तक नहीं है। जबकि कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा खरीदी केंद्रों में व्यवस्था बनाने लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं। बताया गया है कि धान लेकर जो किसान खरीदी केंद्रों में पहुंच रहे हैं वे अपने साथ पानी भी ला रहे हैं। किसानों के धान की तौलाई दिन ढलने के बाद भी की जा रही है। जिले के एक कई केंद्रों में बिजली का कनेक्शन नहीं है। यहां कर्मचारियों द्वारा कटिया फंसाकर बिजली की व्यवस्था की जा रही है या फिर बैटरी से बिजली जलाई जा रही है। अधिकांश खरीदी केंद्र गोदामो में तो कुछ खुले मैदान में बनाए गए हैं। ऐसे में खुले केंद्रों में उचित व्यवस्था नहीं है। जबकि समितियों को इसके लिए कमीशन के रूप में राशि दी जाती है। गौरतलब है कि अभी खरीदी की गति धीमी है। लेकिन जब धान लेकर ज्यादा संख्या में किसान केंद्रों में आएंगे तो यह अव्यवस्था और बढ़ जाएगी।

***ठंड में ठिठुर रहे किसान***- समिति प्रबंधकों ने खरीदी केंद्रों में अलाव की व्यवस्था नहीं की है। जिससे किसानों को रात में केंद्र में ठिठुरना पड़ रहा है। बताया गया है कि खरीदी केंद्रों में अलाव की व्यवस्था करने को कहा गया था। बताया गया है कि एक दिन में धान की तौलाई न हो पाने की वजह से किसानों को रात में खरीदी केंद्रों में रुकना पड़ रहा है। ऐसे में जलाकर ठंड से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं।

***धान के चोरी होने का खतरा***- जिस स्थान पर धान की खरीदी की जा रही है, उस स्थान को चारों ओर से कवर्ड नहीं किया है, जिसकी वजह से रात में धान के चोरी होने का भी खतरा बना हुआ है। बताया गया है कि सभी खरीदी केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगाए गए हैं। जहां लगे भी हैं, वहां सभी कैमरे चालू हालत में नहीं हैं। इतना ही नहीं कई खरीदी केंद्र ऐसे भी हैं जहां सिर्फ एक तरफ ही कैमरे लगाए गए हैं। जिससे पूरा खरीदी स्थल कवर नहीं हो पा रहा है। यही वजह है कि किसान केंद्रों में रुक कर अपनी धान की तकवारी कर रहे हैं।

***अब 32 हजार विंटल खरीदी***- जिले में गुरूवार की शाम तक 32 हजार क्विंटल मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। यह धान अभी दो दर्जन से ज्यादा किसानों ने बेची है। इस बार 475 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी का लक्ष्य लिया गया है। जिले में 89 केंद्रों में खरीदी की जानी है, जिसमें सभी केंद्र खुल चुके हैं। लगभग 46 केंद्र गोदामों में और 43 केंद्र खुले मैदान में स्थापित है। बहोरीबंद के 18 केंद्रों में 235 विंटल तो बरही में 28 कि. खरीदी हुई हैं। बताया गया है कि खरीदी के विरुद्ध अभी तक धान का परिवहन नही हो सका है कुछ केंद्रों में परिवहन की व्यवस्था शुरू हो सकेगी।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका तीसरे एकदिवसीय में आज होंगे आमने-सामने

## दोपहर 1.30 बजे से शुरु होगा मुकाबला



विशाखापत्तनम

भारतीय क्रिकेट टीम आज शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाले तीसरे एकदिवसीय को जीतकर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी। अभी तक ये सीरीज एक-एक से बराबरी पर है। भारतीय टीम ने पहला जबकि दक्षिण अफ्रीका ने दूसरा मैच जीता था। भारतीय टीम को इस मैच में भी विराट कोहली और रोहित शर्मा से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। विराट ने पहले दोनो एकदिवसीय में शतक लगाये थे जबकि रोहित ने पहले एकदिवसीय में अर्धशतकीय पारी खेली थी। भारतीय टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रन बनाने के बाद भी हार गयी थी। ऐसे में उसके गेंदबाजों को इस बार बेहतर प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम को टॉस हारने से भी नुकसान हुआ ऐसे में टीम की कप्तानी कर के एल राहुल उम्मीद करेंगे कि वह टॉज जीत जायें। मैच के पहले पिच और मौसम की भी अहम भूमिका होगी । विशाखापत्तनम का मौसम खेल के लिए उपयुक्त होगा जबकि पिच बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के लिए सहायक होगी। यहां पर 300 से अधिक का लक्ष्य अच्छा माना जाएगा। भारत वाशिंगटन सुंदर को विश्राम देकर उनकी जगह तिलक वर्मा को मध्यक्रम की बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए अंतिम एकादश में शामिल करने पर भी गंभीरता से विचार करेगा। ऋषभ पंत भी एक विकल्प हो सकते हैं लेकिन तिलक स्पिन गेंदबाजी भी कर लेते हैं और वह बेहतरीन क्षेत्ररक्षक के भी हैं। भारतीय गेंदबाज भी अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं। अब भारत को उम्मीद होगी कि उनके युवा तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा अच्छा प्रदर्शन करेंगे और प्रभावशाली अर्शदीप सिंह का पूरा साथ देंगे।

वहीं दूसरी और टेम्बा बावुमा की कप्तानी वाली दक्षिण अफ्रीका टीम भी जीत के लिए कोई कसर नहीं रखेगी । टीम ने दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों का रिकार्ड लक्ष्य हासिल किया था। दक्षिण अफीकी के एडेन मार्क्रम, कॉर्बिन बॉश, क्विंटन डी कॉक जैसे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी की कमान लुंगी एनगिडी, मार्को यानसन, स्पिनर केशव महाराज के पास रहेगी। विशाखापत्तनम की पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी मानी जाती है। यह एक ऐसी सहत है जिसपर खिलाड़ी खुलकर शॉट खेल सकते हैं। हालांकि, गेंदबाजों को भी यहां उछाल मिलता है। बल्लेबाज यहां लंबी पारियां खेल सकते हैं ।

# हवाई सेवा में उथल-पुथल से रांची में होने वाला टेबल टेनिस टूर्नामेंट प्रभावित



रांची

हवाई सेवाओं के उथल-पुथल के बीच टेबल टेनिस बिरादरी सीजन की आखिरी नेशनल रैंकिंग चैंपियनशिप के लिए झारखंड की राजधानी रांची में इकट्ठा हो रही है।एक ओर जहां उत्साह का माहौल है और दूसरी ओर यात्रा योजनाओं में गड़बड़ी के साथ अनिश्चितता भी दिखाई दे रही है।इस टूर्नामेंट में 12 सेक्शन हैं और 2,100 से अधिक एंट्रीज हैं, फिर भी माहौल में डर व्याप्त है।एक बड़ी एयरलाइन के आखिरी समय में कई फ्लाइट कैंसिल और रीशेड्यूल करने से यात्रा प्लान गड़बड़ा गए हैं।जिससे कई वॉकओवर होने का खतरा है जो प्रतियोगिता का रंग बदल सकते हैं।झारखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन (जेकेटीटीए) द्वारा विशाल हरिवंश ताना भगत इंडोर स्टेडियम में आयोजित यह स्पर्धा रैंकिंग पॉइंट्स के लिए निर्णायक प्रतियोगिता का मैदान है।टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया के कॉम्पिटिशन डिपार्टमेंट ने स्थिति का तुरंत जायजा लिया है और नुकसान को कम करने के लिए समाधान तलाश रहा है।अनिश्चितता के बावजूद चैंपियनशिप का रोमांच बरकरार है।भारत के अधिकतर शीर्ष पैडलर्स यहां मौजूद हैं।मानव ठक्कर, जी. सत्यन , मानुष शाह, दिया चितले और श्रीजा अकुला को छोड़कर लगभग एक दशक पहले सीनियर नेशनल के बाद रांची की नेशनल रैंकिंग सर्किट में लंबे समय बाद वापसी से हाई ड्रामा और ऊंचे दांव लगने की उम्मीद है।अंडर-11 और अंडर-13 कैटेगरी शुरू में माहौल बनाएंगी, इसके बाद आठ दिनों तक चलने वाले मैचों में अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर डिवीजन के मैच होंगे।कुछ युवा स्टार्स को यात्रा में रुकावटों के कारण बाहर होना पड़ा है, जबकि दूसरे इसे सुर्खियां बटोरने का अपना मौका मान रहे हैं।

# चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने बरकरार रखी ओवरऑल चैंपियनशिप

## श्रीहरी नटराज बने सबसे सफल एथलीट



**जयपुर।** कैनो और कयाकिंग में शानदार प्रदर्शन के साथ एथलेटिक्स और स्विमिंग में दमदार कोशिशों के दम पर चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स राजस्थान 2025 में शुक्रवार को 12-दिवसीय मेगा स्पोर्ट्स इवेंट के समापन पर अपनी ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब सफलतापूर्वक बचा लिया।चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने अपने अभियान का अंत 67 पदकों के साथ किया, जिसमें 42 स्वर्ण, 14 रजत और 11 कांस्य शामिल हैं।कैनो और कायकिंग- जो पहली बार केआईयूजी में शामिल हुआ - में उन्होंने 30 में से 23 स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा दिखाया।इसके अलावा उन्होंने स्विमिंग में छह, एथलेटिक्स में पांच, रेसलिंग में दो तथा वेटलिफ्टिंग, शूटिंग, साइक्लिंग, आर्चरी, टेबल टेनिस और कबड्डी में एक-एक स्वर्ण जीता।लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (एलपीयू) ने कुल 78 पदक जीतकर रनर-अप स्थान हासिल किया - चैंपियंस से 11 अधिक ङ्क लेकिन कम स्वर्ण पदकों के कारण उन्हें दूसरा स्थान मिला।एलपीयू ने 32 स्वर्ण, 25 रजत और 22 कांस्य जीते।गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी ने भी 32 स्वर्ण जीते, लेकिन 22 रजत और 18 कांस्य के कारण उन्हें तीसरा स्थान मिला।केआईयूजी 2025 के पाँचवें संस्करण में राजस्थान के सात शहरों में कुल 222 यूनिवर्सिटी के 4448 एथलीटों ने 23 स्पर्धाओं में भाग लिया।यह खेल आयोजन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) और राजस्थान स्टेट स्पोर्ट्स काउंसिल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

# सिराज को टीम से बाहर रखे जाने पर आकाश चोपड़ा ने सवाल उठाये



नई दिल्ली

पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को एक ही प्रारुप पर सीमित रखना सही नहीं है। चोपड़ा के अनसार उन्हें एकदिवसीय प्रारुप में भी रखा जाना चाहिये। उनकी कमी टीम को खल रही है। भारतीय टीम की गेंदबाजी एकदिवसीय सीरीज में उम्मीद के अनुसार नहीं रही है। टीम दूसरे एकदिवसीय में 359 रनों के भी लक्ष्य का बचाव नहीं कर पायी। इसी को देखते हुए चोपड़ा ने सिराज को सिर्फ टेस्ट में ही उतरने पर सवाल उठाये हैं उन्होंने कहा कि उन्हें ये बिल्कुल समझ में नहीं आ रहा। सिराज को एक ही प्रारुप का खिलाड़ी क्यों बनाया जा रहा है।

चोपड़ा ने सोशल मीडिया पर कहा, 'ये सिराज के साथ क्या हो रहा है, ये आपको समझ में आ रहा है? मेरी समझ में तो बिल्कुल नहीं आ रहा है। मुझे ये बिल्कुल भी समझ नहीं आ रहा कि वह एक प्रारुप का खिलाड़ी कैसे बन गया हैं। वैसे ये हुआ कब? क्योंकि जब वह टेस्ट क्रिकेट खेलता है तो हम सब उनकी तारीफ करते हैं। हम उसके जज्बे और जुनून की तारीफ करते है!' उन्होंने साथ ही कहा, 'वह विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं पर अचानक ही एकदिवसीय टीम से क्यों बाहर रखे गये हैं ये समझ से परे है? इस समय वह घरेलू क्रिकेट खेल रहा है पर एकदिवसीय का हिस्सा नहीं हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भी उसे शामिल नहीं किया गया था हालांकि उसने एकदिवसीय प्रारुप में भी काफी विकेट लिए हैं। ये हैरानी की बात है कि अन्य सभी खेल रहे हैं पर सिराज को अवसर नहीं मिला है, इसके पीछे क्या कहानी है ये मुझे समझ नहीं आई है। सिराज ने अब तक 47 एकदिवसीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 73 विकेट हैं। एकदिवसीय में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 21 रन देकर 6 विकेट हैं। उन्होंने अब तक केवल 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम 14 विकेट दर्ज हैं। वहीं 45 टेस्ट में उनके नाम 139 विकेट दर्ज हैं।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए अभ्यास में लगी है दीपिका



नई दिल्ली

देश की शीर्ष महिला तीरंदाज तीरंदाज दीपिका कुमारी ने कहा है कि उनका लक्ष्य आगामी लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करना है। दीपिका ने कहा कि वह इसी को देखते हुए दबाव वाले हालातों से निपटने के लिए मानसिक मजबूती बढ़ाने पर ध्यान दे रही हैं। चार बार की ओलंपियन दीपिका के अनुसार लॉस एंजिलिस ओलंपिक में उनके लिए पदक जीतने का अंतिम अवसर होगा। ऐसे में वह अपनी ओर से कोई कमी नहीं रखेंगी। इसी वह इस बार नहीं तो अभी नहीं की मानसिकता के साथ उतरेंगी। दीपिका ने कहा कि अभी निकट भविष्य में उनका संन्यास का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है अब तक की सभी प्रतियोगिताओं से मुझे अच्छा अनुभव मिला है। दीपिका ने बताया कि उनकी वर्तमान ट्रेनिंग में मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं को बेहतर करने पर काम हो रहा है। इस तीरंदाज ने कहा, 'मैं अपने खेल के मानसिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर काम कर रही हूं और यह प्रीमियर लीग मुझे और बेहतर बनाने में मदद कर रही है। दर्शकों के सामने खेलने से दबाव तो आता है, लेकिन यही दबाव खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में मदद करता है। उन्होंने कहा, 'मैं हर तकनीक में महारत हासिल करने की कोशिश कर रही हूं, जिससे दबाव में भी अच्छा प्रदर्शन किया जा सके।

# सोना 182 रुपए गिरा, चांदी में 1,362 रुपए की बढ़त

## सोना 1,29,800 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 1,79,268 रुपए



नई दिल्ली

घरेलू बाजारों में शुक्रवार को कीमती धातुओं के वायदा कारोबार की शुरुआत मिश्रित रुख के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर जहां सोने के वायदा भाव में कमजोरी देखने को मिली, वहीं चांदी की शुरुआत तेज रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी यही रुझान देखने को मिला- सोना दबाव में और चांदी मजबूती के साथ कारोबार कर रही है। सोने का वायदा भाव लगभग 1,29,800 रुपये प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 182 रुपये की गिरावट के साथ 1,29,897 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,30,078 रुपये था। सोना दिन के दौरान 1,29,897 रुपये का उच्च स्तर और 1,29,809 रुपये का निचला स्तर छू चुका था। इस वर्ष सोना अब तक 1,31,699 रुपये का उच्चतम स्तर बना चुका है। दूसरी ओर, चांदी के वायदा भाव में मजबूत तेजी देखने को मिली। एमसीएक्स पर चांदी का मार्च कॉन्ट्रेक्ट 1,362 रुपये की बढ़त के साथ 1,79,500 रुपये पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,78,138 रुपये था। इस समय यह 1,79,292 रुपये पर कारोबार कर रहा था। चांदी ने दिन का 1,79,549 रुपये का उच्च और 1,79,268 रुपये का निचला स्तर दर्ज किया। इस साल चांदी का सर्वोच्च स्तर 1,84,743 रुपये प्रति किलोग्राम रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी शुक्रवार को चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिली, जबकि सोना दबाव में रहा। कॉमेक्स पर सोना 4,239.50 डॉलर प्रति औंस पर खुलने के बाद 4,227.80 डॉलर पर कारोबार कर रहा था। चांदी 57.56 डॉलर प्रति औंस पर खुली और मामूली तेजी के साथ 57.65 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वर्ष 2024 में सोना 4,398 डॉलर, जबकि चांदी 59.61 डॉलर प्रति औंस का उच्च स्तर बना चुकी है।

# रॉयल एनफील्ड ने की जीएसटी 40 से घटाकर 18 प्रतिशत करने की मांग



**नई दिल्ली।** बाइक निर्माता कंपनी रॉयल एनफील्ड का कहना है कि वर्तमान टैक्स संरचना मिड-साइज मोटरसाइकिल सेगमेंट पर भारी असर डाल रही है। वर्तमान में 350सीसी तक की मोटरसाइकिलों पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है, जबकि 350सीसी से ऊपर की बाइक्स पर 40 प्रतिशत टैक्स लगाया जाता है। इस विभाजित टैक्स व्यवस्था के कारण भारी इंजन वाली बाइक्स काफी महंगी हो जाती हैं और ग्राहकों के लिए खरीदना मुश्किल हो जाता है। रॉयल एनफील्ड का मानना है कि 350सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर भारी टैक्स लगाने से बाजार सिकुड़ सकता है। कंपनी का तर्क है कि यूनिफॉर्म टैक्स रेट लागू होने से इस श्रेणी की लोकप्रिय बाइक्स, जैसे 450सीसी और 650सीसी मॉडल्स की कीमत कम होगी और उनकी बिक्री में तेजी आएगी। कंपनी का कहना है कि जीएसटी में कटौती से मांग बढ़ेगी, उत्पादन बढ़ेगा और भारत दुनिया का सबसे उभरता हुआ मिड-साइज मोटरसाइकिल हब बन सकता है। रॉयल एनफील्ड का यह भी कहना है कि वर्तमान उच्च टैक्स दर के कारण भारतीय बाजार में निवेश घटने का खतरा है और इससे अंतरराष्ट्रीय कंपनियां फायदा उठा सकती हैं। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार, अगर 40 प्रतिशत जीएसटी घटाकर 18 प्रतिशत किया जाता है, तो 350 सीसी से ऊपर की बाइक्स की कीमत 20,000 से 60,000 रुपये तक कम हो सकती है, जिससे बिक्री में उल्लेखनीय उछाल संभव है।

# नेफ्रोप्लस का आईपीओ 10 दिसंबर को खुलेगा

**अहमदाबाद।** नेफ्रोप्लस का प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) दस दिसंबर को खुलेगा।कंपनी की ओर से शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा गया है कि एशिया की सबसे बड़ी और विश्व स्तर पर पांचवीं सबसे बड़ी डायलिसिस सेवा प्रदाता (वित्तीय वर्ष 2025 में किए गए उपचारों की संख्या के संदर्भ में) कंपनी है।इसका आईपीओ बुधवार, 10 दिसंबर को खुलेगा और शुक्रवार, 12 दिसंबर को बंद होगा।प्राइस बैंड 438 से 460 रुपये प्रति इक्विटी शेयर तक तय किया गया है।पात्र कर्मचारियों को 41 रुपये प्रति इक्विटी शेयर की छूट दी जा रही है।यह आईपीओ इक्विटी शेयरों के नए इश्यू का एक संयोजन है, जो 353.4 करोड़ रुपये तक का है, और साथ ही विक्रेता शेयरधारकों द्वारा 1,12,53,102 इक्विटी शेयरों तक की बिक्री का प्रस्ताव भी है।नए इश्यू से प्राप्त शुद्ध आय में से 129.1 करोड़ रुपये का इस्तेमाल भारत में नए डायलिसिस क्लिनिक खोलने के लिए पूंजीगत व्यय के लिए और 136 करोड़ रुपये का उपयोग कुछ ऋणों के पूर्व-भुगतान या निर्धारित पुनर्भुगतान के लिए करने का प्रस्ताव करती है।उन्होंने बताया कि नेफ्रोप्लस, जिसका उज़्बेकिस्तान के ताशकंद में 165 बेड वाला डायलिसिस क्लिनिक विश्व स्तर पर सबसे बड़ा डायलिसिस क्लिनिक है।वर्ष 2009 में निगमित नेफ्रोप्लस, भारत में सबसे बड़ा संगठित डायलिसिस सेवा नेटवर्क है, जिसका अखिल भारतीय नेटवर्क 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के 288 शहरों में फैला हुआ है।इसका वैश्विक नेटवर्क 519 क्लीनिकों का है, जिसमें फिलीपींस, उज़्बेकिस्तान और नेपाल के 51 क्लीनिक शामिल हैं।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

## सेंसेक्स 447, निफ्टी 152 अंक उछला



मुंबई।

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बीच ही रिजर्व बैंक के ब्याज दरों में कटौती से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 447.05 अंक बढ़कर 85,712.37 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 152.70 अंक ऊपर आकर 26,186.45 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी सरकारी बैंकिंग शेयरों शेयरों में आये उछाल से भी आयी है। निफ्टी पीएसयू बैंक 1.51 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके साथ निफ्टी आईटी 0.90फीसदी , निफ्टी ऑटो 0.74 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस 0.98 फीसदी, निफ्टी मेटल 0.67 फीसदी और निफ्टी रियल्टी 0.34 फीसदीकी तेजी के साथ बंद हुआ जबकि निफ्टी मीडिया 0.48 फीसदी और निफ्टी इंडिया डिफेंस 0.70 फीसदी की कमजोरी के साथ बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में एसबीआई, बजाज फिनसर्व, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक, एलएंडटी, एमएंडएम, इन्फोसिस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, आईसीआईसीआई बैंक और टाइटन के शेयर सबसे अधिक लाभ में रहे थे। वहीं बीईएल, सनफार्मा, ट्रेंट, ) और एचयूएल के शेयर गिरे।

आरबीआई की मौद्रिक नीति कमेटी (एमपीसी) की ओर से ब्याज दरों में कटौती से रेपो रेट 0.25 फीसदी कम होकर 5.25 फीसदी हो गई है। इससे बाजार पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।

लार्जकैप की तरफ मिडकैप शेयरों में भी आज तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 294.80 अंक बढ़कर 60,594.60 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 100.10 अंक ऊपर आकर 17,507.75 पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह भारतीय बाजार हल्की गिरावट के साथ खुले। आज सुबह सेंसेक्स 85,125.48 पर शुरुआत की, जो पिछले बंद 85,265.32 के मुकाबले नीचे था। वहीं निफ्टी ने 25,999.80 पर शुरुआत की और हल्की गिरावट के बाद 26,023.85 का ऊपरी स्तर तथा 25,985.35 का निचला स्तर छूकर फिर 26,000 के आसपास स्थिर दिखाई दिया है। एशियाई बाजार- एशिया-प्रशांत क्षेत्र के बाजार में गिरावट रहीहे। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी, एएसएक्स 200 में 0.17 फीसदी की गिरावट आई, जबकि जापान का निक्केई 225 1.36 फीसदी टूट गया। दक्षिण कोरिया का कोस्पी भी नीचे ही रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निवेशक अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों और दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों की नीतियों को लेकर सतर्क बने हुए हैं। अमेरिकी बाजार- अमेरिकी बाजार में गुरुवार को मिश्रित कारोबार हुआ। एसएंडपी 500 में 0.11 फीसदी की हल्की बढ़त दर्ज हुई, नेस्डेक कम्पोजिट 0.22 फीसदी चढ़ा, जबकि डाओ जोंस इंडस्ट्रीयल एवरेज 0.07 फीसदी नीचे आया।

# समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की थीम पर कृषि वर्ष के रूप में मनाया जाएगा वर्ष 2026

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने संबंधी ली बैठक

भोपाल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषि का क्षेत्र गरीब वर्ग और किसानों को लाभ पहुंचाने वाला मुख्य क्षेत्र है। कृषि से संबद्ध गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को रोजगार और स्वावलंबन के भी कई अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इसी उद्देश्य से प्रदेश में वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में कृषि के क्षेत्र में नवाचार की पर्याप्त संभावना है। प्रदेश की विविधता से परिपूर्ण भौगोलिक स्थिति को देखते हुए खेती से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयासों को गति दी जाए। धान की खेती को प्राथमिकता देने के साथ गेहूं, चना, दलहन, तिलहन, हॉर्टीकल्चर आदि के क्षेत्र में भी अन्य राज्यों के साथ ही अन्य देशों में हो रहे नवाचारों से अवगत कराने के लिए कृषकों को विविध देशों का भ्रमण कराया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश शुक्रवार को वर्ष 2026 के कृषि वर्ष मनाने के संबंध में विधानसभा के समिति के कक्ष में आयोजित बैठक में दिए। बैठक में किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना, पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव, मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



### विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2026 को समृद्ध किसान-समृद्ध प्रदेश की टैगलाइन के साथ कृषि वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों के विकास और रोजगार सृजन पर विशेष फोकस रहेगा। किसानों की आय दोगुनी करने से आगे बढ़कर कृषि को लाभकारी, टिकाऊ और तकनीक प्रेरित, रोजगार सृजन मॉडल में परिवर्तित करना कृषि वर्ष का मूल उद्देश्य है। अतः आत्मनिर्भर किसान, उन्नत कृषि और कृषकों के हित में बाजार से संबंधों के आधार पर ग्रामीण अर्थव्यवस्था के माध्यम से समृद्ध प्रदेश के निर्माण के विजन से गतिविधियां संचालित की जाएं। कृषि उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य एवं वानिकी सहित सभी संबद्ध क्षेत्रों को एकीकृत करते हुए जिला आधारित क्लस्टर विकास के लिए गतिविधियां संचालित की जाएं। उच्च उत्पादकता, प्राकृतिक खेती, डिजिटल सेवाओं, प्रसंस्करण एवं निर्यात उन्मुख कृषि के माध्यम से किसान की शुद्ध आय में वृद्धि के लिए प्रयास हों और ग्रामीण युवाओं के लिए नई पीढ़ी के कृषि आधारित रोजगार जैसे ड्रोन सर्विस, एफपीओ प्रबंधन, खाद्य प्रसंस्करण, हाइड्रोपोनिक्स आदि के अवसरों का सृजन किया जाए। किसानों की शुद्ध आय में तेजी और स्थायी वृद्धि करने, कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में रोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध करने, किसानों के लिए उनके उत्पादों की बाजार में पहुंच सुनिश्चित करने और उनकी खाद्य प्रसंस्करण क्षमता बढ़ाने के उद्देश्य से गतिविधियां संचालित की जाएं।

### कृषि वर्ष का मासिक कैलेंडर तैयार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई बैठक में कृषि वर्ष का मासिक कैलेंडर तैयार किया गया, जिसमें किसानों को साथ लेकर राज्य से जिला स्तर तक महोत्सव, मेले आदि की रूपरेखा बनी। गैर सरकारी और उन्नत किसानों को भी इन प्रयासों से जोड़ा जाएगा। बैठक में बताया गया कि कृषि वर्ष 2026 में प्राकृतिक खेती को हर गांव तक पहुंचाने, आर्गेनिक तथा अन्य कृषि उत्पादों को बेहतर बाजार मूल्य उपलब्ध कराने, कृषि और कृषि मंडियों के आधुनिकीकरण, बेहतर मृदा संरक्षण, उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण पशुपालन और डेयरी तथा मछली पालन में नवाचार पर विशेष फोकस रहेगा। वर्ष 2026 में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में की जाने वाली गतिविधियों और वातावरण निर्माण और किसानों की जागरूकता के लिए चलाए जाने वाले अभियानों की माहवार जानकारी दी गई।

### आयोजित होंगे राज्य स्तरीय कार्यक्रम

कृषि वर्ष में होने वाली गतिविधियों के अंतर्गत राज्य स्तरीय एग्रो विजन कार्यक्रम और प्रत्येक जिला और विकासखंड स्तर पर मृदा स्वास्थ्य परीक्षण, आधुनिक कृषि तकनीक, प्राकृतिक खेती और उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी के लिए भी जिला मुख्यालय पर गतिविधियां होंगी। साथ ही मोटे अनाज, गोपालन और दुग्ध उत्पादन, मखाना, मशरूम, मधुमक्खी पालन, धान, आम, सोयाबीन, कृषि उपज निर्यात, कपास, मिर्च, मत्स्य पालन, कृषक उत्पादक संगठनों, फसल अवशेष (पराली) प्रबंधन, उद्यानिकी फसलों आदि पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# राजधानी में राष्ट्रीय बालरंग की हुई रंगारंग शुरूआत

## बालरंग में विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों की हो रही है प्रस्तुति

**भोपाल।** भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर श्यामला हिल्स में शुक्रवार को राष्ट्रीय बालरंग की रंगारंग शुरूआत हुई। इसमें 19 राज्यों के बच्चों ने सहभागिता की। राष्ट्रीय बालरंग की शुरूआत में केन्द्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के बच्चों ने विकसित भारत 2047 की थीम पर लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। नृत्य में आंतकवाद के खिलाफ राष्ट्रीय एकता को दर्शाया गया। नृत्य में बच्चों ने कृषि, विज्ञान, उद्योग के साथ अन्य क्षेत्रों में हो रही प्रगति को आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया। सामूहिक लोक नृत्य प्रस्तुति में लोक धुनों का बेहतर तरीके से उपयोग किया गया था। बालरंग में दूसरी प्रस्तुति आंध्रप्रदेश के स्कूली बच्चों ने लोक नृत्य की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति में फसल कटाई के समय किसानों में उल्लास के क्षणों को संगीतमय प्रस्तुति के साथ प्रस्तुत किया गया।

### राष्ट्रीय एकता को मजबूत करता है बालरंग

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय के निदेशक श्री अमिताभ पाण्डेय ने बालरंग का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बालरंग समारोह के आयोजन में देशभर के बच्चों ने भोपाल की सांस्कृतिक केन्द्र के रूप में विशिष्ट पहचान बनाई है। यह कार्यक्रम बच्चों में विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति को समझने का मौका देता है और इससे बच्चों में राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत होती है। बालरंग में 19 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के करीब 375 बच्चे अपने राज्य के लोकरंगों की प्रस्तुतियाँ दे रहे है। इस समारोह में राजधानी भोपाल के करीब 2 हजार बच्चों ने विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत को देखा। समारोह में स्कूल शिक्षा विभाग और मानव संग्रहालय के विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

### राष्ट्रीय एकता पर केन्द्रित है बालरंग

भारत विभिन्न संस्कृतियों का देश है। राष्ट्रीय बालरंग समारोह में विभिन्न प्रांतों के स्कूल के छात्र-छात्राएँ शामिल होकर अपने कला-कौशल के उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपने प्रदेश की वैभवशाली लोक संस्कृति को प्रस्तुत करते हैं। विभिन्न प्रांतों के बच्चों के बीच संस्कृति का आदान-प्रदान होने से राष्ट्रीय एकता और सद्भाव की भावना मजबूत होती है।

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मध्यप्रदेश को दी बधाई

## मतदाता सूची पुनरीक्षण में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**भोपाल।** भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक के माध्यम से देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में हो रही उत्कृष्ट प्रगति की सराहना करते हुए प्रदेश को बधाई दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश के सभी नागरिकों , शासकीय कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे प्रदेश में कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों व निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री झा ने बताया कि मध्यप्रदेश के 28 जिलों में 100 प्रतिशत, 22 जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक तथा शेष 5 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 26 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो कुल कार्य का 99 प्रतिशत से अधिक है। यह उपलब्धि मतदाता सूची को पारदर्शी, सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण कदम को दर्शाती है।

### गहन पुनरीक्षण हेतु 8 दिसंबर को सभी नगरीय क्षेत्रों में वार्ड सभाएं आयोजित होंगी

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश, भोपाल द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुसार अर्हता 1 जनवरी के आधार पर निर्वाचक नामावली के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया जारी है। इस सबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के सुचारू एवं संचालन हेतु विधानसभा क्षेत्र 54 पथरिया, 55 दमोह, 56 जवेरा एवं 57 हटा के अंतर्गत आने वाले सभी नगरीय क्षेत्रों में 8 दिसंबर को वार्ड वार वार्ड सभाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा संबंधित नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के सभी वार्डों में वार्ड सभाओं का आयोजन सुनिश्चित किया जाये।

# मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को बड़ी सफलता

## श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना में हाइडेलबर्ग इंडिया लगाएगी सीमेंट प्लांट

भोपालम।

ध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप उत्सर्जित फ्लाई एश (पावर हाउस से निकलने वाली राख) के 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा में विश्व की अग्रणी सीमेंट कंपनी हाइडेलबर्ग के साथ गत दिवस भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध हस्ताक्षरित किया। अनुबंध 25 वर्ष की अवधि के लिए भूमि उपयोग अनुमति के लिए किया गया है। अनुबंध के अंतर्गत हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना परिसर में एक सीमेंट क्लिंकर ग्राइडिंग यूनिट की स्थापना करेगी। इस यूनिट की लागत 325 करोड़ रूपए है। यह यूनिट श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना से निकलने वाली फ्लाई एश का उपयोग करके सीमेंट बनाने का काम करेगी। इस यूनिट के स्थापित होने पर क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और मध्यप्रदेश के अधोसंरचना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा।



मध्यप्रदेश पावर जनेरटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टरद्वय श्री सुबोध निगम व श्री मिलिन्द भान्दक्कर, मुख्य अभियंता संचारण-संधारण-उत्पादन अभिषेक जैन के मागदर्शन में यह अनुबंध श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ। अनुबंध पर पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके कोरी और हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड की ओर से सुमित बिसारिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मध्यप्रदेश पावर जनेरटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता एससी गुप्ता अनुराग जडिया, विशाल कुमार दहाटे, यूएस तमोली, मोहित शर्मा एवं हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड के सुनील कुमार, बलबीर सिंह रावत व पंकज उपरेती उपस्थित रहे।

# आयुष्मान कार्ड वाले मरीजों को प्राथमिकता के आधार पर मिलेगा स्वास्थ्य लाभ : कलेक्टर

## दमोह जिले की पहली मरीज सपना लोधी को पीएम श्री एयर एम्बूलेंस सेवा का मिला लाभ

**दमोह।** तहसील हटा के ग्राम लुहर्रा निवासी गर्भवती महिला मरीज 24 वर्षीय सपना लोधी पति नीलेश लोधी को जब डिलीवरी के बाद जो थोड़े कॉम्प्लिकेशंस आए थे उससे मरीज की स्थिति गंभीर थी, ऐसी स्थिति में निर्णय लिया गया कि मरीज को राज्य सरकार की पीएम श्री एयर एम्बुलेंस योजना अंतर्गत लाभ दिलाते हुए तत्काल यहां से भोपाल शिफ्ट किया जाना चाहिए। इसी उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर आज होमगार्ड ग्राउण्ड से एयर एम्बुलेंस के माध्यम से सपना लोधी को एम्स भोपाल भेजा गया। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन पूरी टीम में प्रभारी डॉ. विक्रांत चौहान ने पूरे मिशन को लीड किया और साथ में सिविल सर्जन तथा



मेडिकल टीम ने इनका पूरा सहयोग किया। इसके लिए चॉपर एजेंसी जो चॉपर रन करती हैं उनके साथ संपर्क करके प्लान किया गया। उन्होंने बताया यहां से मरीज सपना लोधी को एयर एम्बुलेंस से रवाना कर दिया गया और वहां पर भोपाल उतरने के बाद वहां से फिर एम्बुलेंस तकाल इनको अस्पताल ले जाया गया और वहां पर इनका इलाज प्रारंभ हो गया।

कलेक्टर ने कहा दमोह के लिए यह महत्वपूर्ण इसलिए क्योंकि दमोह जिले के पहले मरीज को इस योजना के अंतर्गत भेजा गया। उन्होंने कहा हम आशा करते हैं कि भविष्य में भी यदि कोई ऐसे गंभीर पेशेंट आते हैं तो इनको हम तत्काल इस सेवा का लाभ दिलाते हुए भेजेंगे। उन्होंने जिलेवासियों से आग्रह करते हुए कहा राज्य सरकार ने पीएम श्री एयर एम्बूलेंस सेवा के रूप में एक बहुत ही अच्छी योजना तैयार की है जिसके माध्यम से बहुत गंभीर स्थिति में पेशेंट को सड़क मार्ग से ले आने में समय लग सकता है और उससे पेशेंट की जान भी जा सकती लेकिन हवाई मार्ग से तत्काल पहुंचा करके और मरीज को राहत दिलाई जा सकती है उनको बचाया जा सकता है। अधिक से अधिक लोग इस योजना का लाभ लें और यदि इस योजना का लाभ लेना है पेशेंट की हालत बहुत गंभीर है तो दमोह हेल्पलाइन 07812-350300 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा डॉ. विक्रांत सिंह चौहान नोडल अधिकारी हैं। पूरे केस का परीक्षण करके और फिर कलेक्टर को अवगत करायेंगे और कोशिश करेंगे की अधिक से अधिक लोगों को इस योजना का लाभ दिलाया जा सके।

### दमोह से भेजा गया भोपाल एम्स

कलेक्टर ने कहा ऐसे मरीज जो बहुत गंभीर स्थिति में होते हैं चिकित्सा की दृष्टि से और खासतौर से ऐसे जिनके पास आयुष्मान कार्ड भी होता है, सबसे पहले प्राथमिकता के आधार पर उनको लिया जाता है और इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ है जैसे आज ये पेशेंट है, इससे लुहर्रा गांव को फायदा हुआ हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा मरीज सपना लोधी को गंभीर स्थिति में तत्काल एयरलिफ्ट के माध्यम से दमोह से भोपाल एम्स भेजा गया। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने कहा एयरलिफ्ट की सुविधा के लिए मूल आवश्यकता यह है कि रोगी के पास आयुष्मान कार्ड होना चाहिए। कल दोपहर लगभग 2:30 बजे लगा कि रोगी की स्थिति में सुधार दिख रहा है और हम उन्हें ले जा सकते हैं, कल शाम को ही एयरलिफ्ट कराने की कोशिश की। हालांकि सूर्यास्त के बाद यह प्रक्रिया नहीं हो सकती है। इस बीच हमें पता चला कि संबंधित व्यक्ति के पास आयुष्मान कार्ड भी नहीं है। राज्य की तरफ से भी यह कहा गया कि यदि कलेक्टर अनुमति देते हैं तो यह हो सकता है। इसके बाद तुरंत कलेक्टर की अनुमति प्राप्त की जिसके बाद एयरलिफ्ट की प्रक्रिया शुरू हुई।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली निविदा, इंजीनियरिंग विभाग**

निम्नलिखित कार्य के ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी. 186-2025 दिनांक 27.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर जबलपुर उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) जबलपुर के सेक्शन में वर्ष 2025-2026 के लिए रेल्वे भवनों/स्टेशनों एवं रेल्वे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपूर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 75,00,000/-, **बयाना राशि रूपयेः** 1,50,000/-, **समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी. 187-2025 दिनांक 28.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर दमोह उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) दमोह के सेक्शन में वर्ष 2025-2026 के लिए रेल्वे भवनों/स्टशनों एवं रेल्वे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपुर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका। , **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 5599822/-, **बयाना राशि रूपयेः** 112000/-, **समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी. 188-2025 दिनांक 28.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** सहायक मंडल इंजीनियर सागर उप मंडल में वरिष्ठ खंड अभियंता (कार्य/लाइन) सागर के सेक्शन में वर्ष 2025-2026 के लिए रेल्वे भवनों/स्टशनों एवं रेल्वे क्वार्टरों आदि के अनुरक्षण एवं भवन सामग्री की आपुर्ति हेतु क्षेत्रीय ठेका।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 5598869/-, **बयाना राशि रूपयेः** 112000/-, **समापन अवधिः** 06 माह, **निविदा सूचना क्रमांकः** डी.आर.एम.डब्ल्यू-जे.बी.पी. 189-2025 दिनांक 28.11.2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहितः** वरिष्ठ मंडल अभियांत (दक्षिण) जबलपुर के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत भेड़ाघाट यार्ड में 2 लोडिंग लाईन और शंटिंग नेक का प्रावधान।, **कार्य का अनुमानित मूल्य रूपयेः** 45302362/-, **बयाना राशि रूपयेः** 376500/-, **समापन अवधिः** 12 माह, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा भरने कि अंतिम तिथि एवं समय 15.00 बजेः** 23.12.2025, **उपरोक्त सभी निविदाओं की निविदा खुलने कि तिथि एवं सयम 15.15 बजेः** 23.12.2025। उपरोक्त ई-निविदा के संपूर्ण जानकारी वेबसाइट "https://ireps.gov.in" उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर रखी गई है। ई-निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

हस्ता.

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# फोर लाइन सड़क निर्माण में चौराहों पर लग रहे जाम

हटा।

एमपीआरडीसी द्वारा दमोह सिमरिया 77 किलोमीटर मार्ग का निर्माण ढाई सौ लाख रुपया से ज्यादा की लागत से कराया जा रहा है। दिल्ली की इस्कोन इंफ्रास्ट्रक्टर द्वारा हटा नगरीय क्षेत्र की फोर लाइन का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है लेकिन ठेकेदार द्वारा एक साथ एक ओर की पूरी सड़क खोद दी गई जिससे मार्ग के सभी तिराहे चौराहों पर विकट जाम की स्थिति निर्मित हो रही है। नगर के खचना नाका और चण्डी जी चौराहे पर सर्वाधिक परेशानी खड़ी हो रही है। इन चौराहों पर ट्रैफिक पर कंट्रोल भी नहीं है। साथ ही दुकानदारों द्वारा समान और वाहन मुख्य मार्ग पर खड़े करने से परेशानी को चौगुना किया जा रहा है जिस तरफ से वाहनों का आवागमन हो रहा है उस तरफ के दुकानदारों द्वारा पार्किंग की व्यवस्था नहीं करने से मार्ग पर वाहन पार्किंग



हो रहे जिससे अप-डाउन साइड के बाहनो की क्रॉसिंग में परेशानी हो रही है।

वाहनों के जाम की स्थिति में लोग परेशान हो रहे है लेकिन उनकी परेशानी का कोई निराकरण नहीं कर रहा। चण्डी जी चौराहे पर गुरुवार और शुक्रवार को एक घण्टे में चार-चार बार जाम लगा जिसका कारण रोड की खुदाई कर रही पोलकिन मशीन थी जिसके लिए विधायक कार्यालय से फोन के बाद लोगों को राहत मिली। इस समस्या पर टीआई सुधीर बेगी का कहना है कि अवकाश पर हूं कल लौटकर देखता हूं।

# चैक बाउंस के आरोपी की अपील खारिज की

**दमोह।** सत्र न्यायाधीश अनुराग सिंह कुशवाहा द्वारा प्रस्तुत अपील को विचारण न्यायालय के निर्णय मानते हुए निरस्त कर दी है। परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता मनीष चौबे ने की। अधिवक्ता मनीष चौबे के अनुसार मूरत सींग पिता मोतीसींग लोधी उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम सिमरी राजाराम थाना दमोह देहात जिला दमोह आरोपी लोकेन्द्र सिंह पिता महेन्द्र सिंह राजपूत उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पुरा पायरा थाना दमोह देहात जिला दमोह परिवादी एवं अनावेदक के मध्य काफी लम्बे समय से अच्छें पारिवारिक संबंध मुधर थे, इन्ही मधुर संबंधों के चलते व्यक्तिगत आवश्यकताओं को बताकर माह अप्रैल 2019 में 200000 रूपये अंकन दो लाख रूपये दिये आरोपी ने उधारी चुकाने के लिए चैक दिया था। आरोपी के खाते में राशि न होने से चेक बाउंस हो गया था जिस पर परिवादी के मामले को न्यायालय ने सिद्ध पाते हुये आरोपी को 6 माह के कारावास एवं 308000 रूपये प्रतिकर के रूप मं अदा नहीं करने की दशा में 3 माह का कारावास प्रथक से भुगताये जाने का दण्डादेश पारित किया है।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 05/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जितेन्द्र कुमार पिता श्री ठाकुर दीन मौर्य ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 719 चैतन्य सिटी फेस-2 पार्ट-1 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1004625711 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1500 व.फु. पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री संतोष कुमार सोनी पिता स्व. श्री बैनाथ सोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 05/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रीना नागवंशी पिता श्री विक्रांत नागवंशी ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक प्लाट नं. 353 चैतन्य सिटी फेस-2 पार्ट-1 के पिन क्रमांक 9000085324 पद दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 1508 व.फु. जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री कमलेश यादव पिता श्री जुगराज यादव का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 05/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संतू बर्मन पिता श्री रामकुमार बर्मन ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी अवंती बाई के भवन क्रमांक दुर्गा नगर भटौली सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380231 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकबा 420 व.फु. कच्चा जिस पर निर्मित निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती लक्ष्मी बर्मन पति श्री संतू बर्मन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रमांक-11**
**नगर निगम जबलपुर**

पत्र क्र./सं.क्र.11/2025-26
दिनांक 05/12/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सागर समुद्रे पिता श्री लक्ष्मण प्रासद समुद्रे ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बनर्जी के भवन क्रमांक 571/7 ब्लाक B 402 आवरी टावर सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000400609 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल जिस पर निर्मित भूतल 607 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री बाबू टी.के. थामस पिता मथाई थामस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-11
नगर निगम, जबलपुर

# जबलपुर से निरस्त हुई इंडिगो की 5 फ्लाइट्स, यात्रियों में भारी आक्रोश

## मात्र एक फ्लाइट का हुआ संचालन

## डुमना एयरपोर्ट पर भटकते रहे यात्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)







देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो पिछले 4 दिनों से क्रू मेंबर्स की कमी से जूझ रही है। जिसके कारण सैकडों की संख्या में रोजाना फ्लाइट्स कैंसिल हो रही है । इस कड़ी में जबलपुर से भी शुक्रवार को इंडियो की 5 फ्लाइट को निरस्त कर दिया गया । मात्र एक फ्लाइट हैदराबाद से उड़कर जबलपुर आई जो फिर यहां से इंदौर के लिए गई। बताया जा रहा है कि फ्लाइट्स के इन अचानक कैंसिल हो जाने के कारण यात्रियों को एन मौके पर भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ये है पूरा मामला

इंडिगो की उड़ानें रद्द होने पर एक्सपर्टस ने बताया कि हवाई यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए, पायलट अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अनुरूप अधिक आराम के घंटों की मांग कर रहे थे। इसलिए, अदालत के आदेश के बाद डीजीसीए ने नए नियम जारी किए। सभी एयरलाइनों को एक साल से भी पहले अधिक पायलटों और कर्मचारियों की भर्ती करने और नए नियमों के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया था। इधर अकासा, स्पाइसजेट, एअर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस जैसी सभी एयरलाइनों ने इसका पालन किया। हालांकि, इंडिगो ने न केवल नियमों की अवहेलना की, बल्कि अपने अंतर्राष्ट्रीय रूट नेटवर्क का विस्तार किया और चालक दल और पायलटों की संख्या बढ़ाए बिना घरेलू उड़ानों में बढ़ोतरी की। परिणामस्वरूप जब सरकार नीति की समय सीमा लागू करना चाहती थी तो इंडिगो ने अपनी कुछ उड़ानों को कम करने के बजाय, अपनी अधिकांश उड़ानों को रोक दिया। जिससे पूरी तरह अराजकता फैल गई।

### चंद फ्लाइट्स वो भी हो रही कैंसिल

एक तरफ डुमना एयरपोर्ट के करोड़ों रूपयों से हुए विस्तारिकरण के बाद भी चंद फ्लाइट्स की सुविधा थी। अब ऐसे में क्रू मेंबर्स की कमी होने के चलते बची कुची फ्लाइट्स को भी यू अचानक निरस्त कर दिया जा रहा है । ऐसे में जबलपुर से जाने वाले और यहां पर पहुंचने वाले यात्रियों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है । इधर जिन उड़ानों का संचालन हो रहा है, वह पूरी तरह से पैक हैं। आखिरी की खाली सीटें सामान्य की अपेक्षा 4 से 5 गुना तक कीमत पर बेची जा रही हैं। ऐसे में यात्रियों के लिए सफर कर पाना मुश्किल हो गया है।

# बिना टिकिट के यात्रा करने वालो से वसूला जुर्माना

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जबलपुर रेल मंडल द्वारा यात्री गाड़ियों में संचालित सघन टिकट जांच अभियान के उत्कृष्ट परिणाम सामने आए हैं। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के 08 महीनों (1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर) के दौरान वाणिज्य विभाग की टीम ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करते हुए कुल 5 लाख 77 हजार से अधिक अनियमित/बिना टिकट यात्रियों को पकड़ा, जिनसे कुल 42.14 करोड़ रुपये का राजस्व रेलवे को प्राप्त हुआ। मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा के प्रभावी मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ. मधुर वर्मा के नेतृत्व में टिकट चेकिंग स्टाफ एवं वाणिज्य विभाग की टीम द्वारा मंडल के विभिन्न स्टेशनों एवं यात्री गाड़ियों में निरंतर और लक्षित जांच अभियान चलाए गए। इन अभियानों में यात्री सुरक्षा, राजस्व संरक्षण तथा अनियमित यात्रा पर प्रभावी नियंत्रण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई।

# मंदिर में हो रहे बाल विवाह को रोकने पहुँची महिला बाल विकास की टीम

## पाटन के पवई गांव का मामला

## परिजनों को दी सख्त हिदायत

जबलपुर (स्वतंत्र मत)



पवई गांव में स्थित शुक्रवार को एक मंदिर में बाल विवाह होने की सूचना पर महिला बाल विकास की टीम ने पाटन थाने की पुलिस के साथ पहुंचकर बाल विवाह को रुकवाया। जांच के दौरान पता चला कि 16 साल की किशोरी का 19 साल के युवक के साथ शादी हो रही थी। इस दौरान उनके परिवार वाले भी मौजूद रहे। टीम ने परिजनों को समझाइश देते हुए अपने-अपने घर रवाना कर दिया।

***मंदिर परिसर में लगा था टैंट और मंडप***- जानकारी के मुताबिक कटंगी में रहने वाली किशोरी का मेढ़ी गांव के युवक से विवाह हो रहा था। मंदिर में दोनों पक्ष के लोग मौजूद थे। मंदिर में ही टैंट और मंडप लगाया गया था। शादी के लिए बैंड बज रहा था। उसी दौरान महिला बाल विकास विभाग के साथ पाटन थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और विवाह को रुकवा दिया। दोनों परिवार वालों को सख्त हिदायत दी गई है कि बाल विवाह करवाना गंभीर अपराध है, जिसके बाद दोनों परिवार वाले युवक और किशोरी को लेकर रवाना हो गए। महिला बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी प्रतिभा पटेल ने बताया कि शुक्रवार दोपहर को गांव से सूचना मिली कि कुछ लोग मंदिर में आकर विवाह की तैयारी कर रहे है। किशोरी नाबालिग है। जानकारी लगते ही टीम मौके पर पहुंची और जब किशोरी का आधार कार्ड देखा तो वह 16 साल की निकली। विवाह को रुकवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि शादी को रुकवा दिया गया है। परिजनों को यह कहते हुए घर भिजवा दिया है कि अगर भविष्य में कभी भी नाबालिग की शादी करवाते हो तो कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# संदिग्ध परिस्थियों में अधेड़ की मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाने में विक्टोरिया अस्पताल से सूचना मिली कि राजू कोष्टा उम्र 52 वर्ष निवासी बस्ती नम्बर भरत नगर गोहलपुर का स्वास्थ्य खराब हो जाने के कारण भाई हेमंत कुमार द्वारा भर्ती कराया गया था। जहां पर उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गयी । पुलिस ने मामले को जांच में लिया है।

# अतिक्रमण हटाने नगर निगम की चौतरफा कार्यवाही जारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों का पालन करते हुए शुक्रवार को शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगम की अतिक्रमण टीम ने शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों और निर्माणाधीन मार्गों पर फैले अस्थाई कब्जों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की। अभियान की शुरुआत खिन्नी बस्ती से हुई, जहाँ सड़क निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे सभी अस्थाई अतिक्रमणों को हटाया गया, जिससे निर्माण कार्य का रास्ता साफ हो गया। इसके बाद, निगम की टीम ने शहर के मुख्य व्यापारिक क्षेत्रों का रुख किया। कार्रवाई के दौरान पनेरा पेट्रोल पंप के सामने से लेकर लॉर्डगंज, बड़ा फुहारा, और कमानिया गेट होते हुए पांडेय चौक तक सड़क किनारे फैले सभी ठेले, खोखे और अस्थाई गुमटियों को जब्त कर हटाया गया। इसके अलावा, शंकर जी भंडार से बलदेव बाग होते हुए बड़ा पत्थर तक के मार्ग को भी अतिक्रमण मुक्त कराया गया।

# करंट लगने से आउटसोर्स कर्मी की मौत

## सिहोरा क्षेत्र का मामला, ट्रांसफार्मर में काम करते समय हुआ हादसा

सिहोरा (स्वतंत्र मत)



शुक्रवार की दोपहर सिहोरा के ग्राम पंचायत तलाड़ में विद्युत ट्रांसफार्मर पर सुधार का काम कर रहे आउटसोर्स कर्मी की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। साथी कर्मचारी ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत तलाड़ के पास मुकेश गर्ग की मिल पर लगे टांसफार्मर में प्यूज उड़ जाने की सूचना पर मिल के निजी टांसफार्मर का प्यूज बनाने के लिए परमिट पर पोड़ा निवासी आशीष पटेल पिता दांदी राम पटेल उम्र 32 वर्ष द्वारा टांसफार्मर में प्यूज लगाने चढ़ा था उसी दौरान यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि बैहर तलाड़ फीडर में लाईन मैन सुशील दुबे पदस्थ है और आशीष इनोविजन कंपनी में आउटसोर्स कर्मचारी है। जो हेल्पर पद पर है। टांसफार्मर और लाईन सुधार का कार्य लाईन मैन की उपस्थिती में लाईन मैन द्वारा किया जाना चाहिए था परंतु लाईन मैन उपस्थित नही था और हेल्पर एक राईस मिल के टांसफार्मर में चढ़कर सुधार कार्य कर रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। आशीष टांसफार्मर से नीचे गिर गया था जिसे तत्काल शासकीय सिविल अस्पताल सिहोरा लाया गया जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत करंट की चपेट में आने से आशीष की मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




Celebrating 55th Year of Establishment

HITKARINI WOMEN'S COLLEGE OF EDUCATION

NAAC Accredited B+ (Affiliated to RDVV Jabalpur) Recognised by NCTE, New Delhi, Approved by Department of Higher Education, M.P.Govt

**Hitkarini Women's College of Education,** established in 1969, is a pioneer college working in the field of women's teacher training. The mission of the college is to deliver quality education to our Pupil Teachers through innovative teaching and practical exposure, enhancing their knowledge and professional skills. Pupil Teachers of our institution nurture every student with the aim of contributing to the development of Indian society.

B.Ed.
Bachelor of Education 2 Years Course

Course Details
TOTAL SEAT- 100
ADMISSION
Online Counseling
MIN. QUALIFICATION
Bachelor - Degree (Any Stream)
MIN. MARKS
General & OBC - 50%
SC/ST - 45%
Minimum Marks for Technical & Engineering Students
General & OBC - 55%
SC/ST - 50%
MEDIUM OF INSTRUCTION
English & Hindi


Dr. (Mrs.) Sulakshana Tripathi
Principal

PRINCIPAL'S MESSAGE

The dedicated staff of the college mentors every pupil teacher to excel in the teaching profession and to ensure their overall harmonious development. I extend my deepest thanks to the Hitkarini Sabha for their continuous support in the development of the college.


Ku. Laxmi Chand Memorial Day
(Annual Day & National Workshop on The Need of Acquisitions of English Language in Present Perspective) 19th Jan. 2025

UNIQUE FEATURES:-
- World-class, eco-friendly infrastructure
- Experienced faculty
- Excellent academic results
- Scholarships for OBC, SC/ST & Minority students
- Job oriented skill training
- Disciplined academic environment
- Career development counselling
- Personality development through interactive programs
- Drama and art workshops
- Active clubs (Social, Cultural, Literary, Eco)

OUR ACHIEVEMENTS:-
- NAAC accredited with B+ Grade
- All faculty qualified as per UGC regulations
- Hosted National & International seminars/workshops
- Active sports, cultural, and health programs
- Regular campus placements (Govt. & Pvt. sector)
- Alumni in reputed educational institutions
- CTET & MP TET selections
- Regular alumni meets


National Science Day 2025
(Empowering Indian Youth for Global Leadership in Science & Innovation for Viksit Bharat) 6th March 2025

FACILITIES:-
- Spacious Well Equipped Laboratories
- Air Conditioned Smart Classrooms
- Girls' hostel facility within the campus
- Excellent Computer lab
- Wi-Fi Campus
- Canteen Facility
- Advanced Library
- Indoor and Outdoor games facilities
- Language Lab

COLLEGE TOPPERS


Smita Dwivedi
2022-24


Abhilasha Vaishya
2020-2022


Anshima Saxena
2021-2023

Scan Enquiry

Hitkarini is Proactively Looking to recruit exceptional TEACHING TALENT Across various fields

Scan to Apply
Click for Apply - https://careers.hitkarini.com/

For Admission Contact - 0761-4129826
9300017294, 8109271808, 9589761544 , 9770213878 , 8818828825
Hitkarini Sabha Campus, Civic Centre, Marhatal, Jabalpur
Ph. No. 0761-2402484, Email: bed@hitkarini.edu.in, Website: http://hpmm.hitkarini.edu.in/

हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, **RNI No. 64561/96.**